Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

RNI N0. UPHIN/2010/36547 | वर्ष-16 | अंक-57 | लखनऊ, सोमवार,15 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-16, मूल्य 6 रुपये | ( नगर संस्करण )

# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## जेपी नड्डा की जगह संभालेंगे भारतीय जनता पार्टी की कमान

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नबीन को इस पद के लिए चुना है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में कहा, भाजपा के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कायस्थ समुदाय से संबंध रखने वाले नबीन के मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी बनने की संभावना है और पार्टी नेताओं के अनुसार, वह इस पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा नेताओं में से एक हैं। नबीन पांच बार के विधायक हैं। वर्तमान में वह बिहार में पथ निर्माण मंत्री और पटना के बांकीपुर से विधायक हैं। वह पहले भी कई बार मंत्री रहे हैं। नड्डा को जनवरी 2020 में भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वह अपना पूरा कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। नड्डा को 2024 के लोकसभा चुनावों तक पार्टी का नेतृत्व करने के लिए कार्यकाल विस्तार दिया गया था। नबीन को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि नबीन युवा हैं और उन्हें शासन तथा जनता एवं संगठन के लिए काम करने का व्यापक अनुभव है। नबीन ने युवा मोर्चा के लिए भी व्यापक रूप से काम किया है और राज्य प्रभारी के रूप में भी उन्हें अनुभव प्राप्त है।

**पांच बार के विधायक और बिहार सरकार में है मंत्री**



### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी और कहा कि उनकी (नबीन की) ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। नबीन (45) को पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नितिन नबीन जी ने एक मेहनती कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वह एक युवा और कर्मठ नेता हैं, जिनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है तथा बिहार में कई बार विधायक व मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री ने कहा, वह (नबीन) अपने विनम्र स्वभाव और व्यावहारिक कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। मुझे विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में हमारी पार्टी को मजबूत करेंगे।

# पंकज चौधरी को यूपी भाजपा की कमान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। उनके निर्वाचन का औपचारिक ऐलान केंद्रीय चुनाव अधिकारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और विधान परिषद सदस्य तारिक मंसूर समेत भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। चौधरी के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये नामांकन दाखिल नहीं किया था। इस तरह शनिवार को ही उनके निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया था। निर्वाचन की घोषणा के बाद निवर्तमान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नवनिर्वाचित प्रान्तीय अध्यक्ष पंकज चौधरी को पार्टी का ध्वज सौंपा।

**विनोद तावड़े और पीयूष गोयल ने की घोषणा**

**सीएम योगी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद**

वहीं, केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल ने चौधरी को उनके निर्वाचन का प्रमाणपत्र दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विश्वस्त नेता माने जाने वाले केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश की महराजगंज सीट से सातवीं बार सांसद चुने गये थे। वह अन्य पिछड़े वर्गों की कुर्मी बिरादरी से आते हैं। कुर्मी समुदाय का उत्तर प्रदेश की राजनीति में खासा प्रभाव माना जाता है। माना जा रहा है कि कुर्मी मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिये भाजपा ने चौधरी पर भरोसा जताया है। भाजपा उत्तर प्रदेश में पहले भी कुर्मी समुदाय के नेताओं को तीन बार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर चुकी है।

### सरकार व संगठन मिलकर काम करेंगे : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बधाई देते हुए रविवार को कहा कि अब सरकार और संगठन मिलकर नई ऊर्जा और तेजी के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने चौधरी को निर्विरोध प्रदेश भाजपा अध्यक्ष घोषित किये जाने के बाद समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक अनुभवी कार्यकर्ता को पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष का दायित्व मिलने के साथ ही प्रदेश में अब नई गति के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्य को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, आज प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के साथ संगठन पर्व का यह दायित्व उत्तर प्रदेश के अंदर अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर हो चुका है लेकिन नए दायित्व के कार्य हम सबके सामने नई चुनौती के साथ खड़े हैं।

### मेरे लिये संगठन और पार्टी कार्यकर्ता सर्वोपरि : पंकज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उनकी नजर में संगठन और पार्टी कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और नेतृत्व के अपने मूल मंत्र संगठन, संपर्क, संवाद और समन्वय के आधार पर वह पार्टी को मजबूत बनाने के लिये काम करेंगे। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राजधानी में आयोजित एक समारोह में उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किये जाने के बाद कहा कि वह सात बार महराजगंज से सांसद और कई बार केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्हें अब तक की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा, मेरी नई जिम्मेदारी अब तक मिली तमाम जिम्मेदारियों से अधिक गंभीर और चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मुझे विश्वास है कि गौरवशाली कार्यकर्ताओं का स्नेह और समर्पण इस महान दायित्व के निर्वहन में मेरी मदद करेगा।

## सार संक्षेप

### नदवा के प्राचार्य समेत चार लोगों पर मुकदमा

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने विश्वविख्यात इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम नदवतुल उलमा (नदवा) के प्राचार्य समेत चार लोगों के खिलाफ परिसर में एक विदेशी नागरिक के ठहरने की जानकारी पुलिस को न देने और कानूनों के उल्लंघन के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने हसनगंज थाने में दर्ज मुकदमे का हवाला देते हुए रविवार को बताया कि नदवा के प्राचार्य, उप-रजिस्ट्रार, छात्रावास वार्डन और गेट पर तैनात एक सुरक्षाकर्मी के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। सिंह ने बताया कि यह मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) (धोखाधड़ी), धारा 61 (आपराधिक साजिश), विदेशियों का रजिस्ट्रीकरण अधिनियम और विदेशियों विषयक अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है।

### बरेली हिंसा के आरोपी पर एक और केस दर्ज

**बरेली।** बरेली में जमीन विवाद के मामले में 26 सितंबर में हुई हिंसा के आरोप में जेल में बंद इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा पर एक और मामला दर्ज किया गया है। बरेली के इज्जत नगर थाने में शनिवार को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मौलाना तौकीर रजा, उनके बहनोई मोहसिन रजा तथा आठ अन्य आरोपियों ने 95 वर्षीय बुजुर्ग मुकद्दर बेग की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने पिछली सात दिसंबर को घर में घुसकर परिवार को धमकाया और महिलाओं से छेड़छाड़ की। इसके बाद परिवार का लगातार मानसिक उत्पीड़न किया गया।

### हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**हमीरपुर।** मां की अस्थियां विसर्जन करने जा रहे रविवार को दो सगे भाइयों समेत एक ही परिवार के चार लोगो की मौदहा क्षेत्र के इचौली गांव के पास सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। इसमे दो सगे भाई शामिल है, तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये इलाज के लिये कानपुर रिफर किया गया है. पुलिस के मुताबिक महोवा जनपद के ग्योडी गांव निवासी घनश्याम की मा की पिछले दिनों मौत हो गयी थी अंतिम संस्कार के बाद घनश्याम (58) अपने सगे छोटे भाई रामसहोदर(45) चचेरे भाई सिद्धोपाल(60) व सोनू(45) के अलावा तीन अन्य लोगो को बोलेरो में बैठाकर प्रयागराज अस्थियां विसर्जन करने जा रहे थे घने कोहरा होने के कारण जैसे ही बोलेरो मौदहा क्षेत्र के इचौली गांव के पास पहुची तभी पीछे से आ रहे टूरिस्ट बस ने पीछे से चौपहिया वाहन मे टक्कर मार दी जिससे चारो लोगो की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। विस्तृत पेज-13

विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद उत्तर प्रदेश में चार करोड़ मतदाता घटे

# कार्यकर्ता पात्र लोगों को बनवाएं वोटर

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर में राज्य में मतदाताओं की संख्या में करीब चार करोड़ की कमी होने का दावा करते हुए रविवार को भाजपा कार्यकताओं का आान किया कि वे हर बूथ पर पूरी जिम्मेदारी से पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिये जुट जाएं।

**2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयार रहें कार्यकर्ता**

मुख्यमंत्री ने यहां एक समारोह में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के हर शख्स का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए और इस तरह उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 16 करोड़ होनी चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा कि मगर एसआईआर के बाद मतदाता सूची में जो नाम आए हैं, वे 12 करोड़ हैं। उन्होंने कहा, यह चार करोड़ का अंतर है। जनवरी 2025 की मतदाता सूची में कुल 15 करोड़ 44 लाख नाम थे। एक जनवरी 2026 को जो भी युवा 18 वर्ष का होगा वह मतदाता बनने का हकदार होगा तो यह संख्या बढ़नी चाहिए लेकिन यह संख्या बढ़ी नहीं, बल्कि घटी है। अब यह 12 करोड़ रह गई है। आदित्यनाथ ने कहा, "यह जो चार करोड़ का अंतर है...। वह आपका विरोधी नहीं है इसमें से 85 से 90 प्रतिशत आपका मतदाता है। संयोग से भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर फार्म जमा करने के लिये 14 दिन का समय बढ़ाया है। इस समय का बेहतर उपयोग हो। कार्यकर्ता हर बूथ में घर-घर जाकर पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि वे अगले महीने प्रकाशित होने वाली मसविदा सूची का अवलोकन जरूर करें। इसे 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की लड़ाई बताते हुए कहा, आपके सामने विरोधी के पास इतनी ताकत नहीं है लेकिन याद रखना विरोधी चाहे कैसे भी हों, उसके छल और छद्म का जवाब देने के लिए आपके पास उतना ही सामर्थ्य होना चाहिए।



### फॉर्मों में कुछ बांग्लादेशी भी मिले

आदित्यनाथ ने दावा किया कि हाल में जब वह एक जनपद के दौरे पर गए थे जहां मतदाता सूची में विरोधियों द्वारा भरे गए एसआईआर फॉर्मों में कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के नाम भी पाए गए। उन्होंने दावा किया, एक जगह तो यह भी मैंने देखा एक सज्जन का नाम था, उसकी उम्र 20 साल है, उसके पिता की उम्र 30 साल और उसके दादा की उम्र 40 साल थी। तो मैंने कहा कि यह कौन नए नमूने आ गए हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि मतदाता सूची में असम के नौगांव का एक व्यक्ति संभल में मतदाता बना है और इसका क्या मतलब है? उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हर जिले में जाएंगे वहां आप उनका स्वागत करेंगे। आपको दिल्ली, गोरखपुर या महराजगंज जाने की आवश्यकता नहीं है।

# शेख हसीना के बयान से यूनुस को लगी मिर्ची

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब कर भारत में मौजूद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की ओर से दिए गए भड़काऊ बयानों पर गंभीर चिंता जताई। हसीना (78) पिछले साल अगस्त में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन के बाद भारत चली गई थीं। देश के एक विशेष न्यायाधिकरण ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई है।

**बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त को भेजा समन**

बांग्लादेश भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। बांग्लादेश के विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्रालय ने आज भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया और भारत सरकार को बांग्लादेश सरकार की इस गंभीर चिंता से अवगत कराया कि शेख हसीना को ऐसे भड़काऊ बयान जारी करने की अनुमति दी जा रही है, जिसमें वह अपने समर्थकों को बांग्लादेश में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए उकसा रही हैं। उनके बयान का उद्देश्य आगामी संसदीय चुनावों को विफल करना है।

बयान में कहा गया है कि बांग्लादेश हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल को जल्द से जल्द प्रत्यर्पित करने की अपनी मांग एक बार फिर दोहराता है, ताकि वे पिछले महीने विशेष न्यायाधिकरण की ओर से सुनाई गई मौत की सजा का सामना कर सकें।

# मेसी के भारत दौरे के मुख्य आयोजक की कोर्ट में पेशी

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता की एक अदालत ने अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान मची अफरा-तफरी के सिलसिले में इसके मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में शनिवार को आयोजित लियोनेल मेस्सी के फुटबॉल कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**अदालत ने सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस रिमांड में भेजा**

आयोजन स्थल पर मची व्यापक अफरा-तफरी के बाद यह कार्रवाई की गई, जिसके कारण अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेस्सी को मैदान छोड़कर समय से पहले ही लौटना पड़ा। बिधाननगर पुलिस ने स्टेडियम में मची अफरातफरी का स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यक्रम के कुप्रबंधन के आरोप में दत्ता को कोलकाता हवाई अड्डे से ही गिरफ्तार कर लिया जहां वह मेस्सी और उनके साथ शामिल अन्य को हैदराबाद जाते समय विदा करने गए थे। अधिकारी ने बताया कि दत्ता की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल को फंसाया जा रहा है। दत्ता के वकील ने कहा, हमें उम्मीद है कि अगले 14 दिनों में पुलिस जांच से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।



### पीएम मोदी,चीफ जस्टिस और सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे मेस्सी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी सोमवार को भारत दौरे के दिल्ली चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक आवास पर जाने के बाद एक सांसद के आवास पर भारत के मुख्य न्यायाधीश और सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे। जीओएटी भारत दौरे के अंतिम दिन मेस्सी फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के दो सदस्यों से भी मिलेंगे। समझा जा रहा है कि वह सांसद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता प्रफुल पटेल हैं जो अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल तक सेवा दे चुके हैं। मेस्सी सुबह 10:45 बजे दिल्ली पहुंचेंगे और शहर के एक होटल में 50 मिनट के मीट एंड ग्रीट (मुलाकात और अभिवादन) सत्र के बाद प्रधानमंत्री के आवास पर जाएंगे जहां वे मोदी के साथ 20 मिनट तक बातचीत करेंगे। उनका अगला पड़ाव एक सांसद का आवास होगा जहां वे भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कौसिनो, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से भी मुलाकात करेंगे।

सिडनी में उत्सव मना रहे यहूदियों पर आतंकी हमला

# शूटर समेत 12 लोगों की मौत

एजेंसी। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर रविवार को यहूदी समुदाय के उत्सव के दौरान दो बंदूकधारियों की अंधाधुंध गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। सिडनी के न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त एम. लेनयॉन ने बताया कि इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 29 लोग घायल हुए हैं। राज्य प्रमुख क्रिस मिन्स ने कहा, इस हमले का निशाना सिडनी का यहूदी समुदाय था। यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए सैकड़ों लोग बॉन्डी बीच पर चानुका बाय द सी नामक कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए थे।

**पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य गिरफ्तार**

ऑस्ट्रेलियाई चैनलों पर प्रसारित फुटेज में देखा जा सकता है कि कोई व्यक्ति बंदूकधारियों में से एक को पकड़कर उससे हथियार छीन लेता है और फिर वही हथियार उस पर तान देता है। मेलबर्न निवासी मोरान ने बताया कि वह पास ही में अपने परिवार का इंतजार कर रहे थे, तभी उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, सब लोग अपना सारा सामान छोड़कर भागने लगे, लोग रो रहे थे, और यह सब बहुत भयानक था। पुलिस ने कहा कि उसका अभियान जारी है और आसपास के इलाके में मिली कई संदिग्ध वस्तुओं की जांच विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा की जा रही है, जिसमें एक संदिग्ध की कार में बरामद किया गया आईईडी भी शामिल है।



### मोदी ने की आतंकी हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और दुख की इस घड़ी में वहां के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर आज हुए उस भयावह आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें यहूदी पर्व हनुक्का के पहले दिन का जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा, भारत की जनता की ओर से, मैं उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया की जनता के साथ एकजुटता से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाता है तथा इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है।

# दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक बेटियों के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

## सहालग में प्रदेश भर में हुआ सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

❖ योगी सरकार ने बढ़ाई अनुदान राशि, लक्ष्य के सापेक्ष दो गुने हुए आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सीएम योगी की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर तबके, खासकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। 2017 में शुरू हुई यह योजना आज न केवल इन वर्गों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और समावेशिता को भी मजबूत कर रही है।

बीते आठ वर्षों में इस योजना के तहत 4 लाख से अधिक गरीब कन्याओं की शादी योगी सरकार द्वारा पूरे रीति-रिवाज और सम्मान के साथ कराई जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष अबतक करीब 1.20 से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिसमें करीब 14 हजार से अधिक गरीब कन्याओं की शादी संपन्न कराई जा चुकी हैं। विभागीय अधिकारियों की माने तो आने वाले दिनों में इस संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है। इस योजना ने उन राजनीतिक दलों को कठघरे में खड़ा कर दिया है, जो लंबे समय तक पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की राजनीति के सहारे सत्ता का आनंद लेते रहे, लेकिन उनके लिए ठोस विकास कार्य करने में विफल रहे। विपक्ष की राजनीति को आइना दिखाते हुए, इस योजना ने यह साबित कर दिया है कि केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस कदमों से ही समाज का सशक्तीकरण संभव है। मुख्यमंत्रीका यह कदम न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बन चुका है। मुख्यमंत्री ने विकास और समावेशिता को प्राथमिकता देकर यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर अडिग है।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में अबतक दलित और पिछड़ा वर्ग को मिला सबसे अधिक लाभ**
**सामान्य वर्ग-** 494 (जोड़ा)
**अल्पसंख्यक वर्ग-** 828 (जोड़ा)
**ओबीसी वर्ग-** 5500 (जोड़ा)
**दलित वर्ग-** 6556 (जोड़ा)

**वर्ष 2025-26 में आए 1.20 लाख से अधिक आवेदन**
**कुल आवेदन-** 1.20 लाख से अधिक (अबतक)
**कुल अप्रूव आवेदन-** 21 हजार से अधिक (अबतक)
**रिजेक्ट आवेदन-** 18 हजार से अधिक (अबतक)
**कुल शादियां-** 14 हजार से अधिक

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आंकड़े यह स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए यह योजना कितनी प्रभावशाली साबित हुई है। अब तक इस योजना का सबसे अधिक लाभ दलित वर्ग ने उठाया है, जिसमें 2.20 लाख से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों की शादी कराई गई है। वहीं, पिछड़े वर्ग के 1.30 लाख परिवार और अल्पसंख्यक वर्ग के 40,000 से अधिक परिवार इस योजना के लाभार्थी बने हैं। वहीं सामान्य वर्ग के करीब 16,000 गरीब परिवारों ने अब तक सामूहिक विवाह योजना का लाभ लिया है।

योजना के प्रभारी उपनिदेशक आर.पी. सिंह ने बताया कि यह न केवल एक सामाजिक सहायता है बल्कि सामूहिक सहयोग, सामुदायिक भावना और महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास भी है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की बेटियों की शादी का सपना पूरा कर रही है, बल्कि यह उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। विवाह समारोह में हर जोड़े को एक लाख रुपये की मदद दी जाती है, जिसमें विवाह से जुड़ी आवश्यक सामग्री, वधू के खाते में नकद धनराशि और आयोजन की व्यवस्था शामिल होती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने साढ़े सात वर्षों के कार्यकाल में बार-बार यह दिखाया है कि उनकी प्राथमिकता वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है। इस योजना के माध्यम से वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रदेश के सभी वर्ग, विशेषकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक, मुख्यधारा से जुड़े और उनके विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यही वजह है कि इस योजना के लिए योगी सरकार ने अब तक करीब 2,200 लाख रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस मद में 550 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

# समृद्धि की राह दिखा रही योगी सरकार की नंदिनी कृषक समृद्धि योजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

❖ स्वदेशी उन्नत नस्ल के 25 गोवंश से डेयरी लगाने पर परियोजना लागत का मिलता है 50 प्रतिशत अनुदान

❖ कृषक एवं पशुपालक इंदु सिंह के जीवन में समृद्धि की राह दिखा रही योजना

योगी सरकार की नंदिनी कृषक समृद्धि योजना गोसंवर्धन के साथ इसके लाभार्थी कृषक-पशुपालक को समृद्धि की राह दिखा रही है। पिपराइच ब्लॉक के बहरामपुर की इंदु सिंह ने इस योजना से जुड़कर सफलता की नई कहानी लिख दी है। पहले से पशुपालन से जुड़ी इंदु, योगी सरकार से 50 फीसदी अनुदान प्राप्त कर साहीवाल नस्ल की 25 गायों की डेयरी संचालित कर रही हैं। यहां रोज 200 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है तो कीमत भी सौ रुपये प्रति लीटर मिल रही है। इंदु जल्द ही दुग्ध प्रसंस्करण का कार्य भी शुरू करने वाली हैं।

नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, गोसंरक्षण और गोसंवर्धन सरकार के प्रयासों के तहत नंद बाबा मिशन का ही हिस्सा है। इस योजना में 25 स्वदेशी उन्नत नस्ल (गिर, साहीवाल, थारपारकर, गंगातीरी) के गोवंश क्रय कर डेयरी यूनिट लगाने पर सरकार परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान देती है। इस योजना से जुड़कर पिपराइच ब्लॉक के बहरामपुर की प्रगतिशील पशुपालक इंदु सिंह ने गोसंवर्धन के साथ आय वृद्धि की नजीर पेश की है। ई लॉटरी से वित्तीय वर्ष 2023-24 में नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की लाभार्थी बनीं इंदु ने 25 साहीवाल गोवंश क्रय कर डेयरी खोली।

इस परियोजना पर 62.55 लाख रुपये की लागत आई। उन्हें योजना व्यय पर सरकार 50 प्रतिशत सब्सिडी (31.25 लाख रुपये) दे रही है। इसमें आधी धनराशि उन्हें मिल गई है और शेष भी जल्द मिल जाएगी। सरकार के सहयोग से लागत आधी रह गई। साहीवाल नस्ल की गायों की इस डेयरी में प्रतिदिन करीब 200 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। उन्नत साहीवाल नस्ल की गाय का दूध होने से यह 100 रुपये लीटर की दर से बिक जाता है। इंदु सिंह बताती हैं कि आय तो अच्छी हो ही रही है, उन्हें इस बात की भी खुशी है कि डेयरी से चार लोगों को रोजगार भी मिल गया है, गोसेवा का सुख बोनस जैसा है। गोरखपुर के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र पांडेय बताते हैं कि नंदिनी कृषक समृद्धि योजना से स्थापित डेयरी में कृत्रिम गर्भाधान सेक्स सॉर्टेड सीमेन से किया जाता है। इससे केवल बछिया पैदा होंगी जिससे आय में और वृद्धि होना तय है।

कृषक समृद्धि योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए डेयरी संचालक इंदु सिंह का कहना है कि वह आने वाले समय में वह डेयरी में उत्पादित दूध से दूध प्रसंस्करण का कार्य भी शुरू करेंगी। यानी उनकी यूनिट में पनीर, खोया, मक्खन भी बनेगा। इसके साथ ही गोबर और गोमूत्र के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण लेकर इस दिशा में भी कार्य करेंगी। उनकी मंशा डेयरी को अन्य पशुपालकों के लिए मॉडल डेयरी बनाने की है।

# अर्थव्यवस्था पर भाजपा सरकार के सारे आंकड़े और दावे झूठेः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि अब तक के इतिहास में डॉलर के मुकाबले रुपये का सबसे ज्यादा कमजोर होना ये दिखाता है कि अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे सारे आँकड़े और दावे पूरी तरह से झूठे और मनगढ़ंत हैं।

भाजपाई इस बात को नकार भी नहीं सकते हैं कि ये बेहद कमजोर और नाकाम सरकार की वजह से हो रहा है क्योंकि रुपया गिरने और सरकार के बीच के अनूठे आर्थिक सिद्धांत का अनोखा फामूर्ला भाजपा की ही देन है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। रुपया डॉलर के मुकाबले लगता है गिरता जा रहा है। रुपए की गिरावट ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। महंगाई बढ़ती जा रही है।

भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी हर वर्ग परेशान है। भाजपा के झूठे वादों की पोल खुल चुकी है। भाजपा जाए, तो रुपया मजबूत हो जाए। यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है।

हर तरह का अवैध और नकली चीजों का कारोबार हो रहा है। इस सरकार ने लोगों का जीवन संकट में डाला है। भाजपा माफियाओं के अवैध कारोबारों को संरक्षण दे रही है। यादव ने कहा कि भाजपा और माफिया एक दूसरे के पूरक है।

भाजपा ने हर जिले में माफिया पैदा किया है। भाजपा संरक्षित माफियाओं से हर वर्ग के लोग दहशत में है। इन माफियाओं से अधिकारियों और कर्मचारियों में भी भय व्याप्त है। सत्ता के संरक्षण में जगह-जगह भू-माफियाओं का आतंक है तो कफ सिरप माफिया जनता की जान के साथ खेल रहे है। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल है।

# योगी आदित्यनाथ सरकार झांसी में कल कराएगी पिंक जॉब फेयर का आयोजन

❖ राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी में होगा जॉब फेयर का आयोजन

**झांसी।** योगी आदित्यनाथ सरकार महिला अभ्यर्थियों और छात्राओं को रोजगार के लिए विशेष अवसर उपलब्ध कराने के मकसद से पिंक जॉब फेयर के आयोजन कराती है। इसी कड़ी में झांसी में 16 दिसंबर को पिंक जॉब फेयर का आयोजन होने जा रहा है। इस पिंक जॉब फेयर का आयोजन राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी के परिसर में किया जाएगा, जिसमें कई कंपनियां छात्राओं का साक्षात्कार कर उनका चयन करेंगी।

झांसी में पिछले वर्ष भी पिंक जॉब फेयर का आयोजन किया गया था। इस बार यह पिंक जॉब फेयर का दूसरा आयोजन होने जा रहा है। इस पिंक जॉब फेयर का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय झांसी एवं राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी संयुक्त रूप से करने जा रहे हैं।

रोजगार मेले में अमास स्किल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, टीम प्लस एच आर सर्विस, भारतीय जीवन बीमा निगम झांसी सहित कई अन्य कंपनियां अभ्यर्थियों के चयन में हिस्सा लेंगी। रोजगार मेले में हिस्सा लेने के लिए छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# हमारा कर्म हो सेवा हमारा धर्म हो सेवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ,अयोध्या




स्काउटिंग में राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त सदस्यों के अंतरराष्ट्रीय संगठन अटास इंडिया के जयपुर में आयोजित नवें राष्ट्रीय अधिवेशन में अनूप मल्होत्रा को राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति कल्पेश जवेरी ने राष्ट्रीय एम. ए.खालिद टॉप अचीवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के राज्य मुख्य आयुक्त शशि किरण तथा अटास वर्ल्ड के अंतर्राष्ट्रीय सचिव एम ए के मैकी मौजूद रहे। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष भारत से चुने हुए एक सदस्य को इस अवार्ड से विगत 3 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। इसके पूर्व वर्षों में प्रेम प्रकाश शर्मा (छत्तीसगढ़) एवं कौशिक चटर्जी (पश्चिम बंगाल) को सम्मानित किया जा चुका है। पूर्व राष्ट्रपति महामहिम ए.पी.अब्दुल कलाम द्वारा राष्ट्रपति रोवर पुरस्कार प्राप्त श्री मल्होत्रा को अटास इंडिया से जुड़कर बेहतरीन संयोजन के उपरांत अटास इंडिया की राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में नामित किए गए। श्री मल्होत्रा को इसके पूर्व मैसेंजर ऑफ पीस के राष्ट्रीय स्टार अवॉर्ड से तथा भारत स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न अवसरों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। आटास इंडिया का 10वाँ अधिवेशन अगले वर्ष गुजरात में होना सुनिश्चित हुआ है। अयोध्या से इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रोवर राम लखन मौर्य ने भी राष्ट्रीय गैदरिंग में प्रतिभाग किया।मल्होत्रा को राष्ट्रीय टॉप अचीवर्स अवार्ड प्राप्त होने पर अटास इंडिया के राष्ट्रीय समन्वयक प्रेम प्रकाश शर्मा, सीमा राठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम सुयश वर्मा ,सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कमलेश द्विवेदी, पूर्व जिला संगठन आयुक्त विवेकानंद पाण्डेय, राष्ट्रपति पुरस्कृत साहित्य सेवी डॉ स्वदेश मल्होत्रा,जिला गाइड कैप्टन निधि महेंद्रा,रवि प्रकाश,गीता गुप्ता,गिरीश चंद्र,पंकज कनौजिया,शिप्रा श्रीवास्तव,सिविल डिफेंस कोर के चीफ वार्डन अतुल सिंह, उत्तम बंसल, डॉ पीयूष गुप्ता, डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, रितेश जायसवाल, ललित रंजन भटनागर, विद्यासागर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ वास्तविक जांच कर शुद्ध मतदाता सूची तैयार किये जाने की मांग

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि एसआईआर प्रक्रिया में सभी विधान सभा में प्रत्येक मतदेय स्थल में पाये गये अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, मृतक (एएसडी) मतदाताओं की पुनः जाँच कराने के लिए राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को विधान सभा वार बूथ वार मतदाता सूची हिन्दी भाषा में और मतदाता का पता तथा संबंधी का नाम व मोबाइल नंबर सहित सूची उपलब्ध कराई जाये जिससे वास्तविक जाँच कर शुद्ध मतदाता सूची तैयार किया जाये, अन्यथा कि दशा में करोड़ों मतदाताओ के नाम मतदाता सूची (ड्राफ्ट रोल) से अनावश्यक, अकारण डिलीट हो जायेगें जिसके लिए निर्वाचन आयोग से जुडे अधिकारी जिम्मेदार होगें।

जनपद गाजीपुर, जनपद प्रयागराज, जनपद झाँसी, जनपद लखीमपुर खीरी, जनपद अमेठी की शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्यवाही किया जाये जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर प्रक्रिया में पाए गए अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, मृतक (एएसडी) मतदाताओं के नामों को पुनः सत्यापित किये जाने के लिए लखनऊ, प्रयागराज, गाजीपुर सहित लगभग सभी जनपदों में राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अंग्रेजी भाषा में सूची उपलब्ध कराई जा रही है। सूची में मतदाता का पता, मोबाइल नंबर, तथा संबंधी आदि का विवरण भी दर्ज नहीं है। सूची में आधा-अधूरा विवरण दर्ज है।

भारत निर्वाचन आयोग के नियम एवं निदेर्शों के अनुसार राज्य की मुख्य भाषा हिन्दी में मतदाता सूची तैयार की गई है, और लोक सभा, विधान सभा चुनाव में मतदान के दिन हिन्दी में मतदाता सूची से ही मतदान कराया जाता है, तथा अंतिम प्रकाशन और ड्राफ्ट रोल प्रकाशन के समय राजनैतिक दलों को मतदाता सूची हिन्दी भाषा में ही उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेन्ट (बीएलए) को अंग्रेजी भाषा में आधे-अधूरे विवरण के साथ एएसडी सूची दी जा रही है, जिससे बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) द्वारा पुनः सत्यापन कार्य नहीं हो पा रहा है।

सही ढंग से पुनः सत्यापन न होने पर ड्राफ्ट रोल प्रकाशन के समय कई करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अकारण, अनावश्यक डिलीट हो जायेंगे और उन सभी वैध मतदाताओं को फिर से नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 भर कर पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। ज्ञापन को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# अखिलेश ने कैफी आजमी अकादमी का किया दौरा

❖ मैक्स अस्पताल में राम गोविन्द के स्वास्थ्य की जानकारी ली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को यहां निशातगंज स्थित कैफी आजमी अकादमी का दौरा किया। श्री यादव के साथ पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी तथा महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी भी मौजूद रहे।

लखनऊ में कैफी आजमी अकादमी मुख्य रूप से एक प्रेक्षागृह है, जो निशातगंज इलाके में है, जिसे वरिष्ठ शायर कैफी आजमी के नाम पर बनाया गया था और अब यह यूपी संगीत नाटक अकादमी के तहत संचालित होता है। यह आडीटोरियम राजधानी लखनऊ में कला, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र है। इस अकादमी का प्रस्ताव अभिनेत्री शबाना आजमी एवं सिने लेखक एवं गीतकार जावेद अख्तर का था, जिसमें अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्वकाल में पर्याप्त आर्थिक मदद भी दी गई थी। इस प्रेक्षागृह में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते है। यहां प्रगतिशील गोष्ठियों के अतिरिक्त गंभीर विचारविमर्श एवं सेमीनार, नाटक भी होते है।

सपा सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती रही है। सपा ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए इस संस्थान को समुचित संरक्षण दिया था। अखिलेश यादव ने मैक्स अस्पताल जाकर पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अखिलेश यादव ने सपा की प्रदेश सचिव प्रीति तिवारी के निशातगंज स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने अखिलेश यादव का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# उत्तर प्रदेश उद्यमियों के लिहाज से काफी बेहतर विकल्प बनकर उभरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजनीति में दशकों तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पहचान वोट बैंक आधारित सत्ता प्रबंधन तक सीमित रही। जाति, तुष्टिकरण और प्रतीकात्मक योजनाओं से आगे बढ़ने का प्रयास नहीं हुआ।

इसके उलट, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने नीतिगत, संरचनात्मक और आर्थिक स्तर पर ऐसे बदलाव देखे हैं, जिनकी पुष्टि सरकारी और स्वतंत्र आंकड़े करते हैं। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन को एक बड़े बदलाव के तौर पर देखता है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्यमियों के लिहाज से काफी बेहतर विकल्प बनकर उभरा है। यहां बाहर के निवेशक लगातार आए और अपने उद्यम स्थापित किए। उन्होंने यहां नई फैक्ट्रियां लगाईं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर विकल्प मिले। इसी के साथ उत्तर प्रदेश से पलायन की समस्या भी खत्म हो रही है।

# मनरेगा: योगी सरकार में रिकॉर्ड 48 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ 31 फीसदी एससी-एसटी लाभार्थी

❖ वित्तीय वर्ष 2025-2026 में समय पर किया गया 97 फीसदी से अधिक का भुगतान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रोजगार सृजन को लेकर सकारात्मक और ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 48 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इनमें 31 प्रतिशत से अधिक परिवार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं, जो सामाजिक समावेशन और समान अवसर की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों और प्राथमिकता को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत 97 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों को समय पर भुगतान किया जा चुका है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भरोसा बढ़ा है और श्रमिकों को उनकी मेहनत का पूरा और पारदर्शी लाभ मिल रहा है। योगी सरकार ने 6703 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की है, जिससे गांवों में आय के नए स्रोत तैयार हुए हैं। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को रोजगार के साथ सम्मान भी मिले। इसी सोच के तहत अनुसूचित जाति-जनजाति के परिवारों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि पलायन पर भी प्रभावी रोक लगी है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में रोजगार सृजन का बेहतर माहौल बन रहा है। मनरेगा के जरिए गांवों में विकास कार्यों को गति मिल रही है और लाखों परिवार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। यह मॉडल उत्तर प्रदेश में समावेशी विकास और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहा है।

# स्टार्टअप ग्रोथ का नया इंजन, नवाचार की उर्वरक भूमि बनेगा लखनऊ

❖ योगी आदित्यनाथ सरकार की कनेक्टिविटी क्रांति से बदलेगा स्टार्टअप मूवमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे



कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद यह मार्ग स्टार्टअप विकास का प्रमुख इंजन बनने जा रहा है। एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद लखनऊ नवाचार और उद्यमिता के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी और तेज आवागमन से यह पूरा क्षेत्र स्टार्टअप गतिविधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ़ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन, दीपक मैनी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, उससे स्टार्टअप और नवाचार को नयी दिशा मिलेगी।

एक्सप्रेस-वे बनने के बाद कानपुर और लखनऊ के बीच यात्रा समय 2 घंटे से घटकर कुछ मिनटों तक सीमित हो जायेगा। इससे स्टार्टअप्स के लिए बिजनेस मीटिंग, सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पहले से कहीं अधिक सुगम होंगे। यह मार्ग एक संभावित आर्थिक कॉरिडोर के रूप में उभरेगा जो उद्योग शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद आईआईटी कानपुर और लखनऊ के प्रमुख शैक्षणिक और प्रबंधन संस्थानों के बीच सहयोग और मजबूत होने की संभावना है। डीप टेक आईओटी और उन्नत तकनीक आधारित स्टार्टअप्स के लिए संयुक्त कार्यक्रमों को गति मिलेगी। इससे नए उद्यमियों को मेंटरशिप निवेश और तकनीकी संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिलेगी।कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के आसपास मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स आधारित क्लस्टर्स विकसित किए जाने की योजना है। भविष्य में इस क्षेत्र में आईटी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र और औद्योगिक नोड्स स्थापित होंगे। इससे टेक मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में स्टार्टअप्स को तेजी से विस्तार का अवसर मिलेगा।योगी आदित्यनाथ सरकार की इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्रित नीतियों के चलते एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद निवेशकों का भरोसा और मजबूत होने की संभावना है।

# एसजीपीजीआई के 42वें स्थापना दिवस पर ब्रजेश पाठक ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 42वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संजय गांधी पीजीआई न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में उच्चस्तरीय चिकित्सा, अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र बनकर उभरा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजीपीजीआई ने अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, नवाचार आधारित शोध तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से लाखों मरीजों को नया जीवन दिया है।

# फर्जी, फैमिली मैन व वेब सीरीज कलाकार तस्करी में गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ एएनटीएफ ने मुंबई से पकड़ा, एक वर्ष से चल रहा था फरार

❖ वेब सीरीज में काम करने के दौरान करने लगा मादक पदार्थ की तस्करी

फर्जी, फैमिली मैन व कई अन्य फिल्मों और वेब सीरीज में सहायक कलाकार के रूप में काम करने वाला युवा अब सलाखों के पीछे है।

वेब सीरीज व फिल्मों से अधिक रकम न मिलने पर वह मादक पदार्थों की तस्करी करने लगा था। फिलहाल यूपी की आगरा एएनटीएफ पुलिस ने मुंबई से तस्करी के आरोप में पकड़े गए मान सिंह को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आगरा पहुंची। जोकि अब सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। तस्कर मान सिंह करीब एक वर्षो से फरार चल रहा था। डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर एएनटीएफ लगातार मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों पर निगरानी कर रही है। जिसको लेकर चलाये जा रहे अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एएनटीएफ लखनऊ के पर्यवेक्षण में एएनटीएफ यूनिट आगरा द्वारा वर्ष 2024 में थाना न्यू आगरा जनपद आगरा में मान सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। जिसकी तलाश में एएनटीएफ लगातार कार्रवाई कर रही थी। इसी बीच जानकारी मिली कि वह मूल रूप से राजौरी गार्डन दिल्ली का रहनें वाला है। वर्ष 2008 में वह मुंबई चला गया था और फिल्मी दुनियॉ में एण्ट्री करनें की कोशिश करनें लगा। इस दौरान उसनें कई फिल्मों और वेब सीरीज में छोटे-छोटे रोल किये, इसी दौरान उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई और उसके कहनें से वह मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त होकर कार्य करनें लगा। उसके द्वारा अपने साथी के साथ कार्य करते हुए कई बार मादक पदार्थ एमडीएमए को आगरा के एक दूसरे व्यक्ति के पास पहुंचाया है। करीब एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी मान सिंह पुत्र बाबूलाल निवासी एफ-351 जेजे कालौनी इन्द्रपुरी थाना इन्द्रपुरी दिल्ली को मरीना इन्कलेब विल्डिग मालवानी मुंबई से गिरफ्तार किया गया। एएनटीएफ ने गिरफ्तार कर उसे महाराष्ट्र में न्यायालय में पेश किया और ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आगरा पहुंची। जहां से उसे कार्रवाई करते हुए सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। मंहगे शौक के चलते वेब सीरीज में काम करने वाला कलाकार तस्करी में शामिल हुआ।

## यूपी जनहित व्यापार मंडल की बैठक



पायनियर समाचार सेवा। सरोजिनीनगर

उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल की रविवार को एक विशेष बैठक बंथरा स्थित डीके पैलेस में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर किया गया, जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने की। इस अवसर पर कटी बगिया निवासी व्यवसाई जितेन्द्र सिंह पिंकू को बनी, कटीबगिया एवं जुनाबगंज क्षेत्र का जनहित व्यापार मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया। बंथरा क्षेत्र के व्यवसाई एवं डीके पैलेस के संचालक लाल सिंह को संगठन का सक्रिय सदस्य बनाया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए शीघ्र ही लगभग दस नई इकाइयों का गठन किया जाएगा और सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। उन्होंने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आ''ान किया। इस बैठक में संगठन के कई पदाधिकारी व सदस्य सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवक की मौत के मामले में क्लीनिक संचालक समेत पांच पर एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ आरोपियों में प्रेमिका भी शामिल, पुलिस छानबीन में जुटी

❖ मानसिक रूप से प्रताड़ित होने पर युवक ने की थी खुदकुशी

गुडम्बा थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में उसकी मां ने गंभीर आरोप लगाते हुए थाना मुडम्बा में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाई है। मृतक की मां करुणा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में अपने पुत्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप प्रेमिका, उसके परिजनों, क्लिनिक संचालक और मकान मालिक पर लगाया है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मड़ियांव के नौबस्ता पुलिया सीतापुरवा की रहने वाली करूणा देवी ने बताया कि उनके परिवार में 21 वर्षीय पुत्र सूरज अवस्थी और 14 वर्षीय पुत्री सोनम अवस्थी हैं।

सूरज अवस्थी कल्याणपुर स्थित बजरंग नगर में डॉ. विवेक श्रीवास्तव के क्लिनिक में कार्यरत था। मृतक की माँ ने बताया है कि इसी क्लिनिक में सूरज की मुलाकात खुशी मिश्रा पुत्री संजय मिश्रा से हुई। आरोप है कि यह मुलाकात सामान्य न होकर पूर्व नियोजित साजिश के तहत कराई गई थी, ताकि बाद में इसका गलत लाभ उठाया जा सके। बातचीत बढ़ने के बाद दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए। मां का आरोप है कि इसके बाद खुशी मिश्रा, उसके पिता संजय मिश्रा, गीता मिश्रा, क्लिनिक संचालक डॉ. विवेक श्रीवास्तव और खुशी मिश्रा के मकान मालिक ने मिलकर सूरज पर लगातार दबाव, धमकी और मानसिक प्रताड़ना शुरू कर दी। सूरज को शादी करने के लिए मजबूर किया गया और मना करने पर झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। साथ ही 10 लाख रुपये और जेवरात की मांग भी की गई। करुणा देवी के अनुसार लगातार धमकियों, सामाजिक बदनामी के डर और आर्थिक दबाव के कारण उनका पुत्र गहरे मानसिक तनाव में था। उसने कई बार यह बातें अपनी मां को बताईं। अंततः अत्यधिक मानसिक दबाव और कथित अवैध धमकियों से टूटकर सूरज अवस्थी ने 30 नवंबर 2025 को डॉ. विवेक श्रीवास्तव के क्लिनिक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा है कि यह सामान्य मृत्यु नहीं, बल्कि साजिश, जबरन दबाव, आर्थिक और सामाजिक धमकियों तथा मानसिक प्रताड़ना का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सभी पांचों आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से उनके पुत्र को आत्महत्या करने की स्थिति में पहुंचाया। करुणा देवी ने थाना मुडम्बा पुलिस से सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। गुडम्बा थाना प्रभारी प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करलिया गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जालसाजों ने दंपत्ति को भय दिखा ट्रांसफर कराए 53 हजार रुपए

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने आशियाना क्षेत्र में रहने वाले एक दंपत्ति को अपना शिकार बनाकर 53 हजार रूपए हड़प लिए। दम्पति का आरोप है कि दो दिन पूर्व फोन कॉल कर आधार कार्ड का उपयोग कर अश्लील फोटो भेजे जाने के आरोप और गिरफ्तारी का भय दिखाकर 53 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। इस संबंध में तहरीर मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।आशियाना के सेक्टर-के में राकेश श्रीवास्तव अपनी पत्नी प्रेम किरन श्रीवास्तव के साथ रहते है। आरोप है कि 12 दिसंबर की सुबह पति पत्नी के पास दो नंबरों से फोन आया काल रिसीव करने पर कालर ने डराते धमकाते हुए कहा कि आपलोगो के आधार कार्ड का मिसयूज कर अश्लील फोटो भेजे जा रहे है जिसके लिए आपको गिरफ्तार भी किया जा सकता है। जिसके बाद कॉलर ने खाते के जानकारी ले दो बार में कुल 53,602 रुपए ट्रांसफर करा लिए।पीड़ित ने साइबर सेल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा आशियाना पुलिस से लिखित शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### काकोरी से 15 वर्षीय किशोरी लापता

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र से एक 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद किशोरी के पिता ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र राठौर ने बताया कि रविवार को पीड़ित पिता की तहरीर पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, किशोरी 13 दिसंबर, शनिवार की रात करीब 11 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। इंस्पेक्टर के अनुसार किशोरी की तलाश के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस आसपास के इलाकों में खोजबीन कर रही है और पड़ोसियों, रिश्तेदारों तथा किशोरी की सहेलियों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और जल्द ही किशोरी को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

### आशियाना से दो किशोरी दोस्त लापता

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र में रहने वाली दो किशोरी दोस्त दो दिन पूर्व घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद आशियाना थाने में शिकायत की है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आशियाना के किला मोहम्मदी में रहने वाली लापता किशोरी की मां उषा देवी पत्नी स्व कमलेश वर्मा के अनुसार उनकी 15 वर्षीय पुत्री छाया 12 दिसंबर की शाम से पड़ोस में रहने वाली अपनी सहेली 17 वर्षीय काजल पुत्री राधे लाल बिना बताये कही चली गई है। काफी तलाश करने पर दोनों नही मिली। किशोरी की मां की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर दोनों किशोरियों की तलाश में जुटी है।

## डांसर को गोली मारने वाला साथी संग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



❖ नशे में हुए विवाद के बाद प्रेमिका को मारी थी गोली

पारा थाना क्षेत्र के सदरौना स्थित कांशीराम कॉलोनी में प्रेम संबंधों को लेकर गुरुवार देर रात हिंसक घटना सामने आई। नशे में धुत एक युवक ने अपनी स्टेज डांसर प्रेमिका पर अवैध तमंचे से गोली चला दी, जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वारदात के बाद आरोपी काली स्कॉर्पियो से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रविवार को किसान पथ के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

घायल युवती की पहचान लक्ष्मी थापा उर्फ लवली (21) के रूप में हुई है। वह कांशीराम कॉलोनी के मकान संख्या 14/13 में अपनी बहन के साथ किराए पर रहती है और स्टेज डांसर के रूप में काम करती है। पुलिस के अनुसार लवली और आकाश कश्यप के बीच करीब एक वर्ष से प्रेम संबंध थे। आकाश उसकी पेशेवर गतिविधियों को लेकर अक्सर विवाद करता था। उसकी कथित आपराधिक प्रवृत्ति और लगातार झगड़ों से परेशान होकर युवती ने उससे दूरी बना ली थी। बताया गया कि इसी रंजिश के चलते आकाश कश्यप शुक्रवार देर रात करीब दो बजे शराब के नशे में लवली के कमरे पर पहुंचा। दरवाजा खुलते ही आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने कमरे के अंदर ही अवैध तमंचा निकालकर फायर कर दिया। गोली लवली के दाहिने हाथ में कंधे के पास जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी स्कॉर्पियो में बैठकर फरार हो चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। पारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी आकाश कश्यप और उसके साथी शिवम कश्यप को किसान पथ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त काली स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है।

## दबंगों ने पड़ोसी के मकान में घुसकर की मारपीट, दी धमकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पारा थाना क्षेत्र में बीती रात एक परिवार के घर में दबंगों ने घुसकर गाली-गलौज, मारपीट करते हुए फायरिंग की है। हंगामा होने पर दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। फिलहाल स्थानीय पुलिस फायरिंग से इंकार कर रही है। पुलिस ने इस मामले में तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गयी है।

पारा के बादलखेड़ा इलाके के रहने वाले आदित्य मौर्य ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर पर रहते हैं। शनिवार रात करीब 11 बजे जब वह घर पहुंचे, तो पड़ोसी मुकेश अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर के बाहर खड़ा मिला। आरोप है कि मुकेश ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने आदित्य के साथ मारपीट की और बाद में जबरन घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग कर दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुका है, जिस संबंध में थाना पारा में पहले से मुकदमा दर्ज है। इसके बावजूद आरोपी लगातार उसे और उसके परिवार को धमका रहा है। घटना के दौरान आरोपियों द्वारा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी अभद्रता किए जाने का आरोप है, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के साथ-साथ परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### तेज रफ्तार कार ने मासूम को रौंदा

**लखनऊ।** कृष्णानगर में तेज रफ्तार कार ने छह वर्षीय मासूम बच्चे को रौंद दिया। जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने पर उसे पीजीआई रेफर कर दिया है। इस मामले में मासूम की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी है। बताया जा रहा है कि कार महिला चला रही थी। जिसके पीछे नंबर प्लेट पर उतर प्रदेश सरकार लिखा हुआ था। कृष्णानगर के मर्दनखेड़ा की रहने वाली रेशमा पत्नी धर्मवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रही है। सुबह दस बजे तेज रफ्तार कार यूपी32एफएच-2007 ने उसके छह वर्षीय बेटे जयचंदर को टक्कर मारकर घायल कर दिया था।

## कार की छत पर चढ़कर रील बनाने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



❖ सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी रील

गौतमपल्ली थानाक्षेत्र 1090 चौराहे पर कार की छत पर चढ़कर रील बनाने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेज दिया है। युवक रील बनाने के दौरान रौबदार डायलॉग बोल रहा था। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसे चिन्हित कर कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी रत्नेश चंद्र ने बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक कार की छत पर चढ़कर रील बना रहा हैं। जिसके बाद प्रकरण में गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज कर युवक को चिन्हित किया गया। 1090 चौराहे पर जियामऊ चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बीतीरात चेकिंग के दौरान एक कार सवार को रोककर तलाशी ली। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। बाद में पता चला कि वायरल वीडियो में जो युवक दिख रहा है वो रहीमाबाद के नत्थूखेड़ा निवासी दिलीप रावत हैं। पूछताछ के दौरान आरोपित युवक पुलिस से विवाद भी करने लगा। वायरल वीडियो के संबंध में पूछा तो वह धमकाने लगा। फिर क्या था पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने ले आयी। पुलिस का कहना है कि आरोपित ने माहौल बिगाड़ने और लोक शांति भंग करने की कोशिश की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संज्ञेय अपराध की आशंका जताते हुए आरोपित के खिलाफ चालान कर न्यायालय में पेश किया गया और उसकी गाड़ी को सीज कर दिया गया है। पुलिस ने बताया है कि सार्वजनिक स्थानों पर स्टंट, रैश ड्राइविंग और कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मैट्रो स्टेशन पर पैसेंजर के ट्रॉली बैग से मिला अवैध-तमंचा

**लखनऊ।** आलमबाग के सिंगार नगर मैट्रो स्टेशन पर शुक्रवार शाम चेकिंग दौरान एक पैसेंजर के ट्राली बैग से अवैध तमंचा मिला। जिसकी सूचना मैट्रो स्टेशन कंट्रोलर ने स्थानीय पुलिस को दी । पुलिस ने यात्री को कस्टडी में ले पूछताछ के बाद आर्म्स एक्ट में कार्यवाही कर जेल भेज दिया है। मानकनगर थानाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार की शाम सिंगार नगर मैट्रो स्टेशन कंट्रोलर संदीप कुमार द्वारा सूचना मिला कि स्कैनिंग दौरान एक यात्री के काले रंग की ट्राली बैग में अवैध 315 बोर का तमंचा मिला है ।पुलिस के पूछताछ में युवक ने अपना नाम पता नितिन जोहरी पुत्र कैलाश जोहरी निवासी जानकी नगर, बहराइच रोड जनपद गोंडा का बताया है। गिरफ्त में आए युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

## नहर के किनारे युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

पारा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह आगरा एक्सप्रेस-वे जीरो प्वाइंट के मोहान रोड स्थित मौंदा मोड़ के पास नहर किनारे राकेश रावत के प्लॉट में आम के पेड़ से एक युवक का शव लटका मिला। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पारा थाना प्रभारी सुरेश सिंह के अनुसार मृतक की पहचान जनपद मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र अंतर्गत लेहगांव निवासी जोगेंद्र यादव (19) के रूप में हुई है। बताया गया कि जोगेंद्र लखनऊ में हाइड्रा मशीन चलाना सीखने आया था। वह करीब दो महीने पहले मैनपुरी से लखनऊ आया था और अपनी बुआ के बेटे अमित यादव के पास रह रहा था। अमित यादव की यादव क्रेन सर्विस नाम से एजेंसी है, जहां जोगेंद्र प्रशिक्षण ले रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजन लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं। फिलहाल युवक के आत्महत्या करने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस घटनास्थल की गंभीरता से जांच कर रही है।

## तनिष्क शोरूम में चोरी करने वाले गैंग के चार सदस्य पकड़े गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



❖ चार सोने के कंगन और अन्य सामान बरामद

❖ चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग जाते हैं महाराष्ट्र

गोमतीनगर में तनिष्क शोरूम से काउंटर से डायमंड लगे हुए चार सोने की ज्वेलरी चोरी करने वाले गैंग के चार सदस्यों को गोमतीनगर पुलिस ने क्राइम ब्रांच और पूर्वी जोन सर्विलांस टीम के साथ गिरफ्तार कर चोरी की हुई ज्वेलरी बरामद कर ली है। ये लोग ग्राहक बनकर चोरी करने के लिए अलग-अलग जोड़े से दुकान या फिर शोरूम में दाखिल होते हैं।

बताया जा रहा है कि गत 13दिसंबर गोमती नगर क्षेत्र स्थित तनिष्क शोरूम से काउंटर का ड्राअर खोलकर डिस्प्ले ट्रे से चार सोने के बैंगल्स जिसमें डायमंड जड़े हुए थे और जिनकी कीमत लगभग साढ़े छह लाख रुपए से ऊपर थी, को चार अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी करके भाग खड़े हुए थे। जिस को लेकर तनिष्क शोरूम के मालिक गोमती नगर विस्तार के फ्लैट नंबर 1704 निवासी सुशील कुमार तिवारी ने गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज करायी थी। घटना के खुलासे के लिए सर्विलांस टीम, क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस लगी हुई थी। शोरूम में लगे सीसीटीवी के जरिए संदिग्धों के बारे में जानकारी कर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने महाराष्ट्र के फ्लैट नंबर 204 बोरीवली ईस्ट थाना मानपाड़ा ठाणे निवासी 71 वर्षीय बदर कुमार, मध्य प्रदेश के ग्राम सेंधवा थाना सेंधवा बड़वानी 45 वर्ष निवासी शालुम चिंचोंकर, महाराष्ट्र के करण जाड़ी माहड़ रायगढ़ निवासी 75 वर्ष पांडुरंग गणपत पवार व महाराष्ट्र के माहड़ रायगढ़ निवासी 33 वर्ष मंगेश भाऊ सुर्वे को थाना गोमती नगर क्षेत्र के ग्वारी पुल के पास रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग ज्वेलर्स की दुकान को चिन्हित कर एक-एक या जोड़ों में थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में एक ही ज्वैलर की दुकान पर ग्राहक बनकर जाते हैं। जिससे की दुकान के कर्मचारी लोगों को समान दिखाने में व्यस्त हो जाते हैं, फिर उनका ध्यान इधर-उधर भटकाकर, हम लोगों में से कोई एक व्यक्ति जिसे सही मौका मिलता है, चोरी कर लेता और जब तक उन लोगों को पता चलता, तब तक हम सभी लोग वहां से निकल लेते थे। डीसीपी पूर्वी शंशाक सिंह ने बताया कि शहर के थानों में इन लोगों की कोई अपराधिक इतिहास नहीं मिला है। फिलहाल ये लोग बहुत शातिर है, उम्र अधिक होने के चलते इन पर कोई शक भी नहीं करता था। ये लोग विभिन्न राज्यों में घटना करने के बाद महाराष्ट्र वापस चले जाते है। महाराष्ट्र व अन्य राज्यों से इनके अपराधिक रिकार्ड के बारे में जानकारी की जा रही है। अभियुक्तों के कब्जे से चार पीली धातु के कंगन जिसमें चमकीले पत्थर जुड़े हुए थे बरामद किया गया।

## मारपीट कर मोबाइल व कार लूटने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ। जानकीपुरम पुलिस ने पता पूछने के बहाने मारपीट कर मोबाइल फोन और कार लूटने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से लूटी गयी कार बरामद की गयी है। वहीं पकडे गए अभियुक्तों में एक नाबालिग है जिसे बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि गत 25 नवंबर 2025 को संजीव कुमार निगम पुत्र शिवकरन, निवासी जानकीपुरम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनके भतीजे की स्विफ्ट डिजायर कार को पता पूछने के बहाने रोककर मारपीट की और मोबाइल फोन छीनने के बाद कार लेकर फरार हो गए। जिस पर एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी के जरिए संदिग्धों की शिनाख्त की जा रही थी। वहीं मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने अमन अवस्थी उर्फ पीयूष अवस्थी (26 वर्ष), पुत्र रामलखन अवस्थी, निवासी कमलानगर को एक नाबालिग के साथ छठामील क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से लूटी गई कार भी बरामद की गयी। पुलिस ने नाबालिग को भी सीडीआरआई के माध्यम से पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अमन अवस्थी उर्फ पीयूष अवस्थी का व्यवसाय साइबर कैफे बताया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## संपत्ति के लिए मां बेटों पर तमंचा व धारदार हथियार से जानलेवा हमला

पायनियर समाचार सेवा। सरोजिनीनगर



❖ बेटा गंभीर रूप से घायल, जान से मारने के प्रयास का भी आरोप

सरोजिनीनगर में पारिवारिक संपत्ति विवाद को लेकर एक बुजुर्ग महिला ने अपने रिश्तेदारों पर घर में घुसकर अवैध तमंचा, धारदार गड़ासा और सूजे से हमला कर पूरे परिवार को जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

सरोजिनीनगर के हीरालालनगर निवासी 74 वर्षीय दीश्वदेवी के मुताबिक रविवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच उन्नाव जिले के सदर कोतवाली के लोकइयाखेड़ा निवासी उनके देवर का बेटा विनोद कुमार, उसकी पत्नी सीता, बेटी प्रांशू और भाई विनय कुमार उर्फ पिंटू उनके घर पहुंचे। सभी ने पहले चाय-नाश्ता किया, इसके बाद सरेनी (रायबरेली) स्थित मकान को अपने नाम कराने का दबाव बनाते हुए विवाद शुरू कर दिया। पीड़िता का कहना है कि उस समय सोहरामऊ स्थित सरकारी स्कूल में अध्यापक उनका बड़ा बेटा आलोक कुमार सरकारी कार्यक्रम में ड्यूटी पर था। आरोप है कि विनोद ने छोटे बेटे गोसाईगंज स्थित सरकारी स्कूल में इंचार्ज अध्यापक आशुतोष कुमार से आलोक को घर बुलाने को कहा। इसी बीच ड्यूटी पूरी कर आलोक दोपहर करीब 12:16 बजे घर पहुंचा, जिसके बाद विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान विनय कुमार उर्फ पिंटू ने अवैध तमंचा निकालकर आलोक की कनपटी पर सटाते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी, लेकिन परिजनों ने एकजुट होकर तमंचा छीन लिया। इसके बाद सीता ने धारदार गड़ासे से आशुतोष के सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और प्रांशू ने सूजे से आलोक के सिर पर हमला किया। आरोप है कि इसी बीच विनोद कुमार ने बहू वंदना के साथ अभद्रता करते हुए उसे जमीन पर गिरा दिया और उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर गुल सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे तो आरोपी पल्सर बाइक से फरार हो गए। लेकिन जाते समय उनकी एक जोड़ी चप्पल मौके पर छूट गई। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और धारदार हथियार बरामद कर पीड़ित बुजुर्ग महिला की तहरीर पर मामले की जांच कर रही है।

## रंजिश को लेकर घर में घुसकर हमला, कई लोग जख्मी

पायनियर समाचार सेवा। निगोहां

❖ तहरीर मिलने पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

निगोहां थाना क्षेत्र के नटौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा एक परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से लैस होकर पीड़ित के घर में घुस आए और पूरे परिवार को बेरहमी से पीटा।

इस घटना में महिला सहित कई लोग घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नटौली निवासी रामनयन पुत्र स्व. छेदालाल ने निगोहां थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते शनिवार की शाम वह अपने घर पर खाना खा रहा था। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले उमेश पुत्र राम बसन, कल्लू पुत्र उमेश, आशु पुत्र राम सागर और सुशील पुत्र रमेश हाथों में लाठी, लोहे की रॉड व कुल्हाड़ी लेकर उसके घर में घुस आए।आरोप है कि हमलावरों ने बिना किसी उकसावे के गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर पीड़ित पर हमला कर दिया। हमले के दौरान कल्लू द्वारा लोहे की रॉड से सिर पर वार किया गया, जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को भी जमकर पीटा।

# उत्तर प्रदेश के साथ घनिष्ठ संबंध रहेः पीयूष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ।** केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ उनके बहुत करीबी संबंध हैं। गोयल ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी का नाम घोषित करने के बाद लखनऊ में एक सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा ₹विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के हम सदस्य हैं। दुनिया हैरान है कि जितने व्यवस्थित व लोकतांत्रिक तरीके से सदस्य बनाने व राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का काम आपसी समन्वय से होता है वह अकल्पनीय है।

गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ उनका बहुत घनिष्ठ संबंध है। उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगियों की जीत के बाद योगी आदित्यनाथ को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की सूचना देने के क्षणों को याद करते हुए कहा, जब तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने योगी आदित्यनाथ को बताया कि आपको लखनऊ जाना है, उप्र सरकार की कमान संभालनी है। यह मेरे दिल्ली स्थित आवास पर हुआ था। शायद इसीलिए उप्र के साथ मेरा संबंध बहुत घनिष्ठ रहा है।

उन्होंने लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 'कर्मभूमि' बताते हुए कहा कि लखनऊ सिर्फ एक शहर नहीं है, यह एक विशेष राज्य की राजधानी है, जिसकी ओर पूरा देश देखता है।

उन्होंने कहा, हमारे नेताओं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी वाजपेयी ने जिस प्रकार से पार्टी को आगे बढ़ाया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है, उसी के बलबूते हम आज इतनी बड़ी संख्या में यहां इकट्ठा हुए हैं। गोयल ने वाजपेयी के वक्तव्य को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा का अध्यक्ष पद अलंकार की वस्तु नहीं है, बल्कि दायित्व है।

उन्होंने कहा कि यह पद ₹प्रतिष्ठा नहीं, परीक्षा है और सम्मान नहीं, चुनौती है। हम राजनीति को मूल्यों पर आधारित करना चाहते हैं। उन्हीं मूल्यों पर आधारित करके आज देश में कार्य जारी है। इस बीच केंद्रीय मंत्री गोयल ने यह भी कहा कि विदेशों में भारतीयों को अब जो सम्मान और इज्जत मिलती है, वह 2014 से पहले कभी ऐसी नहीं थी।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हर दिन भ्रष्टाचार और बड़े घोटालों की खबरें आती थीं, और उत्तर प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब थी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर और भारी बहुमत से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार का गठन सुनिश्चित करके, आप सरकार द्वारा शुरू की गई विकास की लहर के साक्षी और सूत्रधार रहे हैं। गोयल ने कहा, ₹वर्ष 2014 से 2025 तक के सफर के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश की सोच और काम करने के तरीके में व्यापक परिवर्तन हुआ है। अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की पहचान भी बदली। आज हम जहां भी भारतीय पासपोर्ट लेकर जाते हैं, विदेशों में एक भारतीय के रूप में जो सम्मान और आदर मिलता है, वह 2014 से पहले कभी नहीं था।

उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से मोदी सरकार ने सुशासन को अपना केंद्रबिंदु बनाया है, एक विकासशील देश को विकास से जोड़ा है, 'अंत्योदय' की भावना को सही मायने में घर-घर तक पहुंचाया है और 2014 के बाद लोगों के जीवन को बदला है, वह देश और दुनिया के लिए एक मिसाल है।

केंद्रीय मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया और कहा कि सरकार ने 11 वर्षों में रिकॉर्ड 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

# यूपी का कृषि मॉडल वैश्विक स्तर पर कर रहा है ध्यान आकर्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



यूपी का कृषि मॉडल आज राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसकी वजह इसका मजबूत, स्केलेबल और किसान-केंद्रित ढांचा है। आंकड़ों के मुताबिक, राज्य की कृषि विकास दर 2016-17 में 8.6 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 17.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

आज उत्तर प्रदेश देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21.58 प्रतिशत का योगदान देता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी तेजी से एक प्रभावी और हाई-इम्पैक्ट कृषि मॉडल के रूप में उभर रहा है, जिसे अन्य राज्य भी अपना सकते हैं। उनका कहना है कि राज्य की अगली बड़ी छलांग उन्नत बीज प्रौद्योगिकियों के बेहतर एकीकरण और हाइब्रिड बीजों को व्यापक रूप से अपनाने पर निर्भर करेगी, जिससे उत्पादन बढ़ेगा, क्लाइमेट रेसिलिएंस मजबूत होगी और किसानों की आय में सुधार आए। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तथा सावना सीड्स के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक अजय राणा ने कहा, राज्य ने 20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को डीएसआर के तहत लाने, धान आधारित सिस्टम में 30 प्रतिशत उत्पादकता बढ़ाने और भविष्य की खाद्य सुरक्षा व जलवायु लक्ष्य के लिए विज्ञान, नवाचार और नीति को जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी परिकल्पना रखी है। बीते दो मौसम में डीएसआर को बड़े स्तर पर अपनाया गया है। राणा ने आगे कहा कि चावल, मक्का, श्री अन्न, सब्ज़ियाँ और तिलहन जैसी फसलों के हाइब्रिड बीज राज्य के 2047 के विजन को साकार करने में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

# साधना शिविर का भव्य समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मोहनलालगंज क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में आयोजित 72 घंटे का साधना शिविर श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता करते हुए गुरु मंत्र का जाप, ध्यान और साधना की। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज के चरणों में नमन करते हुए प्रार्थना की कि वे इसी प्रकार अपनी कृपा और दया सभी शिष्यों पर बनाए रखें। साधकों ने बताया कि शिविर के दौरान उन्हें मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा की गहन अनुभूति हुई, जिससे उनके दैनिक जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन महसूस हो रहा है।आयोजक नागेश्वर द्विवेदी, मनोज और जगदीश ने बताया कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि साधना शिविरों के माध्यम से व्यक्ति के भीतर आत्मसंयम और सेवा भाव का विकास होता है। संगत से जुड़े नागेश्वर द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के साधना शिविरों का आयोजन संगत से जुड़े साधक समय-समय पर सामूहिक रूप से करते हैं। साथ ही शाकाहारी जीवनशैली के प्रचार-प्रसार का संदेश भी पूरे देश में दिया जाता है, जिससे स्वस्थ, संयमित और संस्कारित जीवन को बढ़ावा मिल सके।शिविर के सफल आयोजन पर साधकों व श्रद्धालुओं ने संतोष और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की कामना की।

# मां की डांट से लापता मासूम गुजरात में मिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

गाजीपुर में मां की डांट से क्षुब्ध 11 साल का मासूम बच्चा साइकिल लेकर कहीं लापता हो गया। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी रही। आखिरकार तीन दिन बाद लापता मासूम गुजरात के अहमदाबाद में मिला। जिसे पुलिस की एक टीम लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गयी है। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि आखिर मासूम गुजरात के अहमदाबाद कैसे पहुंचा। बताया जा रहा है कि गाजीपुर के इंदिरानगर पटेलनगर में रहने वाले बृजेश कुमार सुमन टीचर है। उनका बेटा सेक्टर-आठ स्थित रानी लक्ष्मी बाई स्कूल में छठवीं में पढ़ता था। गत दस दिसंबर को किसी बात को लेकर मां ने उसे डांट दिया था। जिसके बाद वह घर से बिना बताये कहीं चला गया। कई घंटे तलाशने पर जब मासूम न हीं मिला तो परिजन उसकी तलाश में जुट गये। देर रात इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि वह साइकिल लेकर निकला है। वहीं पुलिस चारबाग, बस स्टेशन समेत कई जगह मासूम की तलाश कर रही थी कि तभी तीन दिन बाद मासूम गुजरात के अहमदाबाद में सकुशल मिला।

# महर्षि वाल्मीकि धर्मशाला भवन का मंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



❖ समाज के शैक्षिक व सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण पहलः शर्मा

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कानपुर नगर के रायपुरवा क्षेत्र में निर्माणाधीन महर्षि वाल्मीकि सुदर्शन धर्मशाला भवन का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। यह भवन हरिजन सहायक समिति द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों सहित समस्त समाज के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को गति देना है।

इस अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक भवन समाज में एकता, समरसता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जैसे महान ऋषि और समाज सुधारक के नाम पर निर्मित यह भवन सामाजिक नवनिर्माण का सशक्त माध्यम बनेगा और समाज को नई दिशा प्रदान करेगा। मंत्री ने कहा कि भवन के पूर्ण होने के बाद यहां विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों, तथा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, मार्गदर्शन कक्षाएं और शैक्षिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इससे समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और उनका आत्मविश्वास सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार किसी भी समाज की प्रगति की नींव होते हैं। इस भवन के माध्यम से संचालित होने वाली शैक्षिक गतिविधियों से समाज के होनहार बालक-बालिकाओं का भविष्य उज्ज्वल बनेगा और वे प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे।

शर्मा ने विधान परिषद सदस्य श्री सलिल बिश्नोई द्वारा भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई 25 लाख की सहयोग राशि की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए ऐसे सहयोग समाज सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने हरिजन सहायक समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के लिए इस तरह की पहल प्रेरणादायी है।

# एसबीआई बीएलएस पोर्टेबल टैब से माइक्रो-एटीएम सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ आधार पेमेंट और केवाईसी की भी सुविधा

अब बैंक जाने की चिंता खत्म, क्योंकि बैंक खुद आपके घर तक आने वाला है। बीएलएस ई-सर्विसेज ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ मिलकर एक पोर्टेबल टैब लॉन्च किया है, जो ग्राहक सेवा केंद्रों को मोबाइल बैंक की तरह काम करने में सक्षम बनाता है। यह छोटा-सा डिवाइस ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी भारत में बैंकिंग की पूरी तस्वीर बदल सकता है, क्योंकि अब ग्राहक को बैंक शाखा या काउंटर तक पहुँचने की जरूरत नहीं, बल्कि सेवाएँ सीधे उनके दरवाजे पर उपलब्ध होंगी।

यह टैब माइक्रो-एटीएम, एईपीएस आधारित नकद लेनदेन, आधार प्रमाणीकरण, री-केवाईसी अपडेट और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नामांकन जैसी सेवाएँ घर-घर पहुँचाने की क्षमता रखता है।

इससे बुजुर्गों, दिव्यांग व्यक्तियों और पहाड़ी या दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बड़ा लाभ मिलेगा, जिन्हें बैंक पहुँचने में समय, यात्रा खर्च और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह पहल भारत में वित्तीय समावेशन को गहरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। जिन लोगों के लिए बैंक पहुँचने में आधा दिन लग जाता था, उनके लिए अब बैंकिंग सिर्फ घर की दस्तक पर उपलब्ध होगी। इसलिए यह डिवाइस सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि पहुँच, सम्मान और सशक्तिकरण का नया चेहरा है, जो भारत के अंतिम छोर तक डिजिटल और बैंकिंग सेवाओं को सचमुच में लोग-केन्द्रित बना रहा है।

# अमेजन आत्मनिर्भर भारत के विजन को बना रहा है सशक्त

❖ 2030 में, अमेजन 3.8 मिलियन नौकरियों को करेगा सपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



अमेजन के छठे संस्करण के संभव समिट में जारी की गई कीस्टोन स्ट्रैटेजी की एक आर्थिक प्रभाव रिपोर्ट से पता चलता है कि 2010 से भारत में अमेजन का $40 बिलियन का संचयी निवेश, जिसमें कर्मचारियों को मुआवजा और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है, ने भारत के आत्मनिर्भर विजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कीस्टोन के अनुसार, इन निवेशों ने अमेजन को भारत में सबसे बड़े विदेशी निवेशक, ई-कॉमर्स निर्यात के सबसे बड़े प्रवर्तक और देश के शीर्ष नौकरी सृजनकताओं में से एक के रूप में स्थापित किया है। कंपनी ने पूर्ति केंद्रों, परिवहन नेटवर्क, डेटा केंद्रों, डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी विकास सहित भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया है। कीस्टोन रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन ने 12 मिलियन से अधिक छोटे व्यवसायों का डिजिटलीकरण किया है और कुल ई-कॉमर्स निर्यात में $20 बिलियन सक्षम किया है, जबकि 2024 में भारत में विभिन्न उद्योगों में लगभग 2.8 मिलियन प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, प्रेरित और मौसमी नौकरियों का समर्थन किया है। इसी मंच पर, अमेजन ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और घोषणा की कि वह 2030 तक देश में अपने सभी व्यवसायों में $35 बिलियन से अधिक का निवेश करने की योजना बना रहा है।

# कृषि मंत्री ने की किसान पाठशाला की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ प्रदेश की 21,000 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य

कृषि भवन, लखनऊ स्थित निदेशक समीक्षा कक्ष, प्रथम तल में कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला की समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को जनपद बाराबंकी के ग्राम-दौलतपुर में पद्मश्री कृषक श्री रामशरण वर्मा जी के प्रक्षेत्र से शुभारम्भ किए गए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन और क्रियान्वयन की रणनीति तय करना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

मंत्री ने बताया कि मा० मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने के कारण यह कार्यक्रम और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, अतः हम सभी का दायित्व है कि इसका आयोजन प्रदेश भर में सही ढंग से किया जाए। इस वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश की 21,000 ग्राम पंचायतों में कराने हेतु समस्त जनपदीय/मंडलीय कार्यालयों को निर्देशित कर दिया गया है।

# ऑल-न्यू ग्रेविटी एआई सीरीज एयर कंडीशनर लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हायर एप्लायंसेज इंडिया, जो लगातार 16 सालों से दुनिया का नंबर एक मेजर होम अप्लायंसेज ब्रांड है, ने अपने फैसिलिटी में आयोजित एआई फॉर एयर इवेंट में अपनी ब्रेकथ्रू ग्रेविटी एआई सीरीज एयर कंडीशनर को पेश किया। यह नई रेंज एआई-एटमोएक्स पर आधारित है और अब तक की हायर की सबसे प्रीमियम और एआई इंटीग्रेटेड एसी सीरीज मानी जा रही है, जो इंडिया में इंटेलिजेंट कूलिंग के लिए नया बेंचमार्क सेट करती है। हायर एप्लायंसेज इंडिया के प्रेसिडेंट, एनएस सतीश ने कहा, एआई-एटमो एक्स से पावर्ड हायर ग्रेविटी एआई सीरीज एसीएस, एआई -ड्रिवन होम अप्लायंसेज के नेक्स्ट फ्रंटियर को दर्शाता है और इंडियन कंज्यूमर्स की जरूरतों को समझने के प्रति हमारी गहरी कमिटमेंट को मजबूत करता है। यह इनोवेशन बेहतरीन कंफर्ट, आसान कन्वीनियंस और लॉन्ग टर्म रिलायबिलिटी देता है। हमें पूरा भरोसा है कि ये सभी इनिशिएटिव्स हमारी ग्रोथ को तेज करेंगे और 2030 तक हमारे मार्केट शेयर को आठ प्रतिशत से 17 प्रतिशत तक बढ़ाने में मदद करेंगे। हायर ग्रेविटी एआई सीरीज एसीएस की शुरूआती कीमत 49,990 रूपए रखी गई है और ये इंडिया में सभी प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल चैनल्स पर उपलब्ध होंगे।

# स्क्रीनिंग के लिए सितारों का जमावड़ा

**लखनऊ।** ज़ी5 की नई रोमांचक फिल्म साली मोहब्बत अब स्ट्रीमिंग पर उपलब्ध है और चर्चा में बनी हुई है। टिस्का चोपड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म ड्रामा, धोखा और उलझे रिश्तों को प्रदर्शित करती है, जिसे राधिका आप्टे और दिव्येंदु की दमदार अदाकारी ने जीवंत बना दिया है। फिल्म की रिलीज़ से पहले ज़ी5 ने मुंबई में लगातार खास स्क्रीनिंग्स आयोजित कीं, जिनमें इंडस्ट्री की कई बड़ी हस्तियाँ शामिल हुईं। निर्माता मनीष मल्होत्रा, फिल्म की मुख्य कलाकार राधिका आप्टे, दिव्येंदु, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और पहली बार निर्देशन कर रहीं टिस्का चोपड़ा इस कार्यक्रम में मौजूद थे। इसके अलावा करण जौहर, काजोल, भूमि पेडनेकर, फराह खान, हिना खानऔर कई अन्य सितारे भी इस खास आयोजन का हिस्सा बने।

# कला-संवर्धन की दिशा में नई पहल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, उत्तर प्रदेश श्री जयवीर सिंह जी के नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में प्रदेश में ललित कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) द्वारा एक आमंत्रित कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 (सोमवार) को अपराह्न 3.00 बजे अकादमी के लाल बारादरी भवन, लखनऊ में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री स्वांत रंजन जी एवं राष्ट्रीय पालक अधिकारी, संस्कार भारती की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रदर्शनी में आमंत्रित कलाकार के रूप में श्री हरि दर्शन सांख्य (वाराणसी) अपनी चयनित कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शित कलाकृतियाँ ''हिमालयः आध्यात्मिकता का पावन मौन'' विषय पर आधारित होंगी, जिनमें हिमालय की दिव्यता, साधना, नीरवता और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त कलात्मक अभिव्यक्ति प्रदान की गई है। मंत्री श्री जयवीर सिंह जी की यह स्पष्ट दृष्टि रही है कि प्रदेश की समृद्ध कला परंपरा को समकालीन संवेदनाओं से जोड़ते हुए कलाकारों को सशक्त और सम्मानजनक मंच उपलब्ध कराया जाए।

# दुधवा नेशनल पार्क के लिए रियायती टूर पैकेज की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ दुधवा टूर पैकेज से इको टूरिज्म और जंगल सफारी को मिलेगा बढ़ावाः जयवीर

दुधवा नेशनल पार्क की हरियाली, रोमांच से भरे जंगल सफारी अनुभव और दुर्लभ वन्य जीवों की झलक को अब पर्यटक पहले से कहीं अधिक आसान और किफायती तरीके से देख सकेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने सैलानियों, परिवार के सदस्यों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक रात, दो दिन के पांच विशेष बजट पैकेज तैयार किए हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

मंत्री ने बताया कि यूपीएसटीडीसी की ओर से तैयार टूर पैकेज पर्यटकों को दुधवा नेशनल पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता को करीब से अनुभव करने का मौका देगा। यह बजट पैकेज उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म, जंगल सफारी और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देगा।श राजधानी लखनऊ के होटल गोमती से 15 दिसंबर 2025 से शुरू होने वाले इस टूर पैकेज से संबंधित विशेष जानकारी यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट से प्राप्त होगी। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा तैयार दुधवा बजट पैकेज अधिकतम आठ यात्रियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेम्पो ट्रैवलर से सफर की शुरुआत होगी, जिसका प्रति व्यक्ति किराया 6,175 रुपए (05 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) होगा। दो दिनी यात्रा के पहले दिन लखनऊ स्थित होटल गोमती से सुबह 08 बजे टेम्पो ट्रैवलर यात्रियों के साथ दुधवा के लिए रवाना होगा। दोपहर 01:30 बजे दुधवा पहुंचकर होटल में लंच और रात 08 बजे रात्रि भोजन के बाद पर्यटक आराम करेंगे। दूसरे दिन सुबह 06:00-10:00 बजे तक पर्यटक जंगल सफारी का आनंद लेंगे। तत्पश्चात सुबह 11 बजे वापसी के लिए लखनऊ रवाना होंगे। दंपति के साथ पांच वर्ष आयु तक के बच्चे मुफ्त में सफर कर सकते हैं। स्टैंडर्ड जंगल सफारी पैकेज अंतर्गत चार यात्रियों का दल सेडान कार से होटल गोमती से दुधवा के लिए रवाना होगा। एक रात और दो दिन वाले सफर में प्रति व्यक्ति किराया 6,500 रुपए (05 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त) होगा।

# फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश का ऑडिशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



भारतीय फैशन और सौंदर्य प्रतियोगिता के इतिहास में एक नया अध्याय 14 दिसंबर 2025 को जुड़ा, जब फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश 2025 ऑडिशन का आयोजन बीडीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ में किया गया।

यह पहली बार था जब फेमिना मिस इंडिया उत्तर प्रदेश का ऑडिशन स्वयं उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। इस प्रतिष्ठित आयोजन कैटवॉक अकादमी द्वारा किया गया, जिसे पूरे प्रदेश से जबरदस्त रिस्पांस मिला है। ऑडिशन के लिए 300 से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए, जो उत्तर प्रदेश की युवतियों के आत्मविश्वास और बढ़ती आकांक्षाओं को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के करीब 150 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया। इस ऑडिशन में उत्तर प्रदेश की उन युक्तियों को प्रतिभाग करने का मौका मिला जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष है तथा न्यूनतम लंबाई 5 फीट 3 थी। ऑडिशन सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ हुई, जिसमें प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनकी पर्सनैलिटी, आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल और मंच प्रस्तुति के आधार पर किया गया। इस अवसर पर कैटवॉक अकादमी के प्रमुख अमित सैमसन नानू ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में पहली बार फेमिना मिस इंडिया ऑडिशन का आयोजन होना ऐतिहासिक क्षण है।

# संकल्प भारत समिट के संस्करण का हुआ आयोजन

❖ प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की

❖ राज्य को नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बनाया जा रहा है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



अग्रणी इम्पैक्ट निवेशक आविष्कार ग्रुप ने आयोजित दूसरे संकल्प भारत समिट के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को समर्थन देने की अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। इस वर्ष संकल्प भारत समिट में 800 से अधिक प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें उद्यम (स्टार्टअप्स, एमएसएमई), विकास वित्त संस्थान और वेंचर कैपिटल शामिल थे। इस मंच पर उद्यमशील सफलता के महत्वपूर्ण कारकों पर चर्चा करने, उन्हें परिभाषित करने और आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। आविष्कार ग्रुप के संस्थापक एवं उपाध्यक्ष विनीत राय ने कहा, हमें यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस विजन के साथ जुड़ने पर गर्व है, जिसके तहत राज्य को नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बनाया जा रहा है। अपने वैश्विक मंच संकल्प को उत्तर प्रदेश में लाकर हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्टार्टअप्स को एक साथ आने, तथा व्यापक स्तर, उद्देश्य और प्रभाव के साथ समाधान विकसित करने के लिए सशक्त बना रहे हैं।

शिखर सम्मेलन की शोभा आलोक कुमार, आईएएस, प्रमुख सचिव (योजना) तथा अनुराग यादव, आईएएस, प्रमुख सचिव (आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी। आविष्कार ग्रुप के चेयरमैन यूके सिन्हा, संस्थापक एवं प्रमोटर विनीत राय तथा अन्य सदस्यों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उत्तर प्रदेश में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों तथा शिखर सम्मेलन में हुई चचाओं की जानकारी उन्हें दी। आविष्कार ग्रुप पूर्वी उत्तर प्रदेश में उद्यमशीलता के इर्द-गिर्द एक उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि क्षेत्र के विकास को गति दी जा सके, और इस पहल के लिए मुख्यमंत्री से सहयोग का अनुरोध किया। उद्यमियों और निवेशकों के लिए, शिखर सम्मेलन में कई पहलें शामिल रहीं, जिनमें संकल्प भारत अवार्ड्स प्रमुख रहे।

संकल्प ने उत्तर प्रदेश की उन बड़ी और स्थापित अग्रणी कंपनियों को भी सम्मानित किया, जैसे ज्ञान डेयरी, पीटीसी इंडिया और पशुपति ग्रुप, जिन्होंने अपने-अपने उद्योगों में अत्याधुनिक विनिर्माण और सतत प्रथाओं को अपनाया है।

पायनियर

लखनऊ, सोमवार , 15 दिसंबर 2025



# डीएम की सख्ती से हिला अवैध प्लाटिंग का खेल

पायनियर संवाददाता। उतरौला, बलरामपुर

जिलाधिकारी बलरामपुर के सख्त निर्देशों के बाद अवैध प्लाटिंग का गोरखधंधा करने वाले प्लाटरों में हड़कंप मच गया है। लंबे समय से उतरौला तहसील क्षेत्र में खुलेआम चल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार अब प्रशासन की सख्त नजर में आ गया है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा इस पर टेढ़ी नजर पड़ते ही अधिकांश अवैध प्लाटर भूमिगत हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, कुछ प्लाटर गरीब और मजबूर किसानों की जमीन को कौड़ियों के भाव खरीदकर या छल-कपट से अपने नाम कर लेते थे। इसके बाद बिना किसी वैधानिक अनुमति, नक्शा पास कराए बिना और सरकारी नियमों को ताक पर रखकर खेतों को छोटे-छोटे प्लाटों में काटकर बेच दिया जाता था। इस अवैध धंधे से प्लाटर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमा रहे थे, जबकि जमीन बेचने वाले किसान बाद में पछताने को मजबूर हो जाते थे।

प्रशासन को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद तहसील और राजस्व विभाग सक्रिय हुआ और कई संदिग्ध प्लाटिंग स्थलों की जांच शुरू कर दी गई। कार्रवाई की आशंका से कई प्लाटरों ने अपने कार्यालय बंद कर दिए हैं और जमीन की खरीद-बिक्री का काम फिलहाल थम सा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध प्लाटिंग के कारण न तो सड़क, न नाली और न ही अन्य बुनियादी सुविधाओं की कोई व्यवस्था होती थी। भविष्य में ऐसे प्लाट खरीदने वाले लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता था। प्रशासन की इस कार्रवाई से आम जनता को बड़ी राहत मिली है।

डीएम के निर्देश पर यह भी स्पष्ट किया गया है कि बिना विधिवत अनुमति और नियमानुसार विकसित की जा रही किसी भी कॉलोनी को अवैध माना जाएगा। ऐसे मामलों में न केवल प्लाटिंग को ध्वस्त किया जाएगा, बल्कि संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन की सख्ती के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि उतरौला तहसील क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर प्रभावी अंकुश लगेगा और गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों की जमीन को लूटने का यह खेल बंद होगा।

### उतरौला-गौरा चौराहा-तुलसीपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा उतरौला-गौरा चौराहा-तुलसीपुर मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा मानकों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मार्ग देवीपाटन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से यातायात व्यवस्था सुचारु होगी तथा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

# व्यापारियों के साथ बैठक हुई नगर में विभिन्न मार्गों पर 16 दिसंबर से अतिक्रमण हटाओ अभियान

पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर

आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर में16 दिसंबर से शुरू होने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर नगर पंचायत सभागार में अध्यक्ष प्रतिनिधि व अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में तीनों व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत की ओर से डीएम के निर्देशों से व्यापारियों को अवगत कराया गया।

नगर पंचायत अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नालों के ऊपर किया गया किसी भी प्रकार का निर्माण, दुकानों पर लगाए गए छाजन, नाली पर बनी सीढ़ियां अथवा छज्जे यदि नगर पंचायत की भूमि या नाले के ऊपर पाए गए, तो उन्हें ध्वस्त किया जाएगा। व्यापारियों ने अपने टीन शेड और सीढ़ियों के वैकल्पिक समाधान के लिए कुछ समय देने की मांग करते हुए नगर पंचायत से सहयोग का आग्रह किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने बताया कि 16 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान जिलाधिकारी के कड़े निर्देशों के क्रम में चलाया जाएगा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण छोड़ा न जाए।

अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे ने बताया कि नगर के विभिन्न मार्गों पर अलग-अलग दिनों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान 16 दिसंबर से 29 जनवरी तक चलेगा, जिसके अंतर्गत नगर के प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस बल के साथ तहसील प्रशासन भी मौजूद रहेगा।

बैठक में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनिल लाठ, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, श्याम बिहारी अग्रहरि, राजू कसौधन, पंकज कनोडिया, रूपचंद गुप्ता, सुखदेव चौरसिया, अमित अग्रवाल, जय सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और सभासद उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति व बचपन बचाओ अभियान के तहत किया जागरूक

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान, बाल श्रम व भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान तथा 'बचपन बचाओ' आंदोलन के अंतर्गत जनपद में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को थाना एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) बलरामपुर एवं कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नगर क्षेत्र में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

यह अभियान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी नगर एवं नोडल अधिकारी एएचटीयू ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना एएचटीयू प्रभारी सूरज कुमार ने किया। अभियान के तहत मिशन शक्ति 5.0 एवं 'बाल तस्करी से आजादी 3.0' के उद्देश्यों को आमजन तक पहुंचाया गया।

जन-जागरूकता कार्यक्रम के दौरान थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में आम नागरिकों, दुकानदारों तथा होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और वर्कशॉप संचालकों से सीधे संवाद किया गया। पुलिस टीम ने उन्हें बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति और मानव तस्करी के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

होटल, ढाबा एवं वर्कशॉप मालिकों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है और यदि कहीं भी बाल श्रम पाया गया तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

इसके पश्चात ग्राम धर्मपुर बिजलीपुर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को बाल विवाह, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी एवं मानव तस्करी जैसी सामाजिक कुप्रथाओं के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न करें और किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह न होने दें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान आमजन को विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1930 (साइबर अपराध), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1076, 108 एवं 181 शामिल हैं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शनिवार की रात सादुल्लाहनगर क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर कई फीट दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में घायल व्यक्ति की पहचान हाफिज महमूदुल हसन उर्फ हाफिज पीसीओ वाले के रूप में हुई है। टक्कर मारने के बाद कार चालक वाहन समेत मनकापुर की ओर फरार हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हाफिज महमुदुल हसन के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

# शौर्य यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, गूंजे जय श्रीराम के नारे

पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)



रविवार को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में उतरौला नगर में एक विशाल शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। शौर्य यात्रा में सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की और राम मंदिर मुक्ति आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानी कार्यकर्ताओं को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। यात्रा के दौरान नगर का वातावरण जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

शौर्य यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी। कार्यकर्ताओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर अनुशासन और एकजुटता का परिचय दिया। यात्रा का उद्देश्य राम मंदिर आंदोलन के इतिहास, उसमें दिए गए बलिदानों तथा हिंदू समाज की एकता और सांस्कृतिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाना बताया गया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर जिला संयोजक सुरेश कश्यप ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन केवल एक मंदिर निर्माण का संघर्ष नहीं था, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, आस्था और आत्मसम्मान की रक्षा का आंदोलन था। उन्होंने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने इस आंदोलन में अपने प्राणों का बलिदान दिया, उनका स्मरण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उनके बलिदान के कारण ही आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हो सका है। जिला धर्म प्रसार प्रमुख दीपक चौधरी ने कहा कि शौर्य यात्रा का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने इतिहास और बलिदानों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहना चाहिए और राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने वारंटी अभियुक्तों को दबोचा

❖ वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही

पायनियर संवाददाता। उतरौला/बलरामपुर

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने वारंटी अभियुक्त के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। यह कार्रवाई जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना श्रीदत्तगंज पुलिस लगातार वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अविरल शुक्ला के निर्देशन में गठित पुलिस टीम न्यायालय एसीजे/जेडी/जेएम उतरौला से जारी वारंट के अनुपालन में कार्रवाई की।

रविवार दिनांक 14 दिसंबर 2025 को थाना श्रीदत्तगंज पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त रामनाथ पाठक पुत्र चन्द्र पाठक, निवासी ग्राम बाधाजोत, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, न्यायालय द्वारा जारी वारंटों के लंबित रहने से कानून व्यवस्था प्रभावित होती है, इसलिए ऐसे अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और आमजन को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक गिरिजाशंकर पाण्डेय तथा कांस्टेबल अवधेश वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी से न्यायिक प्रक्रिया को मजबूती मिलती है और अपराध नियंत्रण में मदद मिलती है।

जनपद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी वारंटी या वांछित अभियुक्त की जानकारी हो तो पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## सीएचसी उतरौला पर बढ़ा दबाव, बाल, महिला व हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं है तैनाती

**उतरौला (बलरामपुर)।** लाखों की आबादी वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला इन दिनों गंभीर संसाधन संकट से जूझ रहा है। क्षेत्र की बड़ी जनसंख्या का भार उठाने वाला यह अस्पताल चिकित्सकों की कमी, आधुनिक सुविधाओं के अभाव और दवाओं की अनुपलब्धता के कारण मरीजों की जरूरतों को पूरा करने में संघर्ष कर रहा है। सीएचसी में वर्तमान समय में बाल रोग विशेषज्ञ, महिला चिकित्सक और हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं है, जिसके कारण संबंधित विभागों से जुड़े मरीजों को आवश्यक उपचार समय पर नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी लंबे समय से बनी हुई है।

# मिशन शक्ति के तहत आयोजित हुआ बेटी-बहू सम्मेलन

❖ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रमुख रही

पायनियर सवाददाता। सादुल्लाहनगर/बलरामपुर




थाना सादुल्लाहनगर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम मीरपुर में बेटी-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम ने संयुक्त रूप से महिलाओं को जागरूक किया।

सम्मेलन में अविवाहित व तलाकशुदा लड़कियों, आशा बहुओं, ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र की संभ्रांत महिलाओं को लड़कियों के भागने की समस्या, उससे जुड़ी सामाजिक चुनौतियों एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं से संवाद करते हुए पारिवारिक सजगता, समय पर सूचना देने और कानून की मदद लेने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित समूह सखी अध्यक्ष मीना कनौजिया, समूह सखी कलावती, सरोज, पूनम सहित अन्य महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रमुख रहीं।

इसके साथ ही महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता हेतु प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 1930, 1098, 181, 102 और 108 की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल संपर्क किया जा सकता है।

सम्मेलन के अंत में महिलाओं ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की मांग की।

# डीएम ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा एकड़ंगा, उतरौला का निरीक्षण

❖ मरीजों से किया संवाद, बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर

जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा एकड़ंगा, तहसील उतरौला में आयोजित जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेले में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर उपस्थित मरीजों से संवाद कर उपचार, दवा वितरण एवं जांच सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि जन आरोग्य मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, जांच व्यवस्था तथा अभिलेखों की भी समीक्षा की और आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से दिलाया जाए।

# कम लागत में अधिक मुनाफे के लिए किसान पाठशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता। सादुल्लानगर/बलरामपुर



कम लागत में अधिक मुनाफा अर्जित करने के उद्देश्य से शनिवार को कृषि विभाग द्वारा विकास खंड रेहराबाजार के ग्राम बैरिया सुर्जनपुर व बढ़या फरीद खान में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एडीओ एजी रणधीर सिंह ने सरसों की फसल में समय से बिरलीकरण, चना की उचित मोटाई, पेड़ी गन्ना कटाई के बाद लेट प्रजाति के गेहूं की बोवाई, गेहूं फसल में सिंचाई का सही समय एवं फसल की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक विधि से खेती कर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्राविधिक सहायक राजकिशोर सिंह व अरविंद कुमार ने भी किसानों को उन्नत बीज, खाद प्रबंधन और फसल संरक्षण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। किसान पाठशाला में किसान रामसूरत, जुग्गी लाल, शफीक, रामनेवास, आज्ञाराम, सीताराम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने विभाग द्वारा दी गई जानकारियों को उपयोगी बताते हुए उन्हें अपनी खेती में अपनाने की बात कही।

## तहसील का ऐतिहासिक मुख्य द्वार उपेक्षा की भेंट अतिक्रमण व गंदगी से जनता त्रस्त

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील मुख्य द्वार, जो कभी व्यापक जनआवागमन का प्रमुख मार्ग रहा, आज अतिक्रमण, गंदगी और प्रशासनिक उदासीनता का जीवंत उदाहरण बन चुका है। गेट के बाहर कब्जे, अंदर कचरे का अंबार, जर्जर दीवारें और टूटी रेलिंग, ये सब उस सुविधा का ऐतिहासिक पतन दिखा रहे हैं जो नागरिकों को सहज और सम्मानजनक सेवाएँ देने के लिए बनी थी। स्थानीय समाजसेवी आदिल हुसैन ने 06/12/2025 को क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह को इस मामले पर ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील के पुराने मुख्य द्वार की चौड़ाई इतनी थी कि दो वाहन एक साथ निकल सकते थे, पर अब वह पूरी तरह बंद है।

# डीएम ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता। बलरामपुर

6 बार गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ड रिकॉर्ड प्राप्त कर चुकी सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एन्ड एक्टिविस्ट्स (निफा) एवं अग्रवाल सभा बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदानियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। सामाजिक संस्था निफा द्वारा रक्तदान- महादान अभियान के अंतर्गत इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गयाए जिससे जरूरतमंदों और गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को समय पर आसानी से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। उनके द्वारा स्वयं रक्तदान करना इसके महत्व एवं उपयोगिता को सार्थकता प्रदान करना है। उनके द्वारा आम जनमानस से नियमित रक्तदान की अपील भी की गई। शिविर के मुख्य आयोजक जनपद के चर्चित ब्लडमैन आलोक अग्रवाल ने अपना 37वॉं रक्तदान किया। अन्य रक्तदानियों में वैभव त्रिपाठी ने 43 वॉए डॉ तुलसीश दूबे ने 23वॉं, आशीष अग्रवाल ने 19वॉं, अनुज अग्रवाल ने 20वॉं रक्तदान किया। अन्य रक्तदान करने वालों में नारीशक्ति से गौरी अग्रवाल, सुनीति सिंहए सरोज मिश्रा, वंदना अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल सहित अक्षय शुक्ला, सुबोध मिश्रा, अक्षय शुक्ला, विनोद चौहानए राहुल अग्रवाल आदि ने भी रक्तदान किया। सभी रक्तदानियों को निफा की तरफ से विशेष प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

निफा के उत्तर प्रदेश स्टेट कॉर्डिनेटर ब्लडमैन आलोक अग्रवाल ने बताया कि निफा द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहता है। इसी क्रम में इस वर्ष के तृतीय रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया गया है। निफा बलरामपुर के जिला कोआर्डिनेटर संदीप उपाध्याय ने कहा कि रक्तदान के संबध में अभी भी बहुत सारी भ्रांतियां व्याप्त हैं, इन्हें दूर करने के लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आने की जरूरत है। निफा के जिला अध्यक्ष वैभव त्रिपाठी ने अपना 43वाँ रक्तदान करने के बाद कहा कि इससे किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है बल्कि हम ज्यादा स्वस्थ रहते हैं। निफा के जिला सचिव अविनाश पांडेय ने बताया कि जरूरत पड़ने पर हम सभी रक्त की उपलब्धता को सुनिश्चित करने और दिलवाने का सम्मिलित प्रयास करते हैं।

# आधुनिकता की दौड़ में विलुप्त होती बैलों की जोड़ी, यादों में सजी ग्रामीण संस्कृति

बीपी त्रिपाठी/अनिल कुमार। उतरौला (बलरामपुर)



आधुनिकता की तेज रफ्तार ने जहां खेती को आसान और तेज बना दिया है, वहीं ग्रामीण जीवन की आत्मा कही जाने वाली बैलों की मनमोहक जोड़ी अब धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। कभी रबी के मौसम में भोर होते ही खेतों में बैलों की घंटियों की मधुर ध्वनि गूंज उठती थी, जो किसानों के लिए अद्भुत और सुकून भरा अहसास लेकर आती थी। आज वही दृश्य एक दिव्य स्वप्न बनकर रह गया है।

मंगलवार को उतरौला क्षेत्र के इमलिया गांव से गुजरती एक शानदार बैलों की जोड़ी ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सड़कों पर निकलते ही मानो उसने पुराने समय की यादें ताजा कर दीं। देखते ही देखते बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की भीड़ उमड़ पड़ी। ऐसा प्रतीत हुआ मानो समय कुछ पलों के लिए पीछे लौट गया हो और गांव की गलियों में फिर वही पुराना दौर जीवंत हो उठा हो। संवाददाता द्वारा जब एक किसान से बातचीत की गई तो उनके चेहरे पर पुरानी यादों की मुस्कान साफ झलक उठी। किसान ने भावुक स्वर में कहा, ''बाबू, एक जमाना था जब घर के दरवाजे पर बैलों की जोड़ी देखकर मन प्रफुल्लित हो जाता था। भोर से ही उन्हें चारा खिलाने, नहलाने और साज-सज्जा की तैयारी शुरू हो जाती थी। शादी-विवाह में दुल्हन की विदाई भी बैलगाड़ी से ही होती थी। आज वह सब बातें गुजरे जमाने की हो गई हैं।''

किसान ने यह भी बताया कि भले ही आज ट्रैक्टर और आधुनिक मशीनों से खेतों की जुताई आसान हो गई है, लेकिन बैलों की मदमस्त जोड़ी का कोई विकल्प नहीं हो सकता। उनका मानना है कि पहले के समय में फसलों में रोग कम लगते थे और खेती पूरी तरह प्रकृति के साथ सामंजस्य में होती थी। बैलों के साथ किसान का रिश्ता केवल मेहनत का नहीं, बल्कि भावनाओं और परंपराओं से भी जुड़ा हुआ था।

कभी गांवों की पहचान मानी जाने वाली बैलों की जोड़ी अब आधुनिकता की दौड़ में कहीं खोती जा रही है। वह दौर जब भोर से ही खेतों में हल चलाते बैलों की चाल और घंटियों की गूंज पूरे माहौल को जीवंत बना देती थी, अब केवल यादों में सिमटकर रह गया है। रबी के मौसम में बैलों के साथ खेतों में काम करना किसानों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हुआ करता था, जो अब मशीनों ने छीन लिया है।

इमलिया गांव में जब यह शानदार बैलों की जोड़ी सड़क पर निकली, तो लोगों ने एक स्वर में कहा कि बैल केवल खेती का साधन नहीं थे, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपरा की पहचान भी थे। चाहे अमीर किसान हो या गरीब, हर घर के दरवाजे पर बैलों की जोड़ी नजर आती थी। उनकी देखभाल, उन्हें सजाना, होली जैसे त्योहारों पर नहलाना और परेड कराना ग्रामीण जीवन की खास परंपराओं में शामिल था। बैलों की ताकत और सुंदरता किसानों के लिए गर्व का विषय हुआ करती थी।

**अब भी पूजे जाते हैं बैल:** हालांकि बैलों की संख्या में भारी कमी आई है, लेकिन आज भी कई स्थानों पर परंपराओं को जीवित रखा गया है। बैलों की जोड़ी को माथे पर तिलक लगाकर पूजा जाता है। बजाज चीनी मिल, इटई मैदा में गन्ना पेराई सत्र के शुभारंभ अवसर पर मिल प्रबंधन द्वारा बैलगाड़ी में गन्ना लेकर आए सजे-धजे बैलों की जोड़ी का माला पहनाकर स्वागत किया गया और माथे पर चंदन लगाकर विधिवत शुभारंभ किया गया। यह दृश्य आज भी ग्रामीण परंपराओं की जीवंत मिसाल प्रस्तुत करता है।

**बदलते समय की तस्वीर:** आधुनिकता ने खेती को निश्चित रूप से सरल और तेज बनाया है, लेकिन इसके साथ ग्रामीण संस्कृति का एक अहम अध्याय भी धीरे-धीरे मिटता जा रहा है। बैलों की जोड़ी अब मेलों, प्रदर्शनियों या विशेष आयोजनों में ही दिखाई देती है। नई पीढ़ी मशीनों पर अधिक निर्भर हो गई है और परंपरागत खेती से भावनात्मक जुड़ाव कम होता जा रहा है।

# प्रदेश का गोरक्षनगरी बना पॉलिटिकल पावर सेंटर

- गोरखपुर के योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री और पंकज चौधरी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
- कमलेश पासवान केंद्र सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
- शिव प्रताप शुक्ला हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल
- डा.राधा मोहन दास अग्रवाल राज्यसभा सदस्य और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव है।






**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में गोरखपुर का कद लगातार बढ़ता जा रहा है। सत्ता और संगठन दोनों की कमान अब इस जिले के हाथों में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले से ही प्रदेश सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं, वहीं हाल ही में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद गोरखपुर भाजपा संगठन का भी केंद्र बन गया है।गोरखपुर और आसपास के जिलों से जुड़े कई बड़े नेता राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। कमलेश पासवान केंद्र सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री हैं। शिव प्रताप शुक्ला हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्यरत हैं। वहीं डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल राज्यसभा सदस्य होने के साथ भाजपा केंद्रीय संगठन में महामंत्री की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इन नियुक्तियों और पदों ने गोरखपुर को प्रदेश की राजनीति का धुरी बना दिया है। अगर यह कहा जाय कि गोरखपुर प्रदेश के राजनीतिक का पावर सेन्टर बन गया है तो अतिसंयोक्ति नहीं होगा। वैसे गोरखनाथ पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में लगातार मजबूत पकड़ बनाई है। मुख्यमंत्री का पद गोरखपुर से जुड़ा होने के कारण इस जिले की राजनीतिक अहमियत पहले से ही बढ़ी हुई थी। अब पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठनात्मक शक्ति भी गोरखपुर के पास आ गई है। इससे भाजपा की रणनीति और फैसलों में गोरखपुर की भूमिका और भी निर्णायक हो गई है।नरेंद्र मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री के रूप में पंकज चौधरी पहले से ही राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय थे। प्रदेश अध्यक्ष पद मिलने के बाद उनका कद और बढ़ गया है। इससे गोरखपुर जिले का ओहदा उत्तर प्रदेश की राजनीति में अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गया है। संगठन और सत्ता दोनों की कमान गोरखपुर के नेताओं के पास होने से यह जिला अब प्रदेश भाजपा का पावर सेंटर बन गया है।

गोरखपुर के साथ ही साथ महराजगंज भी राजनीतिक समीकरण में अहम स्थान रखता है। पंकज चौधरी जो गोरखपुर के होते हुए भी जनपद महाराजगंज से सात बार सांसद बनकर जिले का प्रतिनिधित्व करते चले आ रहे हैं, वही अब बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बनने से इस जिले को भी प्रदेश राजनीति में विशेष महत्व दिलाया है। राजनेताओं की माने तो गोरखपुर-महराजगंज क्षेत्र अब भाजपा के लिए रणनीतिक रूप से सबसे मजबूत इलाकों में गिना जा रहा है।

# सामूहिक विवाह में 556 जोड़े डोर से बंधे

- सिसवा कस्बे के सुभाष नगर वार्ड मे आयोजित हुआ कार्यक्रम

**पायनियर संवाददाता। सिसवा बाजार.महराजगंज।**



कस्बे के वार्ड नंबर तीन सुभाष नगर वार्ड के एक परिसर में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे कुल 556 जोड़े रिश्तों के डोर में बंधे। सिसवा, निचलौल, मिठौरा व सदर ब्लाक के 682 जोड़ों ने विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक के प्रतिनिधि धर्मवीर पटेल व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल ने जोड़ों को उपहार व विवाह प्रमाण पत्र देकर नवदंपती को आशीर्वाद दिया।

जिला प्रशासन की ओर से निचलौल तहसील क्षेत्र के नगर पालिका सिसवा बाजार के वार्ड नंबर तीन सुभाषनगर के एक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रेम सागर पटेल के प्रतिनिधि धर्मवीर पटेल ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का ये कार्यक्रम गरीबों के लिये एक अच्छी योजना है।इसके माध्यम से गरीब, पिछड़े लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है नगर में आयोजित सामूहिक विवाह में अतिथियों ने पुष्प वर्षा कर नवदंपती का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल ने भी सभी जोड़ो से मुलाक़ात कर उन्हें आशीर्वाद दिया।इस योजना के तहत प्रशासन की ओर से बेटियों की शादी कराई जा रही है। सभी अतिथियों ने नव दाम्पति को उपहार और प्रमाण पत्र देकर उन्हें आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी विपिन ने बताया कि सिसवा, निचलौल, मिठौरा व सदर ब्लॉक के अल्पसंख्यक, पिछड़ी जाति, सामान्य जाति, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कुल 366 जोड़ों की शादी हिन्दू, बौद्ध व मुस्लिम रीति से हुई। प्रत्येक जोड़े को अनुदान के रुप मे योजना के तहत 60,000 कन्या के खाते में, 25,000 की उपहार सामग्री और 15,000 अन्य व्यवस्था में खर्च हुआ है।कार्यक्रम मे वर वधु और उनके पक्ष के लोगों भोजन का भी व्यवस्था किया गया है।

# पुलिस ने झूठी छिनैती की सूचना देने वाले को पकड़ा

- 50 हजार रुपए बरामद मामले में बढ़ी धाराएं

**पायनियर संवाददाता। गोरखपुर**

गुलरिहा थाना पुलिस एवं एसओजी/स्वाट टीम ने छिनैती की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह एवं एसओजी/स्वाट प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना गुलरिहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1049/2025 से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सनोज निषाद पुत्र रामनेवास निषाद निवासी ग्राम जैनपुर टोला मोहम्मद बरवा, थाना गुलरिहा, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। अभियुक्त ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसे पैसों की आवश्यकता थी और लालच में आकर उसने छिनैती की झूठी सूचना दी थी। पुलिस के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को वादी ने थाना गुलरिहा में तहरीर दी गई थी कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनसे 50 हजार रुपये छीन लिए। जांच के दौरान अभियुक्त की सच्चाई सामने आई।अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2022 में उसके खिलाफ मारपीट, बलवा, गाली-गलौज व धमकी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। गिरफ्तारी की कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक राजमंगल सिंह (एसओजी/स्वाट), उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम आनंद सिंह (एसओजी), उपनिरीक्षक अंजनी तिवारी, उपनिरीक्षक रमेश यादव सहित एसओजी एवं थाना गुलरिहा की संयुक्त पुलिस टीम शामिल रही।

## शबनम गिरफ्तार ओझा पति के साथ मिलकर की थी लड़की की हत्या

**आजमगढ़।** जिले की कन्धरापुर पुलिस ने ऐसे महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने अपने पति के साथ मिलकर लड़की की हत्या किया था, बता दें कि बता दें कि अभियुक्त चन्दू पूर्व में दिहाड़ी मजदूरी करता था, परंतु धीरे-धीरे तंत्रझमंत्र, टोनाझटोटका के नाम पर अपनी पत्नी शबनम के साथ मिलकर परेशान एवं मजबूर लोगों से धन उगाही करने लगा। इस गिरोह द्वारा पीड़ित महिलाओं व लड़िकयों के साथ अभद्र व अनैतिक कृत्य किए जाते थे। शराब, मुर्गा, बकरा आदि का सेवन कर तंत्रझमंत्र के नाम पर पीड़ितों को भी जबरन शराब पिलाई जाती थी। इस गिरोह की आपराधिक सक्रियता जनपद स्तर पर थी तथा भय के कारण कोई भी इनके विरुद्ध शिकायत करने का साहस नहीं कर पा रहा था । इसी बीच 7 जुलाई 2025 को वादी थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना कन्धरापुर पर प्रार्थना पत्र दिया गया, कि अभियुक्त चन्दू पुत्र फूलचन्द एवं उसकी पत्नी शबनम तंत्रझमंत्र/ओझाई का कार्य करते हैं। दिनांक 06/07.07.2025 की रात्रि लगभग 08:00 बजे, अभियुक्त चन्दू तंत्रझमंत्र करने के बहाने वादी की पुत्री को घर से बुलाकर ले गया।

# एसएसपी ने 34 शस्त्र लाइसेंस किए निरस्त

**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**



एसएसपी ने कुल 33 शस्त्र लाइसेंस धारकों के कुल 34 शस्त्र लाइसेंस निरस्त/निलंबित किया हैं, बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने अब-तक 66 लाइसेंस निरस्त कर चुके हैं, जिनका लाइसेंस निरस्त हुआ है, वे सभी लोग विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए थे। इन व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध पंजीकृत हैं, एवं इनके कृत्यों से लोकशांति, जनसुरक्षा व आमजन में भय की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। अतः इनके पास शस्त्र रहना जनहित में नहीं पाया गया। निरस्त/निलंबित शस्त्र लाइसेंस धारकों का विवरण- 1.दीपक कुमार राय पुत्र शिवकुमार राय, सा० भैंसकुर, थाना बरदह, जनपद आजमगढ़ शस्त्र पिस्टल 2 सत्यानन्द सिंह पुत्र कपिलदेव सिंह निवासी खरगपुर, थाना मेंहनगर आजमगढ़ एसबीबीएल 3 इनामुलहक पुत्र मुहम्मद मारूफ, सा० नोनारी, थाना सरायमीर, जनपद आजमगढ़ शस्त्र डीबीबीएल 4 राजेश राय पुत्र रमाशंकर राय, सा० गडौरा मझौरा, थाना जीयनपुर, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः एसबीबीएल 5.पंकज कुमार सिंह पुत्र राजनाथ सिंह, सा० पटखौली नई बस्ती, थाना कोतवाली, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः रिवाल्वर 6.डा० अवधराज मिश्र पुत्र स्व० रामकिशोर मिश्र, लालगंज, थाना देवगांव, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः एक नाली बन्दूक 7.अमरजीत यादव पुत्र स्व० रामनिवास यादव, सा० चेवता, थाना कप्तानगंज, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः एसबीबीएल 8 श्यामा राम यादव पुत्र डी0आर0 यादव, सा० पेंवठा, थाना जहानागंज, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः एक नाली बन्दूक 9.संतोष सिंह पुत्र कल्पनाथ सिंह, निवासी मसुरियापुर, थाना रौनापार, जनपद आजमगढ़ – शस्त्रः एसबीबीएल 10 सूर्यभान यादव उर्फ भाने पुत्र रामकुँवर यादव, साकिन बैजावारी, थाना रौनापार, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः रिवाल्वर 11 - लक्ष्मण यादव पुत्र मिन्तराज यादव, सा० खानापुर भगतपट्टी, थाना बिलरियागंज, जनपद आजमगढ़ – शस्त्रः एसबीबीएल 12.अब्दुल सोफियान पुत्र मकबूल अहमद, सा० बिलरियागंज, थाना बिलरियागंज, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः एसबीबीएल 13 जयराम यादव पुत्र चन्द्रबली यादव, सा० बम्हौर (लक्षनपुरा), थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः रायफल 14.मदन यादव पुत्र रामचन्द्र यादव, सा० मोहब्बतपुर (रऊजा), थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ – शस्त्रः डीबीबीएल 15.अब्दुल समद पुत्र जमीर अहमद, सा० इब्राहिमपुर, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ – शस्त्रः डीबीबीएल 16 मनोज कुमार यादव पुत्र सन्तकुमार यादव, सा० गण्डी, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ – शस्त्रः रिवाल्वर 17. मनोज सिंह पुत्र चन्द्रिका सिंह, सा० पाही जमीन पाही, थाना मुबारकपुर, जनपद आजमगढ़ – शस्त्रः डीबीबीएल 19. इरफान अहमद पुत्र कायम अली, सा० पुरानूरम, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ –20- फिरोज अहमद पुत्र कायम अली, सा० पुरानूरम फूलपुर, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः डीबीबीएल 21.अफरोज अहमद पुत्र मो० यूसुफ, सा० शबाना मोड़ के पास कस्बा फूलपुर, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः पिस्टल 22.नीरज कुमार सिंह पुत्र सत्यदेव सिंह, सा० पकड़ी खुर्द, थाना देवगांव, जनपद आजमगढ़ – शस्त्रः पिस्टल 23.जिलेदार यादव पुत्र वासुदेव यादव, सा० बैसरसंसारपुर, थाना निजामाबाद, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः एसबीबीएल 24.राम सेवक चौहान पुत्र छांगुर चौहान, सा० आलमपुर, थाना अहरौला, जनपद आजमगढ़ शस्त्रः एसबीबीएल।

## संक्षिप्त समाचार

### कूटरचित दस्तावेजों से दो पासपोर्ट बनवाने का मामला उजागर, मुकदमा दर्ज

**पायनियर,परतावल, महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दो अलग-अलग पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया है। हरपुर तिवारी निवासी अक़बाल पुत्र रामातुल्लाह पर नाम व जन्मतिथि में हेराफेरी कर दो पासपोर्ट प्राप्त करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार आरोपी का पहला पासपोर्ट वर्ष 2009 में जारी हुआ था, जिसका पासपोर्ट नंबर ल -4 501234 बताया जा रहा है। इस पासपोर्ट में जन्मतिथि 1 जनवरी 1972 अंकित है। वहीं दूसरा पासपोर्ट वर्ष 2017 में जारी हुआ, जिसका नंबरफ 0507673 है।जिसमे जन्मतिथी 20 मई 1980 दर्शाया गया है।पासपोर्ट में दर्ज विवरणों में महत्वपूर्ण अंतर पाए जाने पर मामला संदिग्ध हो गया।क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ से सूचना मिलने के बाद श्यामदेउरवा थाना पुलिस ने जांच प्रारंभ की।जांच के दौरान कूटरचित दस्तावेजों के उपयोग की पुष्टि हुई। इसके आधार पर उप निरीक्षक राजेश सिंह की तहरीर पर आरोपी अक़बाल के खिलाफ श्यामदेउरवा थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### खुले में शराब पीने वालों को सीओ ने दी हिदायत



**पायनियर, बृजमनगंज महराजगंज।** पुलिस उपाधीक्षक बसंत सिंह ने बृजमनगंज थाना क्षेत्र का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने नगर भ्रमण के साथ रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न जगहों पर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान वे नगर पंचायत के कोल्हुई तिराहा पर स्थित सरकारी शराब की दुकान के पास व सड़क के आसपास खुले में शराब पी रहे लोगों को हिदायत दिया। उन्होंने ने कहा कि शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगो से भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर शराब न पीने की चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा करना अपराध है। इसका सेवन घर पर करे। जिससे आसपास रहने वालों, राहगीरों व उधर से गुजरने वाली महिलाओं व बच्चों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों व वाहनों में शराब पीने वालों को कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एसआई राजन पासवान, प्रिया वर्मा, समेत स्थानीय थाना की पुलिस बल मौजूद रही।

### स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**पायनियर, सिसवा बाजार, महाराजगंज।** स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। विभिन्न खेलों विजेता बच्चों को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से शील्ड, ट्राफी, मेडल व प्रमाण पत्र दे कर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में अलग-अलग खेलों में मेघा का परचम लहराने वाले बाल प्रतिभाओं मे से स्कालर हाउस ने सबसे ज्यादा मेडल जीत कर प्रथम, सेक्रेड हाउस द्वितीय तथा सेंट हाउस तृतीय स्थान पर रहा । सीनियर बालक वर्ग के 200 मीटर की दौड़ में, अमन कुशवाहा प्रथम,विवेक यादव द्वितीय एंव अमित राय तृतीय, डिस्कस थ्रो में आर्यन प्रथम,नवीन द्वितीय एंव निखिल मौर्या तृतीय, शार्ट पुट में नवीन प्रथम,राजमोहन द्वितीय एंव सात्विक तृतीय, जिवलिंग थ्रो में अरमान अली प्रथम, सहयोग द्वितीय एंव विवेक तृतीय तथा लम्बी कूद में अदनान अंसारी प्रथम,अमन कुशवाहा द्वितीय व सहयोग तृतीय, सीनियर बालिका वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में एकरा प्रथम, पलक द्वितीय एंव श्रेया तृतीय, डिस्कस थ्रो में गुलनाज प्रथम,अंशिका द्वितीय एंव सुनीता तृतीय, शार्ट पुट में स्मिता प्रथम,सायरा द्वितीय एंव अंशिका तृतीय, जिवलिंग थ्रो में आयुषी प्रथम,शीला द्वितीय एंव अराध्या तृतीय,लम्बी कूद में पलक पाण्डेय प्रथम, यामिनी द्वितीय एंव नेहा तृतीय, जूनियर बालक वर्ग के 200 मीटर की दौड़ में, अनुवय प्रथम, वार्शिकिय द्वितीय एंव चंद्रप्रकाश तृतीय, लम्बी कूद में शोएब अख्तर प्रथम, वार्शिकिय द्वितीय एंव सुमित तृतीय तथा जूनियर बालिका वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में, आरती प्रथम, अवन्या द्वितीय व अमृता तृतीय, लम्बी कूद में निकहत प्रथम,अमृता द्वितीय एंव कहकशां तृतीय स्थान पर रही । प्रतियोगिता में शामिल बच्चों एंव अभिभावक ने खेल कूद का भरपूर आनंद उठाया । निदेशक चंद्रशेखर पाल व प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और अतिथियों का आभार प्रगट किया।इस दौरान सिसवा इस्टेट के राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ़ अंकित सिंह, बाबू लाल अग्रवाल ,सोमनाथ चौरसिया,शशिकला सिंह,लक्ष्मण तुलस्यान ,बाल केशव सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# निवर्तमान अपर मुख्य अधिकारी व वर्तमान जेई निलंबित

**पायनियर संवाददाता। आजमगढ़**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की आख्या पर शासन ने निवर्तमान अपर मुख्य अधिकारी, रविन्द्र यादव व वर्तमान जेई गनेश पाल को निलंबित करते हुए संबद्ध कर दिया है, यही नहीं इन तीनों लोगों के ऊपर शासन ने जांच बैठाया है, बता दें कि जिला पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष-2023-24 में 2.दिसम्बर. 2023 को प्रकाशित/प्रचलित निविदा में पूर्व से सम्पन्न कतिपय परियोजनाएँ सम्मिलित किये जाने की शिकायत जिलाधिकारी, आजमगढ़ को प्राप्त हुई। जिलाधिकारी, आजमगढ़ के पत्र संख्या-3609/एस०टी-मु०वि०अ०-जांच/2023-24 दिनांक-4.मार्च.2024 के माध्यम से शिकायती बिन्दुओ की जांच कराकर जांच आख्या शासन को उपलब्ध कराई गई।

जांच आख्यानुसार जिला पंचायत आजमगढ द्वारा प्रकाशित टेण्डर सूची के क्रमांक-58, 59, 60, 65, 108, एवं 113 पर अंकित परियोजनाओं पर प्रस्तावित लंबाई के अनुरूप मौके पर 06-07 माह पूर्व ही कार्य पूर्ण होने के बावजूद उक्त परियोजनाओं का बिना स्थलीय सत्यापन कर प्राक्कलन गठित करने एवं उक्त परियोजना ओ को निविदा में सम्मिलित कराने हेतु विद्या शंकर पांडे अपर मुख्य अधिकारी, रविंद्र यादव प्रभारी अभियंता, गनेश पाल, अवर अभियन्ता, जिला पंचायत, आजमगढ़ को प्रथम द्दष्टया उत्तरदायी पाया गया। उक्त प्रारम्भिक जांच आख्या के आधार पर विद्या शंकर पांडे अपर प्रमुख अधिकारी, रविंद्र यादव प्रभारी अभियंता, गनेश पाल, अवर अभियन्ता, जिला पंचायत, आजमगढ़ प्रथम द्दष्टया जिला पंचायत, आजमगढ़ के स्तर से प्रकाशित/प्रचलित ई निविदा में पूर्व में ही सम्पन्न परियोजनाओं का स्थलीय सत्यापन किये बिना प्राक्कलन गठित करने एवं उक्त परियोजनाओ को निविदा में सम्मिलित कराने हेतु घोर लापरवाही बरतने, शासकीय दायित्वों का अनुपालन न करने एवं गंभीर दुराचरण के दोषी प्रतीत होते हैं। उपरोक्त के द्दष्टिगत विद्या शंकर पांडे अपर मुख्य अधिकारी, रविंद्र यादव प्रभारी अभियंता, गनेश पाल, अवर अभियन्ता, जिला पंचायत, आजमगढ़ के विरुद्ध उ०प्र० जिला पंचायत सेवा नियमावली-1970 के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए गनेश पाल को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया

# युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**पायनियर संवाददाता। (अहरौला) आजमगढ़**



अहरौला थाना क्षेत्र के शंभूपुर पूरा गांव निवासी 35 वर्षीय युवक का शव रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मिथिलेश सिंह पुत्र इंद्रसेन सिंह के रूप में हुई है। उनका शव लेदौरा गांव स्थित मौनी बाबा के कुटिया से करीब 500 मीटर पश्चिम की तरफ पड़ा मिला। प्रातःकाल जब ग्रामीण शौच आदि के लिए उधर गए तो उन्होंने मिथिलेश सिंह को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। इसकी सूचना तत्काल परिजनों को दी गई। परिजनों को पहले विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि मिथिलेश बनारस में रहकर काम करता था। सूचना मिलने के बाद मृतक के बड़े भाई दुर्गेश सिंह समेत परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, जहां मिथिलेश का शव देख उनके होश उड़ गए। मृतक के बड़े भाई दुर्गेश सिंह ने बताया कि मिथिलेश पिछले करीब 15 दिनों से बनारस में काम कर रहा था। उन्हें यह जानकारी नहीं है कि वह गांव कब आया और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने साफ तौर पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार की शाम मिथिलेश को कुछ लोगों के साथ एक दुकान पर देखा गया था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। इससे मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है ।

सूचना मिलते ही अहरौला थाना अध्यक्ष अमित मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में क्षेत्राधिकार बुढ़नपुर अजय कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

# दिल्ली रैली में महराजगंज की मजबूत भागीदारी



- भाजपा की कूटनीति के खिलाफ जनता जाग चुकी है: विरेंद्र चौधरी

**पायनियर संवाददाता। महराजगंज**

देश की राजधानी दिल्ली में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित रैली में उत्तर प्रदेश के महराजगंज जनपद से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान 'वोट चोर, गद्दी छोड़ो' के नारों के साथ केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस रैली में विधायक फरेंदा वीरेंद्र चौधरी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में महराजगंज से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। नेताओं ने भेजे गए संदेश में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भाजपा की कथित कूटनीति के विरुद्ध आम जनमानस को जागरूक करने का संकल्प लिया है। यह रैली जनशक्ति का प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि एक नए राजनीतिक परिवर्तन का आगाज़ है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस निरंतर संघर्षरत है और आम जनता की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाती रहेगी। रैली में प्रमुख रूप से आलोक प्रसाद (पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष), सुरेश सहानी, अनवर (जिला पंचायत सदस्य), गोविंद मिश्र, शरदेंदु पांडेय, राजू कुमार गुप्ता, हृदय नारायण पांडेय, चंदन तिवारी, रामनारायण, मोहम्मद गनी, हनुमान कन्नौजिया, राजेश मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरीबों में कंबल वितरित



**(लालगंज) आजमगढ़ ।** बाबा विश्वनाथ इंटर कालेज गोसाई की बाजार में रविवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य हरी प्रसाद यादव के सौजन्य से गरीबों में कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार यादव एडवोकेट द्वारा गरीबों को कंबल वितरित किया गया उन्होंने कहा कि जरूरत मंद लोगों की सदैव मदद करनी चाहिए ।कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुग्रीव मास्टर व संचालन चंद्रमोहन यादव एडवोकेट कर रहे थे। इस अवसर पर प्रिंस मौर्या, कैलाश यादव, रूपचंद कन्नौजिया, आर्यन यादव, सुशील यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# मानवमात्र की निःस्वार्थ सेवा अघोरपीठ के साथ शिक्षित समाज का भी उद्देश्य

- अघोरपीठ क्रीं कुण्ड वाराणसी और आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल के बैनर तले निःशुल्क नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न

**पायनियर संवाददाता। आज़मगढ़**



अघोराचार्य बाबा कीनाराम शोध एवं सेवा संस्थान,क्रीं कुण्ड,शिवाला वाराणसी की सदर शाखा आज़मगढ़ द्वारा आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी के कुशल चिकित्सकों के देख रेख में ,पीठाधीश्वर महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के निर्देशानुसार,रविवार को राम नारायण बालिका इण्टर कॉलेज, मधुबन गुरेहथा में आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में, 170 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 95 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए उचित मानते हुए वाराणसी में इलाज़ के लिए पंजीकृत किया गया जिनके आने जाने व रहने खाने की सम्पूर्ण व्यवस्था निःशुल्क होगी। शिविर का उद्घाटन प्रातः ,सुहेलदेव विश्विद्यालय के कुलपति प्रो0 संजीव कुमार ने फीता काटकर किया,दीप प्रज्ज्वलन और गुरु पूजन के उपरांत सर्वेश्वरी समूह के पूर्व मंत्री और पीठाधीश्वर के निकट शिष्य स्वर्गीय उदयभान सिंह नन्दी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने उनकी पुण्यतिथि पर उनके पुण्य स्मृतियों को नमन किया। अघोरपीठ वाराणसी से आये हुए विशिष्टजनों ने माननीय कुलपति एवं विशिष्ट अतिथि श्री दीनानाथ जी का स्वागत और अभिनन्दन किया। अपने उद्बोधन में कुलपति ने कहा कि सनातन संस्कृति का मूल ही परोपकार के स्तम्भ पर टिका है, शिक्षा और शिक्षित समाज का उद्देश्य भी मानवमात्र की निःस्वार्थ सेवा है, अघोरपीठ क्रीं कुण्ड वाराणसी और उसकी शाखाओं तथा सर्वेश्वरी समूह द्वारा ऐसे कल्याणकारी आयोजन समाज के लिए पथ प्रदर्शक हैं। विभाग प्रचारक दीनानाथ ने जनमन के कल्याण पर आधारित ऐसे शिविर आयोजन को वंचित लोगों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि सरकार के साथ गैर सरकारी संस्थाओं की ऐसी पहल कल्याणकारी राज्य की भावना को मजबूत करती है और राष्ट्र कल्याण की भावना को प्रबल बनाती है। गरुण होटल के प्रबंध निदेशक और इंटर कॉलेज के प्रबन्धक बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि जनकल्याण समाज के पढ़े लिखे और उच्च तबकों का अनिवार्य नैतिक दायित्व है यही भावना समाज को जोड़े रखती है। उद्घाटन समारोह का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ0 पंकज सिंह एवं हुनर संस्था के रंगकर्मी सुनील विश्वकर्मा ने करते हुए अघोरपीठ के मानव कल्याण आधारित 19 सूत्री कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। अपने स्वागत कथन में डॉ0 प्रवेश कुमार सिंह एवं सदर शाखा के शिविर के प्रधान संचालक प्रमोद कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का अभिनंदन करते हुए बाबा कीनाराम और अघोर परम्परा को नमन किया।

अघोर निनाद के सम्पादक सूर्यनाथ सिंह और अघोरभक्त मेजर अशोक सिंह तथा क्रीं कुण्ड के प्रधान व्यवस्थापक अरुण सिंह ने अघोरपीठ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों और शिविर कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सरंक्षक लालबहादुर सिंह, विपिन सिंह,नरेंद्र सिंह,प्रमोद सिंह, गजराज आदि अन्य गुरुभाई शिविर की सफ़लता में संलग्न रहते हुए सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# महिला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

❖ महिलाओं व छात्राओं को दी गई सुरक्षा की जानकारी

पायनियर संवाददाता। जौनपुर



जनपद में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति-05 अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, बाजारों, चौराहों और गांवों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों को सख्त हिदायत भी दी जा रही है। मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं और महिलाओं को उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवाओं एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व को समझाते हुए उन्हें निर्भीक होकर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई, जिनमें महिला पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। महिला पुलिस ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति या उत्पीड़न की स्थिति में इन नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम में छात्राओं को गुड टचझबैड टच, घरेलू हिंसा से जुड़े कानूनी प्रावधान, साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे और उनसे बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि जनपद के प्रत्येक थाने पर नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्र कार्यरत हैं, जहां महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श, शिकायत निस्तारण और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

महिला पुलिस की इस पहल से उपस्थित महिलाओं व छात्राओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने अभियान की सराहना की।

# हादसे में भाई-बहन की मौत, दो घायल

पायनियर संवाददाता। किछौछा अम्बेडकरनगर



जलालपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जोलहापुर पेट्रोल पंप के पास रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक छोटी बच्ची और 16 वर्षीय स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अशरफपुर मजगवां निवासी 58 वर्षीय ठाकुर प्रसाद पुत्र तीर्थराज अपनी 50 वर्षीय बहन मुन्नी देवी पत्नी रामजगत के साथ जीवत जा रहे थे। इसी दौरान जोलहापुर पेट्रोल पंप के पास स्कूटी सवार साहिल के सामने अचानक विक्की गाड़ी आ जाने से स्कूटी असंतुलित हो गई। तभी सामने से आ रही एक प्लैटिना से टकराव के बाद मुन्नी देवी और ठाकुर प्रसाद सड़क पर गिर पड़े, जहां पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पहुंचाया, जहां से बच्ची को जलालपुर अस्पताल और साहिल को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक प्रेम बहादुर यादव ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में बसखारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पीआई रिपोर्ट के आधार पर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकारों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता। बसखारी, अंबेडकरनगर



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने रविवार को पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों का प्रदेश का एक बड़ा संगठन है, जिसकी शाखाएं प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों और 551 तहसीलों में सक्रिय हैं। संगठन का कहना है कि कठिन परिस्थितियों में कार्य करने के बावजूद ग्रामीण पत्रकारों को सरकार या संस्थानों की ओर से कोई ठोस सुविधा नहीं मिल पा रही है। टांडा इकाई के अध्यक्ष डॉ. सईद अख्तर, जिला महामंत्री मनोज मद्धेशिया, पत्रकार दिनेश वर्मा, बृजेश वर्मा सहित अन्य पत्रकारों ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पत्रकार अनेक व्यावहारिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनके समाधान के लिए ठोस नीति की आवश्यकता है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से तहसील स्तर पर संवाददाताओं को मान्यता देने, पत्रकार हितों के लिए जिला, मंडल व तहसील स्तर पर स्थाई समिति के गठन, ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड व रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा देने, पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज करने से पहले सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच कराने जैसी मांगें शामिल रहीं।

# बदलापुर विधानसभा में बीएसपी का जनसंपर्क अभियान तेज

पायनियर संवाददाता। बदलापुर, जौनपुर



बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा-निर्देशों के क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र 364 बदलापुर में बहुजन समाज पार्टी द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत बूथ संख्या 27, 28, 29, 30 एवं 39 पर हरिहरपुर, करमपुर, केवटली कला, नाभीपुर और रघुनाथपुर गांवों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया।कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक वोट बढ़ाना तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी देना रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच लें और किसी प्रकार की त्रुटि होने पर समय रहते उसे ठीक कराएं। इस जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष बीएसपी 364 बदलापुर सुनील कुमार गौतम ने किया।

## एसआईआर अभियान की गणना तिथि 26 तक बढ़ी

**अंबेडकरनगर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना चरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 दिसंबर 2025 कर दी है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रह जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास फॉर्म-6 और घोषणा पत्र पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहें। ऐसे नागरिकों को चिन्हित किया जाए जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, लेकिन 2025 की मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज श्रद्धांजलि देने आएंगे सीएम डॉ. मोहन यादव

**पायनियर, जौनपुर।** खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव का आगमन सोमवार को जनपद में हो रहा है मुख्यमंत्री मोहन यादव जी खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव के आवास पर जाकर उनके पिता के निधन उपरांत आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री 11. 10 बजे सुबह लालबहादुर शास्त्री एयरपोर्ट बाबतपुर वाराणसी में आएंगे, और वहां से हेलीकॉप्टर से खेल के मैदान भकुरा उत्तर के पूरा पर बने हेलीपैड पर 11:30 पर उतरेंगे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) माननीय गिरीश चन्द्र यादव जी के आवास पर पूज्य पिता सवधू यादव के निधन उपरांत आयोजित कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि देंगे। वे लगभग 40 मिनट आवास पर रुकेंगे और 11.20 पर हेलीकॉप्टर से लाल बहादुर एयरपोर्ट के लिए निकल जाएंगे।



### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**पायनियर, किछौछा, अम्बेडकरनगर।** हंसवर थाना क्षेत्र के सिंहपुर चौराहे पर शनिवार शाम तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतरौलिया थाना क्षेत्र के बड़ौरा लच्छी रामपुर (आजमगढ़) निवासी अर्जुन (22) पुत्र अनिल, सैदपुर लेड़वाडीह निवासी सचिन और सुमित पुत्र जगदीश के साथ हंसवर से अतरौलिया जा रहा था। शाम करीब चार बजे सिंहपुर चौराहे के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरते हुए करीब 50 मीटर तक घिसटते चले गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सचिन और सुमित को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। अस्पताल की पीआई रिपोर्ट के आधार पर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक प्रेम बहादुर यादव ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### तालाब में मिली मेडिकल कॉलेज से लापता मरीज की लाश

**पायनियर, टांडा, अम्बेडकरनगर।** राजकीय महामाया एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भर्ती एक मरीज का शव टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुल्लापुर स्थित एक निजी तालाब में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कुलदीप यादव (40) पुत्र राजमणि, निवासी ग्राम बेला परसा थाना बसखारी के रूप में हुई है। वह पीलिया से पीड़ित था और मेडिकल कॉलेज में भर्ती था। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब आठ बजे वह अस्पताल से अचानक बाहर निकल गया था। मंगलवार को दिन में दुल्लापुर गांव में दीपक के निजी तालाब में उसका शव पड़ा मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। फिलहाल मौत के कारणों को लेकर पुलिस जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### कमांडेंट होमगार्ड ने माघ मेला क्षेत्र में किया भूमि पूजन

**पायनियर, प्रयागराज।** आगामी माघ मेला को सकुशल संपन्न कराने तथा तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा, सहायता और सहयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से होमगार्ड विभाग द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में होमगार्ड विभाग के जिला कमांडेंट रंजीत कुमार सिंह ने रविवार को माघमेला परेड क्षेत्र में विधिवत भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के अवसर पर जिला कमांडेंट रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था के लिए प्रयागराज मंडल मिर्जापुर मंडल और अयोध्या मंडल से होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ तीर्थ यात्रियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना होमगार्ड विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष माघ मेला में कुल 1250 होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। इसमें प्रयागराज जनपद से 400, कौशांबी से 100, प्रतापगढ़ से 200, फतेहपुर से 100, मिर्जापुर से 100, भदोही से 100, सोनभद्र से 100, सुल्तानपुर से 100 तथा अमेठी से 50 होमगार्ड शामिल होंगे।

## स्तन कैंसर के शीघ्र निदान पर सीएमई के लिए किया सहयोग

**प्रयागराज।** राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर ने प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन, मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के सहयोग से मुरादाबाद में ऑन्कोलॉजी कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन सीएमई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से चिकित्सक, सर्जन और स्वास्थ्य पेशेवर एकत्र हुए। जहां कैंसर देखभाल से जुड़ी वैज्ञानिक चर्चा, क्लिनिकल अंतर्दृष्टि और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान प्रदान पर विचार विमर्श हुआ। सीएमई में दो अत्यंत प्रासंगिक सत्र शामिल थे। कैंसर के निदान और उपचार में जेनेटिक मूल्यांकन की बढ़ती भूमिका तथा भारत में स्तन कैंसर के शीघ्र निदान की तात्कालिक आवश्यकता। यह सत्र आरजीसीआईआरसी, नीति बाग के कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ कपिल गोयल और आरजीसीआईआरसी, रोहिणी की सीनियर कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ गरिमा डागा द्वारा प्रस्तुत किए गए। कैंसर की बढ़ती घटनाओं, विशेषकर युवा आबादी में को देखते हुए कार्यक्रम का उद्देश्य प्रारंभिक पहचान, जोखिम आकलन और समय पर रेफरल मार्गों की क्लिनिकल समझ को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। प्रतिभागियों ने वास्तविक जीवन की चुनौतियों और जेनेटिक्स तथा त्वरित स्तन कैंसर मूल्यांकन को नियमित अभ्यास में शामिल करने के व्यावहारिक तरीकों पर चर्चा की। सीएमई ने बहुविषयक सहयोग के महत्व और क्षेत्रभर में कैंसर परिणामों को बेहतर बनाने हेतु निरंतर चिकित्सा शिक्षा की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# प्रतिमा का सदस्य विधान परिषद ने किया लोकार्पण



पायनियर संवाददाता। अम्बेडकरनगर

सीएम योगी की सद्प्रेरणा से जनपद अंबेडकर नगर की तहसील अकबरपुर अंतर्गत अष्टखंभा तीर्थ स्थल, लोरपुर में नवनिर्मित राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर जी की प्रतिमा का लोकार्पण सदस्य विधान परिषद, अयोध्या हरिओम पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे ने कहा कि ''राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी भारतीय इतिहास के महान योद्धा एवं राष्ट्ररक्षक थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकबरपुर चंद्र प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी आनंद सहित सम्मानित नागरिक, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन की लापरवाही से जनजीवन अस्त-व्यस्त

❖ सड़कों पर चलना हुआ दुश्वार

पायनियर संवाददाता। टांडा, अम्बेडकर नगर



जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों में अधिकारियों और कर्मचारियों की भारी लापरवाही के चलते नगर का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। जगह-जगह सड़कें खोदकर कार्य अधूरा छोड़ देने से आम लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है और लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नगर के मोहल्ला छज्जापुर स्थित प्राइमरी स्कूल के सामने चौक घंटाघर से अयोध्या मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर करीब एक माह पूर्व खोदे गए गड्ढे को अब तक नहीं भरा गया। इसी गड्ढे में एक वाहन फंस जाने से मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी तरह टांडा-अकबरपुर मार्ग, कश्मीरिया चौराहे से सकरावल मार्ग सहित दर्जनों स्थानों पर जेसीबी से खुदाई कर सड़कों को बदहाल छोड़ दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत सड़कों को दो चरणों में तोड़ा जाता है। पहले पक्की सड़क को तोड़कर छोड़ दिया जाता है, फिर दोबारा गड्ढा खोदकर पाइपलाइन डाली जाती है। एक-एक सड़क पर 15 दिन से अधिक समय लग रहा है। पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत भी विभाग द्वारा नहीं की जा रही, बल्कि केवल खुदी मिट्टी और मलबा डालकर छोड़ दिया जा रहा है। खुदाई के दौरान बिजली के केबल कट जाने से विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

# विराट हिन्दू महासम्मेलन हुआ आयोजित

❖ भारत के गौरव और विकास का मार्ग प्रशस्त करती है समाज की एकजुटताः सत्य विजय

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज



केशव बस्ती आयोजन समिति एवं सकल हिन्दू समाज की ओर से रविवार को राजरूपपुर स्थित राजभवन गेस्ट हाउस में विराट हिन्दू महासम्मेलन का आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और हनुमान चालीसा के पाठ से किया गया। इस मौके पर अतिथियों का श्रीफल और भारत माता का चित्र देकर स्वागत किया गया। वहीं बाल संस्कार केंद्र के बच्चों मोहित, वंश, यश द्वारा नाटक के माध्यम से मोबाइल के दुष्परिणाम को लेकर लोगों को जागरूक किया। सरस्वती शिशु मंदिर की बच्चियों कोमल, सलोनी, परी, लाडो, पलक, माही आदि ने हम सब भारतवासी गीत प्रस्तुत किया। गरिमा और वंतिका पांडेय ने संस्कृत में वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत सेवा प्रमुख सत्य विजय सिंह ने कहा कि हिंदुओं को संगठित होने का समय है। हम संगठित होकर नहीं लड़े जिससे समाज अलग अलग होता गया। हमने सभी को आत्मसात करने का कार्य किया। हमारा उदार समाज सभी को जोड़ने का कार्य करता रहा। हिन्दू में विषमता एक बड़ा कारण रहा है, जिससे हम संगठित नहीं हो सके। भेदभाव जो आज दिख रहा, वह कालांतर में नहीं रहा है।

# दुनिया को सुरक्षित करने के लिए हिंदुओं का संगठित होना जरूरी: अनिल

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

❖ प्रयाग में हिन्दू सम्मेलन हुआ आयोजित

सकल हिन्दू समाज की ओर से प्रयाग में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ। अलग अलग स्थान पर संपन्न हुए हिंदू सम्मेलनों में विभिन्न वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि सम्मेलनों का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को बल देना है।

रविवार को रणजीत पण्डित इण्टर कालेज लोहगरा में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि दुनिया को सुरक्षित करने के लिए हिंदुओं का संगठित होना जरूरी है। हिंदू समाज की सुप्त चेतना जागृत होने से यह राष्ट्र सुदृढ़ होगा तथा वैभव के परम शिखर पर इसे पहुंचाया जा सकता है। कहा कि मुगलिया सल्तनत को चुनौती देने वाले गुरु तेग बहादुर की बलिदान की 350 वीं जयंती, आजादी के महा नायक बिरसा मुंडा के बलिदान का शताब्दी वर्ष है। दुनिया को सुख शान्ति का संदेश देकर सुरक्षा प्रदान करने के लिए एकमात्र धर्म सनातन धर्म वसुधैव कुटुंबकम का उद्घोष करता है। हर धार्मिक आयोजन के बाद धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, विश्व का कल्याण हो का भाव मात्र सनातन और हिन्दू धर्म में ही है।

# ज्वाला देवी के छात्र ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज



ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस, प्रयागराज के छात्र आदेश सिंह ने चीन में आयोजित वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 में भारतीय टीम के लिए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। भारतीय लड़कों की टीम ने टूर्नामेंट में ब्राजील को हराकर कांस्य पदक जीता है। जो भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि यह वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारत की पहली भागीदारी थी। आदेश सिंह ऐतिहासिक भारतीय टीम के महत्वपूर्ण सदस्य रहे। उनकी प्रतिभा और टीम वर्क ने देश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। विशेष उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार ने आदेश सिंह का आज एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार और प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारियों ने एयरपोर्ट पर पहुंचकर आदेश सिंह को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# अनुशासित रहते हुए टेक्नोलॉजी का करें प्रयोग: प्रो. अखिलेश

❖ संगोष्ठी में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज



राजकीय महाविद्यालय एकेडमिक सोसाइटी उत्तर प्रदेश की ओर से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन रविवार को विकसित भारत 2047 परंपरा परिवर्तन एवं कृत्रिम बुद्धिमता का समाहार विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। तृतीय एवं चतुर्थ तकनीकी सत्र में डॉ अरुण कुमार मौर्य समीक्षक और डॉ माधवन ने सत्र का संचालन किया। इसमें दस शोध पत्र शोधार्थियों ने प्रस्तुत किया। सत्र के अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार सिंह सिंघानिया विश्वविद्यालय राजस्थान, मुख्य वक्ता योगी सत्यम क्रियायोग संस्थान प्रयागराज झूंसी, विशिष्ट वक्ता प्रो नीतू सिंह हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय नैनी, संदीप आनंद मनोविज्ञान विभाग इविवि प्रयागराज, प्रो आदेश कुमार विधि संकाय इविवि प्रयागराज, डॉ रामकृष्ण उपाध्याय, डॉ दीनानाथ मौर्या हिंदी विभाग एसो प्रो इविवि के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

उच्च शिक्षा के सहायक निदेशक उच्च शिक्षा प्रो बीएल शर्मा ने क्रियायोग संस्थान से जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों कनाडा की आद्या माता, ब्राजील से स्वामी भावानंद, आयरलैंड से सुरभि चक्रपाणि एवं यू एस से अमृता माता को सम्मानित किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भइया राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि अगर हमें विकसित होना है तो उसके लिए स्वयं पर नियंत्रण एवं परिवर्तन लाने की आवश्यकता है।

हमें तकनीकी का गुलाम नहीं बनना है। क्योंकि तकनीकी हमारे लिए है, हम उसके लिए नहीं। हमें बुद्धिमत्तापूर्वक तथा अनुशासित रहते हुए टेक्नोलॉजी का प्रयोग करना चाहिए। दो दिवसीय संगोष्ठी की आख्या प्रो अजीत कुमार सिंह सहायक निदेशक उच्च शिक्षा ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत प्रो शशि कपूर तथा धन्यवाद प्रो बीएल शर्मा और संचालन डा अमिता सिंह ने किया।

# नहरों की सफाई में लाखों खर्च फिर भी नहीं मिल रहा पानी

पायनियर संवाददाता। आलापुर, अंबेडकरनगर

आलापुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत बुकिया मरौचा में सिंचाई विभाग द्वारा प्रतिवर्ष माइनरों व रजवाहों की सफाई कराई जाती है, जिस पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जरूरत के समय नहरों में पानी नहीं छोड़ा जाता। इसके चलते क्षेत्रीय किसानों को मजबूरन महंगे दामों पर डीजल खरीदकर पंपिंग सेट व इंजन से फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है।

किसानों का कहना है कि यदि समय से नहरों में पानी छोड़ा जाए तो सिंचाई में काफी सहूलियत मिले और अतिरिक्त खर्च से भी बचा जा सके। क्षेत्रीय किसान अखिलेश यादव, विनय कुमार, मनोज कुमार, इंद्रजीत यादव, जगन्नाथ मौर्य, अकील खान, इकबाल खान सहित अन्य किसानों ने आरोप लगाया कि विभाग केवल कागजी तौर पर सफाई दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा है, जबकि खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही नहरों और माइनरों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ दिया जाएगा। किसानों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें समय पर पानी मिल सकेगा और सिंचाई की समस्या से राहत मिलेगी।

# बदलते यूपी में अब बड़ा एक्शन

## घुसपैठियों पर कड़ा प्रहार


देश का सबसे बड़ा सूबा अब नई करवट ले रहा है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सूबे का जो कायाकल्प किया उससे उत्तर प्रदेश की सूरत काफी हद तक बदल गई है। कानून व्यवस्था हो या सुरक्षा का मामला प्रदेश में सुधार होते ही विकास ने रफ्तार पकड़ ली। इस बीच रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या से बदलते यूपी की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को चुनौती मिल रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए बड़ा और कड़ा फैसला किया है। इसके तहत राज्य के 17 प्रमुख नगर निकायों को तुरंत प्रभाव से व्यापक सत्यापन और सूचीकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहे इस अभियान को निर्णायक माना जा रहा है। वैसे भी सत्ता में आते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपराध और अपराधियों पर जिस अंदाज में कहर बरपाया, उससे प्रदेश में जड़ें जमा चुका संगठित अपराध मटियामेट हो गया। पिछले एक दशक में देश के कई राज्यों में अवैध प्रवासियों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इनमें सबसे अधिक रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। अवैध घुसपैठिए आपराधिक गतिविधियों, मानव तस्करी और फर्जी दस्तावेज़ बनवाने वाले नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश, खासकर पश्चिमी यूपी, काशी क्षेत्र और आगरा-मथुरा बेल्ट में अभियान को कड़ी और सघन निगरानी में अंजाम दिया जा रहा है । सरकार का मानना है कि इस निर्णा.क प्रहार से प्रदेश में बची-खुची अराजकता और अशांति से पूरी तरह निपटा जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नगर आयुक्तों, डीएम, कमिश्नर और रेंज के आईजी को स्पष्ट आदेश दिया है कि अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की एक संगठित सूची तैयार की जाए और उसे तत्काल पुलिस तथा खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया जाए। यह सूची दो चरणों में तैयार की जानी है। प्राथमिक सत्यापन जहां व्यक्ति की पहचान, निवास स्थान और दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। गहन जांच एवं कार्रवाई होगी। इसमें पुलिस व खुफिया विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि संबंधित व्यक्ति देश का वैध नागरिक नहीं है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई हो। सरकार ने जिन 17 निकायों को सख्त निर्देश भेजे हैं, उनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, नोएडा, गाज़ियाबाद, आगरा, अलीगढ़, सहारनपुर समेत सभी बड़े शहर शामिल हैं। इन शहरों में प्रवासन दर अधिक है और कुछ स्थानों पर पहले भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली है। उम्मीद है कि इन नगर निकायों में अगले दो सप्ताह में सभी सफाईकर्मियों, अस्थायी मजदूरों और किराएदारों की पहचान प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष जोरदिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरी तरह सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर केंद्रित है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ अनावश्यक दुर्व्यवहार न हो। सभी जांच निष्पक्ष और दस्तावेज़ आधारित हों। निश्चित तौर पर इस मुहिम से अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में संभावित आपराधिक गतिविधियों का खतरा कम होगा।

# जेन ज़ी और भारत का अमृत काल



**डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह**

अम्रपाली विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) के प्रो-वाइस चांसलर हैं और समकालीन मुद्दों पर लेखन के लिए जाने जाते हैं।




भारत का अमृत काल—स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर यात्रा—जेनरेशन ज़ी के वयस्क होने के दौर से मेल खाता है। यह संयोग एक ऐसे परिवर्तनकारी साझेपन का प्रतीक है, जिसमें एक तेज़ी से उभरता राष्ट्र और तकनीक, वैश्विक अनुभव तथा सशक्त सामाजिक चेतना से आकार पाई पीढ़ी साथ-साथ आगे बढ़ रही है। मिलकर वे भारत को नवाचार, समावेशिता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के नए युग में ले जाने की क्षमता रखते हैं।जेन ज़ी अपने साथ डिजिटल दक्षता, उद्यमशील ऊर्जा और उद्देश्य-केंद्रित सोच का अनूठा संगम लेकर आती है। स्वचालन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा साक्षरता के प्रति उनकी सहजता भारत के ज्ञान-प्रधान, तकनीक-संचालित अर्थव्यवस्था में रूपांतरण के साथ पूरी तरह सामंजस्य रखती है। स्वास्थ्य और कृषि में समाधान विकसित करने वाले छात्र उद्यमियों से लेकर वैश्विक ब्रांड खड़े करने वाले डिजिटल क्रिएटर्स तक, युवा नवप्रवर्तक पहले ही भारत की विकास गति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

हालाँकि, आगे का मार्ग चुनौतियों से मुक्त नहीं है। एक बड़ी बाधा उद्योग की आवश्यकताओं और कई स्नातकों के कौशल के बीच बना अंतर है। साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में तेज़ विस्तार के बावजूद अनेक छात्रों में व्यावहारिक अनुभव या अंतःविषय समझ की कमी देखी जाती है। उदाहरण के तौर पर, इंडस्ट्री 4.0 के औज़ारों से अपरिचित यांत्रिक अभियांत्रिकी का स्नातक उभरती नौकरी अपेक्षाओं को पूरा करने में अक्सर कठिनाई महसूस करता है।

मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा दबाव भी जेन ज़ी के अनुभव को प्रभावित करता है। सोशल मीडिया की तुलना, शैक्षणिक दबाव और तेज़ी से बदलते सामाजिक मानदंड भावनात्मक तनाव को जन्म दे सकते हैं। इस पीढ़ी के समर्थन के केंद्र में मानसिक सुदृढ़ता और लचीलापन विकसित करना अनिवार्य है।फिर भी, अमृत काल अभूतपूर्व अवसर प्रस्तुत करता है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, हरित प्रौद्योगिकियाँ, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम, अंतरिक्ष अन्वेषण और उन्नत विनिर्माण में निवेश युवा-नेतृत्वित विकास के लिए व्यापक रास्ते खोल रहे हैं। टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवा, जो क्लाइमेट-टेक समाधानों या एआई-आधारित शिक्षा प्लेटफ़ॉर्म पर काम कर रहे हैं, यह दर्शाते हैं कि जेन ज़ी पहले ही भारत की विकास दिशा को आकार दे रही है। उनकी मूल्य-धाराएँ—सततता, निष्पक्षता और सामुदायिक सशक्तिकरण—समावेशी प्रगति के लिए भारत की दीर्घकालिक दृष्टि से गहराई से मेल खाती हैं।

**भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश: एक रणनीतिक बढ़त:** भारत की विशाल युवा आबादी एक सशक्त संपदा है। जनसांख्यिकीय लाभांश कई प्रकार के लाभ प्रदान करता है

**मज़बूत कार्यबल:** 35 वर्ष से कम आयु की बहुसंख्या के साथ भारत के पास एक बड़ा, ऊर्जावान श्रम-बल है, जो उत्पादकता और विकास को गति दे सकता है।

**उच्च आर्थिक संभावनाएँ:** कार्यशील आयु के अधिक नागरिकों का अर्थ है बढ़ी हुई आय, उपभोग और बचत, जो समग्र आर्थिक विस्तार को प्रोत्साहित करती हैं।

**नवाचार और उद्यमिता:** युवा पीढ़ियाँ नई तकनीकों के प्रति अधिक अनुकूल होती हैं, जिससे भारत डिजिटल नवाचार और स्टार्ट-अप गतिविधियों का स्वाभाविक केंद्र बनता है।

**वैश्विक बढ़त:** जहाँ अनेक देश वृद्ध होती आबादी का सामना कर रहे हैं, वहीं भारत की युवा जनसंख्या उसे वैश्विक प्रतिभा आपूर्तिकर्ता और औद्योगिक आधार के रूप में स्थापित करती है।इस लाभांश का पूर्ण उपयोग करने के लिए शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोज़गार नीतियों का समन्वय आवश्यक है।

**आगे की राह:** जेन ज़ी को सशक्त बनाने के लिए भारत को भविष्य-तैयार कौशलों को मज़बूत करना होगा—आईटी प्रशिक्षण, डेटा साक्षरता, व्यावहारिक अधिगम और उद्योग-संबद्ध इंटर्नशिप के माध्यम से। मानसिक कल्याण कार्यक्रमों को परामर्श और सहकर्मी नेटवर्क जैसी सहायता प्रणालियों को सामान्य बनाना चाहिए। विशेषकर छोटे शहरों में उद्यमिता इनक्यूबेशन का विस्तार क्लाइमेट-टेक, एग्री-टेक, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा में नवाचार को गति दे सकता है। डिजिटल और नैतिक नागरिकता का निर्माण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, साइबर सुरक्षा, पर्यावरणीय जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को मूल शिक्षण क्षेत्रों का हिस्सा बनना चाहिए। साथ ही, वैश्विक अनुभव को भारत की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना आत्मविश्वासी और संतुलित नेतृत्व को आकार दे सकता है।

**भारत @ 2047 के लिए साझा दृष्टि**

जेन ज़ी भारत की अमृत काल कथा के केंद्र में खड़ी है। उनकी रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नैतिक स्पष्टता उन्हें राष्ट्रीय प्रगति का प्रमुख प्रेरक बनाती है। उनकी पूर्ण क्षमता को उजागर करने के लिए भारत को ऐसा सहायक पारिस्थितिकी तंत्र उपलब्ध कराना होगा जो शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, उद्यमिता, डिजिटल उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक जुड़ाव को सुदृढ़ करे।2047 की ओर बढ़ते हुए, जेन ज़ी और उभरते भारत के बीच की यह साझेदारी स्वयं प्रगति की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ सकती है। यदि यह पीढ़ी नवाचार को जिम्मेदारी के साथ, महत्वाकांक्षा को संवेदनशीलता के साथ और वैश्विक आकांक्षाओं को सांस्कृतिक जड़ों के साथ संतुलित कर पाए, तो वह भारत को सततता, समावेशिता और वैश्विक उत्कृष्टता के युग में ले जाएगी।आगे की यात्रा व्यापक है, पर सही दिशा के साथ जेन ज़ी यह सुनिश्चित कर सकती है कि अमृत काल का वादा सभी के लिए वास्तविकता बने।डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह अम्रपाली विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) के प्रोझवाइस चांसलर हैं और समकालीन मुद्दों पर लेखन के लिए जाने जाते हैं।

# विकास की नई राह पर रफ्तार भरता बिहार

बुनियादी ढाँचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है। बिहार में सड़क, पुल, बाईपास और एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण ने परिवहन व्यवस्था को नई दिशा दी है। पहले जहाँ यात्रा करना कठिन और समय लेने वाला होता था, वहीं अब बेहतर सड़क नेटवर्क से शहरों तथा गांवों के बीच का फासला कम हुआ है। हर घर नल का जल, पक्की सड़क, शौचालय और बिजली पहुँचाने की योजनाओं ने ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

**कांतिलाल मांडोत**




बिहार ने हाल के वर्षों में विकास और सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाए हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत पाँच वर्षीय विकास रूपरेखा न सिर्फ आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊर्जा का संचार करती है, बल्कि यह युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों की आकांक्षाओं को भी आधार प्रदान करती है। इस रूपरेखा का मुख्य लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, शिक्षा व स्वास्थ्य प्रणाली को आधुनिक बनाना, महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाना और उद्योगों को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। विकास का व्यापक दृष्टिकोण और नई प्राथमिकताएँ बरकरार है। बिहार की विकास योजना का केंद्रबिंदु आर्थिक मजबूती है। राज्य सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्योगों को पुनर्जीवित करने और कृषि उत्पादन को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने को प्राथमिकता में रखा है। स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन तथा बुनियादी संरचना का विस्तार इस रूपरेखा के महत्वपूर्ण आयामों में शामिल है। सरकार का दावा है कि अब तक 50 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, और आगामी वर्षों में करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। दो दशकों में बिहार बदला है। जिसमे कानून का राज और सामाजिक सद्भाव शामिल है।

वर्ष 2005 के बाद बिहार में शासन व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला। राज्य ने भय और अराजकता के माहौल से बाहर निकलकर कानून के राज को स्थापित किया। प्रशासनिक सुधारों और कड़ी निगरानी व्यवस्था के परिणामस्वरूप राज्य में शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत हुई। आज बिहार सामाजिक स्थिरता के आधार पर विकास की नई इमारत खड़ी कर रहा है। यह स्थिरता वह आधार है, जिस पर शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और कृषि से जुड़े सुधारों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सका है। शिक्षा में व्यापक विस्तार और गुणवत्तापूर्ण सुधार में भारी परिवर्तन देखने को मिला है।

बिहार के विकास मॉडल में शिक्षा को केंद्रीय स्थान दिया गया है। पिछले दो दशकों में सरकारी विद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नए विद्यालयों के निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति से शिक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। आज राज्य में सरकारी शिक्षकों की संख्या 5.2 लाख तक पहुँच चुकी है, जो देश के बड़े राज्यों में से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए चलाई गई योजनाये जैसे साइकिल योजना, पोशाक योजना और छात्रवृत्त ने लड़कियों की स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर छात्राओं की उपस्थिति में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संकेत है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार ने ठोस प्रगति की है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या जहाँ पहले केवल छह थी, वहीं अब यह बढ़कर बारह हो चुकी है और कई अन्य कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है, बल्कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी नए अवसर पैदा हुए हैं। स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन ने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सरल बनाया है। नई स्वास्थ्य योजनाओं और तेज़ प्रशासनिक व्यवस्था से आम जनता को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो रही है। बुनियादी ढाँचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है। बिहार में सड़क, पुल, बाईपास और एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण ने परिवहन व्यवस्था को नई दिशा दी है। पहले जहाँ यात्रा करना कठिन और समय लेने वाला होता था, वहीं अब बेहतर सड़क नेटवर्क से शहरों तथा गांवों के बीच का फासला कम हुआ है। हर घर नल का जल, पक्की सड़क, शौचालय और बिजली पहुँचाने की योजनाओं ने ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। वर्ष 2018 तक हर घर तक बिजली पहुंचने से राज्य की सामाजिक-आर्थिक संरचना में नई संभावनाओं का निर्माण हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल बिजली व्यवस्था ने व्यापार, शिक्षा और संचार को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिला सशक्तिकरण बिहार का सबसे मजबूत स्तंभ है। इस पर सरकार का पूरा फोकस है। महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बिहार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर राज्य ने नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया है।

जीविका स्वयं सहायता समूहों की सदस्य संख्या 1.4 करोड़ तक पहुँच चुकी है। इन समूहों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में अहम योगदान दिया है। महिला रोजगार योजना के तहत अब तक 156 करोड़ महिलाओं को दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है, जिसे दो लाख रुपये तक बढ़ाने की तैयारी है। यह योजना महिलाओं की आर्थिक क्षमता को बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। कृषि को तकनीक और नीति से जोड़ने का प्रयास भी जारी है।

कृषि को बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। सरकार ने धान अधिप्राप्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसानों को समय पर भुगतान और उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार द्वारा 4 हजार करोड़ की मंजूरी मिलने से कृषि क्षेत्र में नई योजनाओं को लागू करने में तेजी आएगी। आधुनिक तकनीकों, सिंचाई सुविधाओं, बीज सुधार और फसल सुरक्षा उपायों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कृषि आधारित उद्योगों तथा कोल्ड चेन नेटवर्क को मजबूत कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में राज्य आगे बढ़ रहा है।

उद्योग और पर्यटन क्षेत्र में नई आर्थिक संभावनाओं की तलाश सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस तरफ सरकार ध्यान दे रही है। बिहार की नई विकास नीति में उद्योगों को पुनर्जीवित करने और निवेश आकर्षित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में बिजली, सड़क और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार से उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार हुआ है। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार की अपार संभावनाओं को अब योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है। बौद्ध, जैन, सिख, हिंदू और इस्लामिक विरासत स्थलों ने बिहार को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर विशेष स्थान दिया है।

## आप की बात

### अमिताभ न सही किसी को तो सुध आई बच्चन के पुश्तैनी गांव बाबू पट्टी की

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में अभिनेता अमिताभ बच्चन के पुश्तैनी गांव बाबू पट्टी का कायाकल्प होने वाला है। चलिए सुपर स्टार बच्चन परिवार तो शायद भूल ही गया था, लेकिन किसी ने इसकी सुध तो ली। महाराष्ट्र का एक गैर-सरकारी संगठन जो बाबू पट्टी के कायाकल्प की योजना पर काम करने जा रहा है ।एनजीओ 'हरिवंश राय बच्चन प्रबोधन प्रतिष्ठान' ने परियोजना में एक करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। भला है योगी सरकार का जिसने अपनी मातृभूमि योजना के तहत संबंधित परियोजना को मंजूरी भी दे दी है। अब सवाल यह उठता है कि बालीवुड के शहंशाह और अकूत संपत्ति के मालिक मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने अबतक क्यों इससे मुंह मोड़ रखा था ौर यह सवाल लोगों को मथने वाला है। ऐसे साधुवाद उत्तर प्रदेश सरकार का जिसने योजना के इसको अपनी स्वीकुति दे दी और कहीं न कहीं सरकारी मदद भी बाबूपट्टी के काम आएगी।

**अंजनी सिन्हा, वाराणसी**

### भारत-रूस की दोस्ती अनूठी मिसाल

1971 की भारत सोवियत मैत्री संधि ने दोनों देशों को इस तरह जोड़ा कि जो इतिहास बन गया। मास्को और दिल्ली की दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत है जितनी उस दौर में थी, जब दुनिया द्विध्रुवीय शक्ति-संतुलन से संचालित होती थी। रूस ने भारत को सैन्य रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में असाधारण भूमिका निभाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की भारत यात्रा के तुरंत बाद अमेरिका ने अपनी नई नेशनल सेक्युरिटी स्ट्रेटेजी जारी की, जिसने दुनिया के शक्ति-संतुलन पर गहरा संदेश दिया है। भारत रूस संबंध विश्वास और रणनीतिक स्थिरता की अनूठी मिसाल है। भारत और रूस के रिश्ते सिर्फ कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने समय की कसौटी पर खुद को बार-बार सिद्ध किया है। सोवियत संघ की तकनीकी और औद्योगिक सहायता 1950-60 के दशक में यूएसएसआर ने भारत को भारी उद्योगों का बुनियादी ढांचा दिया। भिलाई और बोकारो स्टील प्लांट, मशीन टूल्स फैक्ट्रियां, पावर प्लांट, अंतरिक्ष कार्यक्रम आदि इन सभी में रूसी सहयोग का गहरा प्रभाव रहा। इसी के चलते अभूतपूर्व मैत्री संधि सार्थक साबित हुई है।

**विजय कुमार, नई दिल्ली**

### स्टार फुटबॉलर मेस्सी भारत पहुंचे प्रशंसकों में गजब का उत्साह

लियोनेल मेसी फुटबॉल के इतिहास में सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक माने जाते हैं। अर्जेंटीना से ताल्लुक रखने वाले मेसी ने अपने करियर में असंख्य रिकॉर्ड बनाए हैं, जिनमें कई बार बैलन डी'ओर जीतना और 2022 फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना को चैम्पियन बनाना शामिल है। उनकी तकनीक, ड्रिब्लिंग और गोलबाजी की अद्भुत क्षमता उन्होंने दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों को दीवाना बनाया है। इस बार मेसी कल भारत आए हैं और तीन दिनों के लिए एक विशेष ''जीओटी इंडिया टूर (ऋ्रडअळ क्ष्ल्ल्रं ळङ्म४१ 2025) कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें वे कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों का दौरा करेंगे। इस दौरे के दौरान वे फैंस के साथ कार्यक्रमों में शामिल होंगे और भारत में फुटबॉल के प्रति उत्साह को महसूस करेंगे। यह उनका भारत का पहला दौरा है 14 साल बाद आख़िरी बार वे 2011 में भारत आए थे। इस दौरे को लेकर देश भर में उत्साह और फुटबॉल प्रेमियों में जबरदस्त जबरदस्त क्रेज देखने को मिला।

**रवि कुमार, लखनऊ**

### दिल्ली-एनसीआर की हवा फिर खराब, ऐसे में एहतियात भी जरूरी

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और एनसीआर राज्य सरकारों को सभी बाहरी शारीरिक खेल गतिविधियों को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया है, साथ ही चेताया है कि खराब वायु गुणवत्ता के बीच ऐसे आयोजनों का निरंतर संचालन बच्चों की सेहत के लिए घातक साबित हो सकता है। आयोग ने शनिवार को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि वह इस बात से चिंतित है कि 19 नवंबर के उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप जारी किए गए निर्देशों के बावजूद दिल्ली-एनसीआर के कुछ स्कूल और संस्थान अब भी बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। ऐसे में कहा गया कि अलर्ट के बावजूद तमाम आयोजन कराए जा रहें खासकर स्कूलों, कालेजों में जो स्वास्थ्य के नजरिए से बेहद जोखिम भरा हहै। आम लोगों को और संस्थाओं को चाहिए कि अपने स्तर से इस चेतावनी को महसूस करें और एहति?ती कदम उठाया जाए।

**चंद्रेश सिंह, कानपुर**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# डेयरी संचालक को सिर में मारी गोली, मौत

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

जनपद में शनिवार रात बेखौफ बदमाशों ने एक दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम देते हुए युवक की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के महमूदाबाद चौराहे पर हुई इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है, जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार महमूदाबाद चौराहे पर काव्या डेयरी संचालित करने वाले राहुल यादव (25) शनिवार रात करीब 12 बजे दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह कुछ दूरी आगे बढ़े, पहले से घात लगाए तीन हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि महेश, मटरू और बख्शी तालाब निवासी अभिषेक ने अचानक हमला कर बेहद नजदीक से राहुल के सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग दौड़ पड़े और खून से लथपथ राहुल को तत्काल सीएचसी सिधौली पहुंचाया गया। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया, जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान राहुल ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल है। परिजनों ने हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई है।सूचना मिलते ही सिधौली पुलिस के साथ उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगाया गया है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। दिनदहाड़े जैसी बेखौफ वारदात ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

## पुरानी रंजिश में गई जान, दोस्ती के विवाद का खूनी अंजाम

ग्रामीणों और मृतक के परिजनों के अनुसार राहुल यादव की हत्या के पीछे पुरानी रंजिश प्रमुख कारण बताई जा रही है। बताया गया कि करीब दो वर्ष पूर्व राहुल की दोस्ती नामजद आरोपियों में से एक की बहन से थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जो उस समय गांव में चर्चा का विषय बना रहा। विवाद के बाद दोनों परिवारों में तनातनी बढ़ गई और तभी से आरोपी पक्ष राहुल से रंजिश रखने लगा था। हालांकि बाद में राहुल और युवती दोनों की अलग-अलग जगह शादियां हो गईं, लेकिन इसके बावजूद दुश्मनी खत्म नहीं हुई। परिजनों का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से राहुल को जान से मारने की धमकी दे रहे थे और मौका तलाश में थे। शनिवार रात दुकान बंद कर घर लौटते समय हमलावरों ने उसी रंजिश का बदला लेते हुए राहुल को गोली मार दी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते विवाद का निपटारा हो जाता तो शायद यह जघन्य वारदात टल सकती थी। घटना के बाद गांव में आक्रोश और भय का माहौल है।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, एसपी आवास मार्ग से जीआईसी चौराहे तक सख्त कार्रवाई

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने, चौराहों के सौंदर्यीकरण और अवैध कब्जों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से प्रशासन ने गुरुवार दोपहर बाद सख्त अभियान चलाया। एसपी आवास मार्ग से जीआईसी चौराहे तक बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया गया। यह कार्रवाई पूर्व में जारी नोटिस और निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद की गई, जिससे अतिक्रमणकारियों को पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। अभियान का नेतृत्व एसडीएम सदर दामिनी और तहसीलदार सदर अतुल सेन सिंह ने किया। उनके साथ नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही। कार्रवाई के दौरान दुकानों के बाहर लगे टीनशेड, अस्थायी ढांचे तथा सड़क और फुटपाथ पर किए गए पक्के अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन के अनुसार एसपी आवास मार्ग और जीआईसी चौराहा शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल हैं। लंबे समय से अतिक्रमण के कारण यहां जाम की गंभीर समस्या बनी हुई थी, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सड़क चौड़ीकरण की योजना के तहत पहले ही दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया था। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों में नाराजगी देखी गई, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कदम पूरी तरह जनहित में है। एसडीएम सदर दामिनी ने कहा कि अवैध अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी शहर के अन्य क्षेत्रों में इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण से बचें, ताकि शहर को सुंदर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

# 14 साल से डॉक्टर विहीन सकरन पीएचसी, फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा इलाज

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

विकास क्षेत्र सकरन स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीते 14 वर्षों से चिकित्सक विहीन है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन 50 से अधिक मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं, लेकिन केंद्र का संचालन केवल एक फार्मासिस्ट के सहारे किया जा रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र डॉक्टर की तैनाती की मांग उठाई है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2011 तक पीएचसी सकरन पर समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध थीं। यहां इलाज, प्रसव, जांच, मेडिकल रिपोर्ट और एंबुलेंस की व्यवस्था सुचारू थी। वर्ष 2011 में तैनात चिकित्सक डॉ. संजय कुमार का स्थानांतरण गैर जनपद हो जाने के बाद विभाग ने यहां किसी अन्य डॉक्टर की तैनाती नहीं की। चिकित्सक के अभाव में मरीजों का आना कम हो गया और मजबूरन ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने लगे। प्रसूताओं को प्रसव के लिए सीएचसी सांडा जाना पड़ता रहा। बाद में विभाग ने फार्मासिस्ट सिद्दीकी और एक आयुष चिकित्सक की तैनाती की, लेकिन आयुष डॉक्टर को पीएचसी खानपुर से अटैच कर दिए जाने से वे कभी-कभार ही केंद्र पर आते हैं। वर्तमान में फार्मासिस्ट सिद्दीकी ही नियमित रूप से मरीजों को देखकर दवाएं दे रहे हैं। पूर्व सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सचान के प्रयास से बंद पड़ा प्रसव केंद्र दोबारा शुरू हुआ और स्टाफ नर्स, स्वीपर व एलटी की तैनाती हुई, जिससे जांच व प्रसव सेवाएं बहाल हैं। बावजूद इसके चिकित्सक की तैनाती न होना चिंता का विषय बना हुआ है।ग्रामीण त्रिवेणी लाल, दयाराम, धनीराम, रामपाल और रामचंद्र ने तत्काल डॉक्टर की तैनाती की मांग की है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद कुमार मित्रा ने बताया कि पीएचसी सकरन पर डॉक्टर की तैनाती हेतु विभाग को पत्र भेजा गया है, चिकित्सक उपलब्ध होते ही तैनाती कर दी जाएगी।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में हिंद इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ओवरऑल चैंपियन

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

गुरुकुल ताइक्वांडो एकेडमी सीतापुर द्वारा आयोजित चतुर्थ इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में भव्य रूप से किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में जनपद के 12 विद्यालयों एवं पांच ताइक्वांडो क्लबों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हिंद इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। लखनऊ पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा सेठ अनंत राम जयपुरिया स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

इससे पूर्व गुरुकुल ताइक्वांडो एके-डमी के अध्यक्ष शोभित टंडन ने अतिथियों का स्वागत किया। अकादमी के सचिव मुकेश पाल ने आयोजन की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी आकाश अग्रवाल बजरंगी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय निर्णायकों का सराहनीय योगदान रहा। बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व अभिभावक मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध महिला की मौत, हाईवे पर मचा हड़कंप

**सीतापुर।** कमलापुर थाना क्षेत्र के सरवरपुर गांव के पास नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह करीब छह बजे दर्दनाक सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सड़क पार करते समय महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर कमलापुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान केसरिया गांव निवासी कुशमा पत्नी माखन, उम्र लगभग 55 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार कुशमा किसी काम से हाईवे किनारे गई थी। थानाध्यक्ष इतुल चौधरी ने बताया कि हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ है। पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# जीआरपी के जांबाज जवान बने बुजुर्ग के लिए फरिश्ता

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

रेलवे जंक्शन पर जीआरपी के दो जवानों ने अपनी सूझबूझ, तत्परता और साहस का परिचय देकर एक बुजुर्ग व्यक्ति की जान बचा ली। यह घटना न केवल पुलिस की जिम्मेदारी और मानवता का उदाहरण बनी, बल्कि यह भी दिखा गई कि वर्दी में तैनात सिपाही हर पल आम लोगों के रक्षक के रूप में खड़े रहते हैं। घटना उस समय की है, जब एक बुजुर्ग व्यक्ति लापरवाही से रेलवे लाइन पार कर रहा था। उसी दौरान एक ट्रेन तेजी से प्लेटफॉर्म की ओर आ रही थी। बुजुर्ग को ट्रेन की चपेट में आता देख प्लेटफॉर्म पर तैनात जीआरपी जवानों की नजर उस पर पड़ी और उन्होंने बिना एक पल गंवाए जान जोखिम में डालकर साहसिक कदम उठा लिया। थाना जीआरपी में तैनात हेड कांस्टेबल राकेश कुमार खरवार और हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार तुरंत दौड़े और ट्रेन के बेहद करीब पहुंच चुके बुजुर्ग को खींचकर रेलवे ट्रैक से बाहर सुरक्षित स्थान पर ले आए। कुछ ही सेकेंड बाद उसी ट्रैक से ट्रेन गुजर गई। अगर जवानों ने जरा सी भी देर की होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस पूरी घटना का वीडियो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दोनों जवान फरिश्ते बनकर दौड़ते हैं और समय रहते बुजुर्ग की जान बचा लेते हैं। लोगों द्वारा जीआरपी के इन जांबाज सिपाहियों को ''असल हीरो'' बताया जा रहा है। घटना के बाद बुजुर्ग व्यक्ति काफी घबराए हुए नजर आए, जिन्हें जवानों ने संभाला और सुरक्षित स्थान पर बैठाकर समझाइश दी। रेलवे प्रशासन, यात्रियों और आम नागरिकों ने जीआरपी जवानों के इस साहसिक कार्य की जमकर सराहना की है। जीआरपी अधिकारियों ने भी जवानों की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवे लाइन पार करने के लिए केवल निर्धारित मार्गों का ही प्रयोग करें। यह घटना साबित करती है कि सतर्क और जिम्मेदार पुलिसकर्मी हर मुश्किल घड़ी में आमजन के लिए ढाल बनकर खड़े रहते हैं।

## एनएच-30 पर अज्ञात युवक की मौत शव क्षत-विक्षत

**पायनियर, सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां एक अज्ञात युवक को किसी भारी वाहन ने रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अन्य वाहन भी शव के ऊपर से गुजर गए, जिससे शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। सूचना पर नेरी नेवादा चौकी प्रभारी विनोद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। यह घटना रात करीब 12 बजे भुड़िया गांव के पास टाटा मोटर्स के शोरूम सुमन मोटर्स के सामने हुई। शोरूम के चौकीदार ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष है। उसने काली पैंट, जामुनी शर्ट, बैंगनी स्वेटर, काला ऊनी जैकेट और काले-सफेद रंग का मफलर पहन रखा था। शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया व पड़ोसी जनपदों के थानों से संपर्क किया जा रहा है।

# तैंतीस बूथों में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता। कालपी (जालौन)



रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता के नेतृत्व में कालपी के अलग-अलग 33 बूथों में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान 5870 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर जागरूक किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि 0 से 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का अभियान 14 दिसम्बर से शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि पहले दिन रविवार को कालपी नगर के अलग-अलग विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों में 33 जगह पर पोलियो बूथ स्थापित करके बच्चों को दवा पिलाई गई। जबकि स्वास्थ्य कर्मचारियों की टटीमों के द्वारा सोमवार से घर-घर में पोलियो की दवा पिलाने के लिए 5 दिनों तक अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए 32 टीमों का गठन किया गया है, टीम में आशा बहू, एएनएम एवं स्वास्थ्य कार्यकत्री शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष की आयु के शत प्रतिशत बच्चों को 12 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक जीरो से 5 वर्ष की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिकित्सा अधिकारियों डॉक्टर विशाल सचान, डॉक्टर शेख शहरयार ,डॉक्टर अशोक कुमार चक ने घूम घूम कर पोलियो बूथों का निरीक्षण किया।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन, महोली में मनाया गया दसवां वार्षिक अधिवेशन

पायनियर संवाददाता। महोली (सीतापुर)

नगर के कृषक इंटर कॉलेज में रविवार को उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का दसवां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्र ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में सीतापुर जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। आयोजक ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं को रखते हुए आठवें वेतन आयोग का लाभ, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, रोडवेज बसों में 50 प्रतिशत किराया छूट, धार्मिक स्थलों के भ्रमण हेतु निःशुल्क यात्रा तथा पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग उठाई। मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षक समाज का सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अवकाश प्राप्त शिक्षकों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा और समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षकों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सकरन में खुलेआम बिक रहा था दूसरे प्रदेश का पोषाहार, सवालों के घेरे में जिम्मेदार

**सीतापुर।** विकास खण्ड सकरन में सरकारी योजनाओं की खुलेआम धज्जियां उड़ाए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत सेमरा चौराहे पर स्थित एक परचून की दुकान पर समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) योजना का पोषाहार बेचे जाने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। हैरानी की बात यह है कि यह पोषाहार गैर प्रान्त राजस्थान का बताया जा रहा है, जिसे खुले बाजार में नमकीन के रूप में बेचा जा रहा था।

ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी एक व्यक्ति जब अपने बच्चे के लिए दुकान से नमकीन लेने गया तो दुकानदार ने आईसीडीएस का पोषाहार थमा दिया, जिस पर स्पष्ट रूप से ''समेकित बाल विकास सेवाएं पोषाहार मीठा नमकीन'' अंकित था। आपत्ति जताने पर दुकानदार दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया।

घटना ने प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल दी है। सवाल यह उठता है कि सरकारी पोषाहार बाजार तक कैसे पहुंचा और उसकी बिक्री कौन करा रहा है? वहीं इस पूरे मामले पर सीडीपीओ शबीना का यह कहना कि ''यह दूसरे प्रदेश का पोषाहार है, हम इसमें कोई कार्रवाई नहीं कर सकते'', जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

ग्रामीणों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों के हक का पोषाहार बाजार की भेंट न चढ़े।

# मिट्टी भरी ट्रालियों से त्रस्त ग्रामीणों ने किया हंगामा

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

❖ प्रशासनिक आश्वासन पर खुला रास्ता

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित नारे पुरवा गांव में रविवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब ग्रामीणों ने ईंट-भट्टों की ओर जा रही मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों को रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार से गुजरने वाली ट्रालियों से भारी मात्रा में धूल उड़ रही है, जिससे सड़कें ही नहीं बल्कि घरों तक मिट्टी से पट जा रहे हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या की सूचना जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान वसीम बानो मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद तहसील से राजस्व निरीक्षक अमर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि खनन की रॉयल्टी जमा है, लेकिन सुरक्षा और नियमों का पालन अनिवार्य होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे से मिट्टी भरी ट्रालियां तिरपाल से ढककर, निर्धारित मात्रा में और धीमी गति से ही चलेंगी। साथ ही सड़क की सफाई और पानी के छिड़काव की व्यवस्था भी कराई जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और ट्रालियों को आगे जाने दिया गया। इस दौरान गांव के सोनू, शकरू, छोटेलाल, अखिलेश कुमार, प्रेम कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बालिकाओं को आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने को किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता। जालौन (उरई)

सरस्वती शिशु मंदिर में 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने का प्रेरणादायी संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मधु पांडेय ने नारी को परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रेरणादायी शक्ति बताया। मुख्य अतिथि नीलम गुप्ता ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की धुरी भी है। नैना साहनी व ऊषा गुप्ता ने कहा कि शिक्षा और संस्कार से संपन्न हर बालिका समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है।

कार्यक्रम में पलक सोनी ने जीजाबाई, श्रेया सोनी रानी दुर्गावती, राधिक द्विवेदी सावित्री बाई फुले, सानवी परिहार अहिल्याबाई होल्कर, अदिति सेंगर रानी पदमावती एवं आख्या सुहाने ने रानी लक्ष्मीबाई बनकर उनके शौर्य की गाथा प्रदर्शित की। इस दौरान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

## फेस बुक में अभद्र टिप्पणी करने पर पुलिस से शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** फेसबुक पर जाति विशेष को लेकर अभद्र टिप्पणी करने पर आक्रोशित स्वर्णकार समाज ने कोतवाली पहुंच लिखित शिकायत की है। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि फेसबुक पर स्वर्णकार समाज के लोगों को जाति विशेष को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई है। पोस्ट पर एक युवक द्वारा गाली जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है। जिससे पूरे समाज के लोगों में रोष व्याप्त है।

इस दौरान सभासद आकाश सोनी रोहित सोनी दीपक अमित बबलू नरेंद्र आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी सहायिका हुई बेहोश चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

पायनियर संवाददाता। जालौन (उरई)

शनिवार को ड्यूटी पर तैनात आंगनबाड़ी सहायिका को अचानक सीने में दर्द हुआ और बेहोश हो गई। आनन फानन में परिजन सहायिका को मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तहसील के ग्राम जीपुरा निवासी शकुंतला देवी (48) वर्ष 2001 से गांव में ही आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर तैनात थीं। शनिवार को वह आंगनबाड़ी केंद्र पर ड्यूटी पर थीं। तभी दोपहर करीब 12 बजे उन्हें अचानक सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश हो गई। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे और उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व आंगनबाड़ी सहायिका के पति कृष्ण कुमार वर्मा की भी मृत्यु हो चुकी है। शकुंतला देवी की मृत्यु की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया।

# सकरन में बेखौफ लकड़ी माफिया, एक रात में 20 से अधिक प्रतिबंधित पेड़ों का अवैध कटान

पायनियर संवाददाता। सीतापुर

सकरन क्षेत्र में अवैध पेड़ कटान का खेल खुलेआम चल रहा है और वन विभाग की चुप्पी से लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। बीती रात लकड़ी ठेकेदारों ने बिना किसी परमिट के तीन अलग-अलग गांवों में 20 से अधिक प्रतिबंधित पेड़ों पर आरी चला दी। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार सकरन थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी कमलाकांत के खेत में लगे सात शीशम के पेड़ों को बिना अनुमति कटवा लिया गया। वहीं बेल्हौरा गांव निवासी कल्लू अंसारी के चार गूलर और तीन जामुन के पेड़ों को अहिरन पुरवा निवासी लकड़ी ठेकेदार सुरेंद्र यादव द्वारा अवैध रूप से कटवा दिया गया। इसके अलावा सकरन निवासी एक व्यक्ति के पांच आम के पेड़ों को लकड़ी ठेकेदार मन्नी यादव ने बिना परमिट के कटवा लिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि जब से क्षेत्र में वन दरोगा अभय कुमार सिंह की तैनाती हुई है, तब से प्रतिबंधित पेड़ों का अवैध कटान चरम पर पहुंच गया है। शिकायतों के बावजूद वन विभाग के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं, जिससे माफिया बेखौफ होकर हरियाली को नष्ट कर रहे हैं। ग्रामीणों ने अवैध कटान की सूचना विभागीय अधिकारियों को दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मामले पर डिप्टी रेंजर शैलेश कुमार ने केवल इतना कहा कि शिकायत मिली है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सवाल यह है कि क्या जांच तक ही कार्रवाई सीमित रहेगी या दोषियों पर वास्तव में शिकंजा कसा जाएगा।

# जन आरोग्य मेले में स्वास्थ्य परामर्श दिया

पायनियर संवाददाता। कालपी (जालौन)

प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत रविवार को कालपी, चुर्खी, बाबई, न्यामतपुर तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 195 मरीजों का उपचार करके स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

रविवार को सुबह 10 से 4 वजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 60 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 34 पुरुष, 17 महिला मरीज तथा 9 बच्चे शामिल रहे। महिला चिकित्सक डॉ. रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 34 मरीज का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय बाबई में डा विनोद कुमार की चिकित्सकीय टीम के द्वारा 29 मरीजों व पीएचसी चुरखी में डा कौशल कुमार की अगुवाई में आयोजित मेले में 39 रोगियों का उपचार किया गया तथा न्यामतपुर चिकित्सालय में डाक्टर आदर्श गौतम के नेतृत्व में आयोजित मेले में 34 मरीजों का इलाज हुआ। मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

# शिव महापुराण शुभारंभ से पूर्व निकाली नगर में भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता। जालौन (उरई)

श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित होने जा रहे शिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर नगर में कलश व शोभायात्रा निकाली गई। ढोल, बैंड व गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में मनमोहक झांकियों के साथ शिव गीतों की ध्वनि पर झूमते गाते आगे बढ़ रहे थे।

नगर के ज्वालागंज स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में नव दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीधाम वृंदावन से आई साध्वी समाहिता दीदी की अगुवाई में कलश व शोभायात्रा यात्रा का आयोजन द्वारिकाधीश मंदिर परिसर से शुरू हुआ। शोभायात्रा में एक ओर 101 महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर भजनों की धुन पर आगे बढ़ रही थीं तो भक्त नाचते गाते शिव शंभू का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में रथ पर विराजमान श्रीराम, माता जानकी व लक्ष्मण, भगवान श्रीगणेश, राधा, कृष्ण व नंदी पर विराजमान माता पार्वती व हनुमानजी की झांकी आकर्षित करने वाली थी। शोभायात्रा में बज रहे भगवान शंकर के भजनों पर घोड़ी डांस लोगों को लुभा रहा था। द्वारकाधीश मंदिर से शुरू होकर शोभा यात्रा बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी, पानी की टंकी, तहसील के सामने से होते हुए काली माता मंदिर, देवनगर चौराहे से घूमते हुए कथा स्थल श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का भक्तों ने जगह-जगह फूलों की बारिश कर स्वागत किया। शोभायात्रा में दीपक मित्तल, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, राजा सिंह सेंगर गधेला, रामनरेश तिवारी पम्मू महाराज, मलखान दोहरे, राजू अग्रवाल, पुष्पेंद्र यादव, गिरीश गुप्ता, वाचस्पति मिश्रा, भानु महाजन, अनुराग, श्यामजी गुप्ता, आदि भक्त रहे।



# बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, नारेबाजी

❖ सड़क नहीं, तो वोट नहीं के ग्रामीणों ने लगाएं नारे

**पायनियर संवाददाता। करनैलगंज, गोंडा**



विकास खंड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत सोनवार के मजरे भैरवपुरवा में बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि भैरवपुरवा गांव का संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग से भैरवपुरवा तक वर्ष 2017-18 में पूर्वांचल विकास निधि योजना के अंतर्गत तत्कालीन विधायक बावन सिंह द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन महज दो वर्षों में ही सड़क की हालत खराब हो गई। वर्तमान में कट स्टोन टूटकर गायब हो चुके हैं और पूरे मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से सड़क मरम्मत की मांग की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने डामर या सीसी रोड निर्माण की मांग की है।

प्रदर्शन में शिव कैलाश पाण्डेय, राम दयाल पाण्डेय, महेश पाण्डेय सचिन, संतोष शुक्ल, नानबाबू शुक्ल, अनिल शुक्ल, ननकऊ शुक्ल, अंकित पाण्डेय, श्रीप्रकाश, लल्लन, मोहम्मद इरशाद, बड़कऊ, प्यारेलाल आदि ग्रामीण शामिल रहे। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि रघुनाथ पाण्डेय ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए विधायक को प्रस्ताव भेजा गया है। बजट स्वीकृत होते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।

## लूट मामले में न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज

**करनैलगंज, गोंडा।** थाना क्षेत्र से मारपीट, गाली-गलौज एवं लूट के मामले में न्यायालय के आदेश पर 6 माह बाद रिपोर्ट दर्ज हुई है। ग्राम मनिहारी निवासी केसरी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा गया कि वह अनुसूचित जनजाति समाज से संबंधित है और कैसियो व बैण्ड बाजा बजाकर जीवन यापन करता है। उसने हीरापुर शाहपुर (तिवारीपुरवा) निवासी कल्लू के यहां शादी में बाजा बुक किया था, पर अस्वस्थ होने के कारण स्वयं न पहुंचकर अपने पुत्र को कार्यक्रम में भेजा। कार्यक्रम पूर्ण होने के बावजूद विपक्षी ने गाली-गलौज करते हुए भुगतान नहीं किया। आरोप है कि 29 जून 2025 को मदार पुरवा के पास कल्लू व दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी मोटरसाइकिल रोककर मारपीट की और सामान खरीदने के लिए रखे 42 हजार रुपये छीन लिए।

# सड़क दुर्घटना में होमगार्ड की मौत, दूसरा घायल

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**




ईंट लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली के चपेट में आने से बाइक सवार पीआरडी जवान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दूसरा जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां प्राथमिक उपचार देकर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत महाराजगंज पुलिस चैकी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली के चपेट में आने से देहात कोतवाली क्षेत्र के पूरे डीहा गांव के रहने वाले 55 वर्षीय राम उत्तरी वर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठे कटहिया गांव निवासी पीआरडी जवान सत्य राम वर्मा (45 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक बाइक सवार दोनों पीआरडी जवान यातायात पुलिस में तैनात थे, मोटरसाइकिल पर सवार होकर ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान महाराजगंज पुलिस चैकी क्षेत्र में ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के चपेट में आ गए। हादसा होते ही ही मौके पर भीड़ जुट गई और मौका मौका पाकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर वहां से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल जवान को तत्काल इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस बावत नगर कोतवाली प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि हादसे में घायल हुए जवान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां स्थित नाजुक होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया है। भीड़ का लाभ लेकर ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला है। जिसकी तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया गया है।

# टीचर्स प्रीमियर लीग सीजन 2 का हुआ आगाज

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**



जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम गोंडा में टीचर्स प्रीमियर लीग सीजन 2 का शुभारंभ रविवार को हुआ। जिसमे भारतीय क्रिकेटर अंकित सिंह राजपूत ने लीग के पहले मैच का टॉस कराकर शुभारम्भ कराया। इस दौरान उन्होंने ने खिलाड़ियों को खेल के टिप्स भी दिए। पहले लीग मैच में झंझरी ब्लाक की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी छपिया की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 125 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में 126 रनों का पीछा करते हुए झंझरी की टीम 10वें ओवर में 92 रनों पर ही सिमट गई। मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले छपिया टीम के मानवेंद्र पाण्डेय को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टीचर्स प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के आयोजन में सतीश पांडेय, विपिन मिश्रा, जन्मेजय सिंह व अरुण मिश्रा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

टीचर्स प्रीमियर लीग के मुख्य आयोजक विशाल सिंह ने बताया की 5 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के अंतर्गत जिले के विभिन्न ब्लॉकों से कुल 16 टीम प्रतिभाग करेंगी। विजेता टीम को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी दी जाएगी। जिसका फाइनल मैच 18 दिसंबर दिन गुरुवार को खेला जायगा। इस अवसर पर शरद सिंह, अमर यादव, विकास मौर्य, रामविलास वर्मा, दिलीप चैधरी, विपिनकांत माथुर, दिवाकर, रामकृष्ण चैरसिया, आशीष सिंह, अनीस अहमद, राहुल देव वर्मा आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

# राष्ट्र हित का चिंतन ही हिंदू चिंतन है : मुख्य वक्ता श्रीप्रकाश



**पायनियर संवाददाता। शाहगढ़, अमेठी**

रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाताब्दी वर्ष पर शाहगढ़ खण्ड के शाहगढ़ मंडल में जूनियर हाईस्कूल शाहगढ़ हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश ने कहा कि संघ कभी अपनी जय-जय कार नहीं अपितु भारत माता की जय जयकार करते हुए अपना शताब्दी वर्ष पूर्ण किया। मुख्य अतिथि पूजनीय मौनी महराज ने कहा कि हिंदू समाज धर्मांतरण से बचे, छुआ छूत की भावना से दूर रहे। आपस मैं ऊंच नीच की भावना से दूर रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रचारक पवन जी शालू पांडेय, हौशीला गुप्ता, शंकर लाल ।

## कबड्डी और खो-खो में पुरखीपुर और सैदखानपुर की किशोरियों का रहा दबदबा

**कूरेभार, सुलतानपुर।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को सैदखानपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पानी संस्थान द्वारा 6 ग्राम पंचायतों की किशोरियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। कूरेभार ग्राम पंचायत की महिला ग्राम प्रधान गीता कसौधन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान गीता देवी ने पानी संस्थान की पहल की सराहना की । उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वयंसेवी संगठनों को ऐसे कार्यक्रमों में आगे आना चाहिए। इस दौरान सैकड़ों किशोर-किशोरियों ने मानवाधिकारों के संरक्षण का संकल्प लिया।

# रायबरेली जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह को किया गया सम्मानित

**पायनियर संवाददाता। रायबरेली**



सहकारिता सप्ताह के उद्घाटन कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक रायबरेली के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह एवं सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा को कृषि मंत्री एवं सहकारिता मंत्री उ०प्र० सरकार द्वारा किया गया सम्मानित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए रेडी पटरी स्ट्रीट वेडर को बिना बन्धक लोन नगर पंचायत क्षेत्र में देने की योजना को उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जे०पी०एस० राठौर के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि०, रायबरेली के नवाचार से (स्ट्रीट वेंडर्स) के लिए देश की पहली रेहडी पटरी समिति का गठन किया गया, जिसको जिला सहकारी बैंक लि०. रायबरेली द्वारा वित्त पोषित किया गया।

जिससे जो करबे या बाजार नगर पंचायत क्षेत्र में नहीं है उनको वित्तीय सहायता देने के लिए इस क्षेत्र के रेहडी पटरी वालों को ही इस समिति का सदस्य बनाया गया। समिति गठन कर इन (स्ट्रीट वेडर्स) रेहडी पटरी सदस्यों को 20-20 हजार बिना किसी बन्धक या कॉलेटरल के समिति द्वारा निर्गत किया गया।

# पत्रकार एसोसिएशन ने विधायक के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

❖ सरकारी बस में निःशुल्क यात्रा व आयुष्मान कार्ड सुविधा की उठाई मांग

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है। यह ज्ञापन मेहनोन विधायक विनय कुमार द्विवेदी के माध्यम से सौंपा गया हैं।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रनाथ सिंह के निर्देश और जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन है। यह संगठन प्रदेश के 18 मंडलों 75 जनपदों और 551 तहसीलों में सक्रिय है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को आज भी सरकारी सुविधाओं और सुरक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने मांग किया है कि तहसील स्तर पर मान्यता प्रदान करने की स्पष्ट व्यवस्था की जाए और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी पुराने आदेशों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। इसके साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जिला व तहसील स्तर पर स्थायी समिति का गठन कर नियमित बैठकें कराई जाएं। ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा और प्रदेश स्तरीय मान्यता एवं विज्ञापन मान्यता समितियों में संगठन के प्रतिनिधियों को सदस्य बनाए जाने की भी मांग की गई है।

# युग निर्माण की जिम्मेदारी शिक्षकों के ही कंधों पर : राम यश

**पायनियर संवाददाता। अमेठी**



रविवार को आखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में क्षेत्र के पीपरपुर स्थित आसल देव इंटर कॉलेज में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अमेठी जनपद सहित सुल्तानपुर एवं प्रतापगढ़ जनपद के शिक्षकों, कार्यकर्ताओं, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, अभिभावक सहित स्थानीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। संगोष्ठी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर भी बात की गई। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित संस्कारोन्यन युग निर्माता सृजन सैनिक शिक्षक शैक्षिक संगोष्ठी में छात्रों को उत्कृष्ट नागरिक बनाकर राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं शांतिकुंज पत्रक प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधि राम यश तिवारी ने बताया कि आगामी नवम्बर 2026 में वंदनीया माता जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर पच्चीस हजार शिक्षकों की गोष्ठी शान्तिकुन्ज हरिद्वार में सम्पन्न होगी। परम पूज्य गुरुदेव ने इक्कीसवीं सदी उज्ज्वल भविष्य का उद्घोष किया था, इक्कीसवीं सदी के पच्चीस वर्ष बीत चुके हैं, परिवर्तन दिखने लगा है लेकिन इसको गति देने के लिए शिक्षकों को अपनी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। इतिहास गवाह है किसी भी बदलाव की क्रांति में शिक्षकों की भूमिका अहम रही है, युग निर्माण में भी शिक्षकों के कन्धों पर विशेष जिम्मेदारी है। सुल्तानपुर जपनद समन्वयक डॉ. सुधाकर सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की शिक्षा को बच्चों की आदतों, उनकी दिनचर्या में समावेश किया जाय।

## संक्षिप्त समाचार

### खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पायनियर, अमेठी।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग अमेठी के तत्वाधान में प्र. ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा तिलोई में 13 व 14 दिसम्बर 2025 र.ढ.ट इण्टर कालेज के खेल मैदान तिलोई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन खण्ड विकास अधिकारी तिलोई राजकुमार शर्मा व उ० प्र० शिक्षक संघ के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा बच्चो को मेडल, सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता,सब जूनियर, सीनियर वर्ग में एथलेटिक, कबड्डी, कुश्ती बालीवाल, बैडमिंटन, महिला व पुरुष वर्ग में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का आयोजन युवा समय उवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस मौके पर विनोद कुमार सिंह, ओकोर नाथ, शशि सिंह, प्रभात कुमार, ताज मोहम्मद, सूर्यकान्त शुक्ला, राममागर ,लाल प्रताप, अनुपम शुक्ता, शुभम तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की बैठक संपन्न

**पायनियर, कुड़वार-सुलतानपुर।** क्षेत्र के अलीगंज बाजार में रविवार को भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की बैठक जिला पदाधिकारियों के संयोजन में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रदेश महासचिव विष्णु भान सिंह ने पहुंचकर जिला टीम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संगठन जाति, धर्म,रंग, रूप, ऊंच, नीच भेदभाव को नहीं मानता है। मानवता धर्म की सेवा के लिए यह संगठन बनाया गया है। हमें मानव कल्याण के लिए कार्य करना है। जिला अध्यक्ष जगदंबा तिवारी ने सभी पदाधिकारी से समाज में लोगों की सेवा करने की बात कही। इस अवसर पर अनिल पाठक, संतोष दुबे, सुरेंद्र यादव, ओम प्रकाश शर्मा, अमरनाथ दुबे, विनोद कुमार तिवारी, राजेश गुप्ता रितिक शर्मा, मुरलीधर गुप्ता, उदय प्रताप सिंह, मूलचंद चौरसिया नंदकिशोर यादव आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### सडक के किनारे मिला अधेड़ का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**पायनियर, जगदीशपुर अमेठी।** संदिग्ध परिस्थितियों मे एक अधेड़ का शव सड़क के किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पडताल मे जुटी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हारीमऊ गांव के निकट राहगीरों ने सड़क के किनारे एक अधेड़ का शव पड़ा देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर आला अफसरों समेत मौके पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना करने के उपरांत आसपास के लोगों से पूंछतांछ करने के उपरांत शव की शिनाख्त मक्खन सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी गूंगेमऊ थाना जगदीशपुर के रूप में की जो हारीमऊ गांव मे निर्माणाधीन बैकुंठधाम अंतेष्टि स्थल मे केयर टेकर के रूप मे काम करता था जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंच कर रोने बिलखने लगे तथा हत्या की आशंका जताई तत्पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाई जारी है।

### धर्म परिवर्तन के लिए विदेशी शक्तियों ने खर्च किये 26 हजार करोड़ : सुनील

**पायनियर, लंभुआ-सुलतानपुर।** भारत मे धर्म परिवर्तन के लिए विदेशी शक्तियों ने 26 हजार करोड़ रुपये खर्च किये हैं। कुछ हिन्दू विधर्मियों की कुटिल चाल में फंस गए। इसके अलावा पुरातन काल मे ही हमें कुचलने के प्रयास किये जाते रहे। मौजूदा परिदृश्य में हिंदुओं को उपेक्षित करके कोई राजनीति नहीं की जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक सुनील जीने यह बातें कहीं। सह प्रांत प्रचारक रविवार को अर्जुनपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बतौर मुख्य वक्ता उन्होंने कहा कि हम हिन्दू भाव का विस्मरण कर गए। कुटिल चल में फंस गए। गर्व से हिन्दू कहने में कुछ लोग झिझक रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीवों से प्रेम करने वाला ही हिन्दू है। हमारी सरलता को कायरता समझा गया। सदियों से हिन्दू धर्म को नष्ट करने के प्रयास किये गए। मंदिर भंजन शुरू किया। धर्म परिवर्तन किया गया। अस्मिता, भारत के मान बिंदु पर चोट की गई। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा 500 वर्ष बाद हुई। यह हमारी एकता का परिणाम रहा। घोर ठंड में भी सारा समाज इसके लिए लगा रहा। अब विदेशी आक्रांताओं की चाल कामयाब नहीं हो रही है तो भोले भाले हिन्दू भाइयों को कुचक्र रच कर फंसाया जा रहा है। कई प्रमुख स्थानों पर जातिगत मुद्दे उठाकर वैमनस्यता पैदा की जा रही है। हम बंटे नहीं बल्कि, एकजुट हों। ईसाई मिशनरियों ने 22000 करोड़ तो इस्लाम के चरमपंथियों ने भारत में 4000 करोड रुपए खर्च किए हैं। जाहिर है कि यह रकम धर्म परिवर्तन व हिंदू धर्म को चोट पहुंचाने की खातिर खर्च की गई है। सम्मेलन में श्री सद्गुरु कबीर आश्रम खडुआन के महंत निर्मोही दास जी महाराज, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी व धरियामऊ निवासी नन्दिनी तिवारी, ग्राम प्रधान रघुनाथ खास तौर पर मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने की। कार्यक्रम संयोजक विकास वर्मा ने मौजूद सन्तो को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

### कोर्ट के आदेश पर जमीन हड़पने का मामला दर्ज

**पायनियर, करनैलगंज,गोंडा।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जमीन हड़पने के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया है। थाना परसपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुसुण्डा निवासी कैलाशमती ने जमीन हड़पने व जालसाजी का गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि ग्राम सुसुण्डा निवासी राम नरायन, जिनकी कोई संतान नहीं थी, सह खातेदार व संक्रमणीय भूमिधर थे। आरोप है कि विपक्षी ने साजिश के तहत ग्राम पंचायत सचिव से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया तथा एक महिला को राम नरायन की पत्नी बताकर जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया। जबकि राम नरायन की मृत्यु 31 जुलाई 2008 को जिला चिकित्सालय गोंडा में इलाज के दौरान हुई थी, जिसके प्रमाण उपलब्ध हैं। उसका कहना है कि चकबंदी प्रक्रिया के दौरान उसे अपने अधिकारों की जानकारी हुई। विरोध करने पर विपक्षी द्वारा गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस व उच्चाधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली गई है। उसने न्यायालय से मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच के आदेश की मांग की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# जिला सुरक्षा संगठन ने मनाया रजत जयंती समारोह

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**



जिला सुरक्षा संगठन का रजत जयंती समारोह पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधीक्षक एवं पूर्व महानिरीक्षक तथा जिला सुरक्षा संगठन की नींव रखने वाले आईपीएस आरपी सिंह रहे।

मुख्य अतिथि आरपी सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन और समाज के बीच एक विश्वास की खाई महसूस की थी। इसी दूरी को कम करने और परस्पर विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला सुरक्षा संगठन की स्थापना की गई, ताकि पुलिस, प्रशासन और समाज के सम्मानित नागरिक एक मंच पर आकर मिल-जुलकर कार्य कर सकें।

विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि जिले में जिला सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य सभी धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में निस्वार्थ भाव से सहभागिता करते हैं। उन्होंने ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव 2025 में संगठन की भूमिका की प्रशंसा करते हुए संगठन के विस्तार को थाने स्तर तक ले जाने की बात कही। साथ ही कहा कि सभी धर्मों के त्योहारों–दुर्गा पूजा, होली, दिवाली, दशहरा, मोहर्रम, चेहल्लुम, ईद, बकरीद, गणेश पूजा और छठ–को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में संगठन की भूमिका सराहनीय रही है।

कार्यक्रम में कवि सम्मेलन ने समां बांध दिया। यमुना प्रसाद उपाध्याय, शोभनाथ फैजाबादी और अब्दुल मन्नान सुल्तानपुरी की रचनाओं पर सभागार तालियों से गूंज उठा। पुलिस अधीक्षक ने कवियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संगठन अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव हाजी मोहम्मद इलियास खान, मुख्य संयोजक सरदार बलदेव सिंह, संरक्षक कमलनयन पांडेय, सुंदर लाल टंडन, संयोजक आशीष अग्रवाल, राधेश्याम गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया। मंच संचालन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित वक्ता एवं साहित्यकार आयुष चतुर्वेदी ने किया।

इस मौके पर संयोजक जाहिद आब्दी, कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नैय्यर रज़ा ज़ैदी, अरुण जायसवाल, कुलदीप गुप्ता सचिव, अफ्तार अहमद ज़िला मीडिया प्रभारी समेत जिला सुरक्षा संगठन के थाना गोसाईगंज,बंधुआ, कादीपुर, चांदा, कोतवाली नगर समेत पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष एवं सदस्य मौजूद रहे।

## राघवेंद्र तिवारी जिलाध्यक्ष तो देवमणिबने महामंत्री

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ शाखा गोंडा का दिवार्षिक चुनाव अधिवेशन चौधरी चरण सिंह सिंचाई डाक बंगला में रविवार को संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी विनोद वर्मा के द्वारा नामांकन पत्र का वितरण किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर राघवेंद्र तिवारी, महामंत्री पद पर देवमणि, कोषाध्यक्ष पद पर अमीर अहमद, संगठन मंत्री उधोराम गौतम, जिला संप्रेक्षक रामरूप वर्मा ने अपना नामांकन किया। निर्धारित समय में सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण चुनाव अधिकारी के द्वारा सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे, वरिष्ठ उपाध्याय सचिन मोहन श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष कर्नलगंज रवि गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष परसपुर जितेंद्र तिवारी, बेलसर ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# समिति के अध्यक्ष ने किया डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

**पायनियर संवाददाता। जयसिंहपुर-सुलतानपुर**



आज की आधुनिक शिक्षा के युग में जहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एकांतिक वातावरण के लिए पढ़ाई का अच्छा माहौल नहीं मिल पाता है इसी को दृष्टिगत रखते हुए बगिया चौराहे पर रविवार को डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन किया गया जो युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचल इलाके में प्रतियोगी छात्रों को आधुनिक शिक्षा और सुविधाओं के लिए जहां जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। जिससे उनके अभिभावकों को अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए गंगेव निवासी बी .के. पाठक ने युवा छात्रों को एक ही स्थान पर पढ़ाई की आधुनिक व्यवस्था की दिशा में कदम बढ़ाया। रविवार को डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकाधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ समाजसेवी प्रभाकर चन्द्रशेखर शुक्ल उर्फ रिंकू शुक्ल ने फीता काटकर लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन किया । उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में ग्रामीण क्षेत्र के युवा छात्रों को पढ़ाई के लिए बेहतर, शांत वातावरण और सुविधाओं के लिए शहर जाना पड़ता है। जो सुविधा अब ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध हो गई। छात्रों को पढ़ाई के लिए जिला मुख्यालय जाने से निजात मिल जाएगी।उसी तर्ज पर उच्च स्तर की व्यवस्था ग्रामीण अंचल में होने पर युवाओं और उनके परिजनों को आर्थिक बोझ भी कम हो जाएगा। ऐसी लाइब्रेरी आधुनिक युग की शिक्षा में युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी। लाइब्रेरी संचालक बीके पाठक ने बताया कि इस लाइब्रेरी में छात्रों को शांत वातावरण के साथ मोबाइल चार्जिंग, शुद्ध पानी, प्रतिदिन के हिन्दी, अंग्रेजी समाचार पत्र, वातानुकूलित रूम, वाईफाई की सुविधा के साथ अन्य आधुनिक व्यवस्था की गई है।

# सीएमओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता। सिरौली गौसपुर बाराबंकी



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव ने रविवार को सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदोसरायं, सैदनपुर एवं मेलारायगंज स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर से हुई, जहां मुख्यमंत्री आरोग्य मेला चल रहा था। सीएमओ ने मेले का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जा रही दवाइयों व उपचार की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. संजय गुप्ता, एएनएम सरला, आशा बहू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थीं। सीएमओ ने स्वास्थ्य टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने मेलारायगंज स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंच कर स्टेट टीम के साथ स्थित की जानकारी ली। वहां उन्होंने सीएचसो आसमा बानो से केंद्र के संचालन संबंधी जानकारी लेते हुए उपस्थिति रजिस्टर और दवाइयों के स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया और केंद्र को प्रतिदिन खोलने का निर्देश दिया।अंतिम पड़ाव में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदोसराय का भी निरीक्षण किया। यहां भी मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित था, जिसमें मरीजों को दवाइयां दी जा रही थीं और उनकी जांच की जा रही थी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विटामिन युक्त हरी सब्जियों और विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले पोषाहार का स्टॉल लगाया गया था, जिसका सीएमओ ने निरीक्षण किया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह, डॉ देवप्रताप सिंह, बीपीएम शैलेश कुमार, अभय सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## 14 वर्षीय गोकुल का राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम में हुआ चयन

बाराबंकी। प्रतिभा किसी दृष्टि की मोहताज नहीं होती,इस कथन को साकार कर दिखाया है बाराबंकी जनपद के जाफरपुर गांव के रहने वाले 14 वर्षीय गोकुल वर्मा पुत्र बैजनाथ वर्मा का चयन उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट टीम में बतौर ऑलराउंडर हुआ है।

बता दे की नागेश ट्रॉफी ब्लाइंड क्रिकेट टी 20 नेशनल टूर्नामेंट का यह आठवां संस्करण है।उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि इस टूर्नामेंट में देश के 29 राज्यों की टीमें भाग ले रही है इन 29 टीमों को 6 ग्रुप में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, गुजरात,आंधप्रदेश को रखा गया है।

## क्रय केंद्रों पर टोकन से नहीं हो रही धान खरीद, शिकायत

बिचौलियों के दखल से परेशान किसान,भारी आक्रोश

पायनियर संवाददाता। बाराबंकी

क्रय केंद्रों पर धान तौल कराने के लिए किसान पिछले कई दिनों से परेशान हैं।किसान मजबूर होकर आढ़त पर औने पौने दामों में बेचने को मजबूर है।रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के किसानों ने सरकारी धान क्रय केंद्रों पर धान की तौल न होने और बिचौलियों के दखल का गंभीर आरोप लगाते हुए सीएम से शिकायत की हैं। देवीगंज गांव स्थित बी पैक्स लिमिटेड रामपुर के सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए किसान कृष्ण प्रकाश ने बताया कि क्रय केंद्र प्रभारी ने बीते 4 नवंबर को खतौनी कागज जमा करके टोकन 11 दिसंबर को तौल कराने के लिए जारी किया।जारी टोकन पर किसान का तौल हो जाना चाहिए था।लेकिन किसान की तौल 13 दिसंबर तक नहीं हुई।उसने गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।वहीं ज्ञान, पप्पू, सुनील, एसबी आदि क्षेत्रीय किसानों ने गंभीर आरोप लगाया कि बी.पैक्स लिमिटेड सादुल्लापुर के क्रय केंद्र प्रभारी प्रभावशाली किसानों एवं व्यापारियों का धान को प्राथमिकता देकर पहले ही तौल रहे है।

## आर्मी 11 ने जीता फाइनल मुकाबला

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत कार्यालय के बगल स्थित मैदान पर चल रहे चार दिवसीय क्रिकेट टूर 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार लकी 11 व आर्मी 11 के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के इस महा मुकाबला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गौरव कुमार रावत पूर्व अध्यक्ष रियाज अहमद उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

फाइनल मुकाबले लकी 11 के कप्तान मोहम्मद सलमान नेट टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया मैदान पर बैटिंग करने उतरी आर्मी 11 कप्तान बबलू आरा मशीन के नेतृत्व में आर्मी 11 के खिलाड़ियों ने निर्धारित 10 ओवर में 138 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।उतरी लकी 11 ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 133 रनों पर ही आउट हो गई।

## शासन की टीमों ने सीएचसी इकौना की व्यवस्था का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती



इकौना- शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की कई टीमें एक साथ श्रावस्ती पहुंचकर जिले के सीएचसी एवं पीएचसी का निरीक्षण कर रही है जिससे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर के डिप्टी सीएमओ डा. अमरेश जोशी के नेतृत्व में जिला प्रोग्राम मैनेजर फतेहपुर लालचंद गौतम एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अब्दुल हन्नान ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना पहुंचकर वहां के स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। टीम ने सीएचसी इकौना में मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली दवाओं की उपलब्धता तथा स्टॉक आदि की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा टीम ने अस्पताल के जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, जच्चा बच्चा वार्ड, लेबर रूम, ओपीडी सहित अस्पताल परिसर का गहन निरीक्षण किया। टीम ने प्रसव कराने आयी मनोहरापुर निवासिनी मीना देवी का हालचाल लिया तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। प्रसव के लिए आयी महिलाओं से टीम ने अपील किया कि जन्म के तुरन्त बाद बच्चे को मां का दूध पिलाएं। नवजात शिशुओं को अपने गोद में लें, उन्हें ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनायें। गर्भवती महिलाओं को नाश्ता व भोजन न मिलने पर टीम ने गहरी नाराजगी जताई, इस दौरान स्टाफ ने बताया कि छह दिसंबर से ठेकेदार द्वारा मरीजों का नाश्ता व भोजन बंद कर दिया गया है। टीम ने लैब में जाकर जांच हो रहे मरीजों का सत्यापन किया।

## ई-रिक्शा-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत, मां समेत पांच घायल

पायनियर संवाददाता। बाराबंकी

दरियाबाद स्टेशन मार्ग पर मथुरनगर पुलिया के पास शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय मोहम्मद राजन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में राजन की मां नूर जहां समेत कुल पांच लोग घायल हो गए।

रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के सुमेरगंज निवासी मोहम्मद राजन अपनी मां नूर जहां के साथ दरियाबाद से दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। मथुरनगर पुलिया के पास सामने से आ रहे ई-रिक्शा से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजन और उनकी मां दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।हादसे के बाद मौके पर जुटे क्षेत्रीय लोगों ने इंसानियत दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल सीएचसी मथुरनगर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर नूर जहां, मोहम्मद राजन, ई-रिक्शा सवार बुद्ध और बेचूलाल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान मोहम्मद राजन की मौत हो गई, जबकि उनकी मां नूर जहां का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है।इस दुर्घटना में बाइक पर सवार हैदरगढ़ के कुंभी निवासी मुख्तार अली भी घायल हुए हैं। वहीं ई-रिक्शा में सवार बुद्ध निवासी सराय दुनौली टिकैतनगर और बेचूलाल निवासी रानेपुर भी चोटिल हुए।

## सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

फतेहपुर बाराबंकी। रविवार की शाम फतेहपुर क्षेत्र में एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार (36) पुत्र राम सुचित, निवासी सधाईपुरवा, जो स्टेट बैंक के पास क्लीनिक चलाते हैं, रविवार की शाम अपने घर से बाइक द्वारा फतेहपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से जा रहे बुलेट सवार मोहम्मद वारीद पुत्र वसीम, निवासी बन्नी सुलेमाबाद से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़े। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और परिजनों को सूचना दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### तकिया मेले में तीतर पछियों के दंगल में दर्शकों की उमड़ी भीड़



पायनियर, उन्नाव। ऐतिहासिक तकिया मेला में परंपरागत के तहत प्रथम रविवार को लगने वाले तीतर पक्षी दंगल आकर्षण का केंद्र रहा। दंगल में जनपद व गैर जनपद से आए तीतर पालकों के तीतर पक्षियों के मध्य जोरदार मुकाबला हुआ। तीतरों के दांव-पेंच देख दर्शक में उत्साहित रहे। हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक प्रसिद्ध तकिया मेला में रविवार को लगने वाले तीतर पक्षियों के दंगल में जनपद रायबरेली के कोरिहर सताय निवासी कल्लू एवं उन्नाव के ग्राम हुलासी खेड़ा निवासी सुनील के तीतरों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें कल्लू का तीतर विजयी रहा। वहीं ग्राम छेदाखेड़ा निवासी सराय मनिहार और ग्राम रामनेर निवासी रजनी के तीतरों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत दर्शकों को रोमांचित किया। कड़े मुकाबले के बाद इस लड़ाई में रजनी का तीतर विजेता घोषित हुआ। इसी क्रम में जयपाल (बेल्हारा धानी खेड़ा, उन्नाव), श्याम मनोहर (राजपुर अंचलगंज), अभिषेक (मलेपुर) और फुन्नर (मदरपुर) के तीतरों के बीच काटे लड़ाई हुई जो बराबरी पर समाप्त हुई। जिसने दर्शकों को रोमांचित किया। दंगल में भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### ठंड से बचने के लिये आहार पर दे विशेष ध्यान

पायनियर, श्रावस्ती। सर्दियों की शुरुआत होते के चलते कोल्ड स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है जिसमें बच्चों व बुजुर्गों को काफी ऐहतियात बरतने की आवश्यकता है। न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार रीजनल हेड डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली बताती हैं कि सर्दियों में त्वचा की देखभाल का सबसे प्रभावी तरीका सही खाद्य पदार्थों के माध्यम से शरीर को पोषण देना है। उन्होंने प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन ई और ओमेगा-3 से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया जैसे फैटी फिश और कैलिफ़ोर्निया बादाम जैसी शामिल है रोज़ाना बादाम को अपने आहार में शामिल करने से त्वचा को भीतर से पोषण मिलता है और यह कठोर मौसम में भी मुलायम, हाइड्रेटेड और स्वस्थ बनी रहती है। बादाम आवश्यक पोषक तत्वों का एक शक्तिशाली स्रोत हैं जो त्वचा के स्वास्थ्य को कई तरीकों से समर्थन प्रदान करते हैं यह विटामिन ई के सबसे समृद्ध प्राकृतिक स्रोतों में से एक हैं जो एक महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट है और त्वचा को क्षति से बचाता है। कैलिफ़ोर्निया बादाम को सर्दियों में आवश्यक बनाने का एक और कारण है इनमें मौजूद उच्च मात्रा में हेल्दी मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स ये हेल्दी फैट्स त्वचा के लिए अंदरूनी मॉइस्चराइज़र का काम करती हैं जिससे त्वचा की इलास्टिसिटी में सुधार होता है और अत्यधिक सूखापन से बचाव होता है।

### नहर पुल के पास सीढ़ियां, जर्जर मार्ग की मरम्मत की मांग

पायनियर, बाराबंकी। मसौली क्षेत्र में तिलपुरा मजरे नहामऊ निवासी अमर सिंह यादव ने शारदा सहायक नहर विभाग से नहर पुल के पास सीढ़ियों के निर्माण और जर्जर मार्ग की मरम्मत की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में अधिशासी अभियंता को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। अमर सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम रजपलिया से तिलपुरा नहर पुल तक लगभग एक किलोमीटर लंबा रास्ता पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, जिससे पैदल यात्रियों, साइकिल सवारों और दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में यह मार्ग कीचड़ से भर जाता है, जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है।

## शाहजहांपुर में फिटनेस-बीमा के बिना चल रहे स्कूली वाहन



स्कूल की बस सीज, वीडियो सामने आने पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में बिना फिटनेस और बीमा के चल रही दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल की एक बस को सीज कर दिया गया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर बस का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। बस में स्कूली बच्चे और शिक्षक यात्रा कर रहे थे, जिससे उनकी जान को खतरा था।वायरल वीडियो में बस पर 'दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल' लिखा हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद संबंधित विभाग ने बस का पता लगाया। इसके बाद सिंधौली थाना क्षेत्र में बस को रोककर सीज कर दिया गया और थाने में खड़ा करा दिया गया।अधिकारियों द्वारा जांच में पाया गया कि बस का फिटनेस और बीमा समाप्त हो चुका था।

इसके बावजूद चालक बेखौफ होकर बस को सड़क पर दौड़ा रहा था, जिससे उसमें सवार लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए थे। जिले में ऐसे कई स्कूली वाहन बिना वैध कागजात के चल रहे हैं। आरोप है कि परिवहन विभाग और प्रशासन केवल यातायात माह के दौरान ही सक्रिय दिखाई देता है। बड़े निजी स्कूलों के वाहनों पर अक्सर कार्रवाई नहीं होती, जबकि छोटे वाहनों का चालान कर विभाग अपनी पीठ थपथपा लेता है। यातायात माह समाप्त होने के बाद ऐसी कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली जाती है।एक महीने पहले भी एक तीसरी कक्षा की छात्रा एक स्कूली वाहन से गिरकर घायल हो गई थी, लेकिन परिवहन विभाग उस वाहन का अब तक पता नहीं लगा पाया है। एआरटीओ ने स्कूल प्रबंधन से अपील की है कि वे छात्रों को लाने-ले जाने वाले वाहनों पर नजर रखें और बीमा या फिटनेस समाप्त होने के बाद चलने वाले वाहनों को रोकें।करीब एक महीने पहले मारवाह मार्डन स्कूल वाहन से एक तीसरी कक्षा की छात्रा गिरकर घायल हुई थी। उसके कई दांत टूटे थे और घायल छात्रा का आपरेशन हुआ था। परिवार ने आरोप लगाया था कि कई दिन से खराब खिड़की को ठीक कराने के लिए कहा था, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। वहीं खिड़की खुलने से ही चलते वाहन से छात्रा गिरी थी। एक महीना बीतने के बाद भी विभाग अब तक उस वाहन, वाहन चलाने वाले चालक और उस वाहन मालिक का पता नहीं लगाया पाया है।

## स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

उन्नाव। नवाबगंज ब्लॉक क्षेत्र के रसूलपुर गांव स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज प्रांगण में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्थान भारत सरकार के प्रायोजकत्व में दिव्य प्रगति सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने रक्त,श्वास और आंखों की जांच कराकर दवाएं तथा चश्मे प्राप्त किए। शिविर की शुरुआत संस्थान की अध्यक्ष पूजा उपाध्याय द्वारा इरिडा से आए हुनर मेहता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर बी पी आनंद, डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी केजीएमयू चेस्ट विभाग लखनऊकी टीम के सदस्यों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया शिविर में उपस्थित डॉक्टरों में डॉ नितेश्वर शंकर, डॉ अनुभूति गुप्ता, डॉक्टर एहतराम हुसैन, डॉ जियाउल, डॉ राकेश शर्मा, के अलावा शमीना पैथोलॉजी सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शाहजहांपुर में तीसरी कक्षा की छात्रा से बैडटच

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर



शाहजहांपुर में तीसरी कक्षा की छात्रा के साथ एक युवक ने बैड टच कर दिया। कई बार इस हरकत की जानकारी छात्रा ने परिवार को दी। लेकिन वह उसकी पहचान नहीं बता पा रही थी। एक दिन मूवी देखने के दौरान छात्रा ने हीरो को देखकर परिवार से कहा कि आरोपी उसकी तरह दिखता है। इसके बाद छात्रा की नानी ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जांच की लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की। हिंदूवादी संगठन के पहुंचने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना चौक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। यहां एक 9 साल की बच्ची कक्षा तीन की छात्रा है जो डेढ़ साल की उम्र से अपने मामा के घर रहती है। वह प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ती है। पीड़िता के मामा का आरोप है कि उसकी भांजी प्रतिदिन एक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जाती है। दोपहर में इंटरवल में जब वह घर आती तो रास्ते में तंदूरी रोटी और पान का खोखा रखने वाले दूसरे समुदाय का युवक भांजी को इशारा करके अपने खोखे के पास बुलाता और पैसे का लालच देकर उसके साथ अश्लील हरकतें करता है। उसके गाल पकड़कर अश्लील हरकतें करता। आरोप है कि छात्रा को छुट्टी होने के बाद आरोपी उसका पीछा करता था। भांजी ने उसकी हरकतों के बारे में कई बार परिवार को बताया लेकिन वह इसको नजरअंदाज करते रहे। मामा का आरोप है कि 12 दिसम्बर की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब भांजी स्कूल से वापस आ रही थी। तभी आरोपी ने उसका पीछा किया। तब पीड़िता ने रो रोकर पूरी घटना परिवार को बताई। इस सूचना पर हिंदूवादी संगठन के राजेश अवस्थी मौके कोतवाली पहुंचे।

## कोहरे का कहर: लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दस वाहन भिड़े, स्लीपर बस चालक की मौत

पायनियर संवाददाता। उन्नाव

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह घने कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया। गौरियाकला गांव के पास टाइल्स से लदा एक लोडर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।

दृश्यता बेहद कम होने के कारण पीछे से आ रहे वाहन समय रहते उसे नहीं देख सके और एक के बाद एक करीब 10 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे का सबसे दर्दनाक दृश्य तब सामने आया, जब जयपुर से लखनऊ जा रही एक स्लीपर बस क्षतिग्रस्त कंटेनर में पीछे से जा घुसी। टक्कर



इतनी जबरदस्त थी कि बस चालक जितेंद्र कुमार (50) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक हरिओम (30) गंभीर रूप से घायल हो गया। बस में सवार करीब 60 यात्री बाल-बाल बच गए, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। सूचना मिलते ही यूपीडा की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया गया। हादसे के कारण एक्सप्रेसवे पर करीब डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घायलों का उपचार जारी है।

## नवविवाहिता का फंदे से लटका मिला शव



पुलिस ने शव कब्जे में लिया, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाकर घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। यह घटना शाम को एक मोहल्ले में हुई, जब नवविवाहिता का शव कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका पाया गया। सूचना मिलते ही कांट पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। कांट के प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्या ने बताया कि कमरा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और शव को फंदे से उतारा। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। मृतका की पहचान 22 वर्षीय कुलसुम के रूप में हुई है। उसकी शादी सात माह पहले शहनवाज से हुई थी। कुलसुम हरदोई जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र के टूरमुखी गांव निवासी तौफीक की बेटी थी। शहनवाज के पिता मजदूरी करते हैं। घटना के समय कुलसुम के पति शहनवाज मजदूरी करने गए हुए थे। घर पर उनकी 70 वर्षीय मां हाजरा अकेली थीं। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को घटना की सूचना दे दी है। प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्या ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने इंडो-नेपाल सीमा का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती

सिरसिया - जनपद के इंडो-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा को सुरक्षित, सतर्क एवं नियंत्रित बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल के समन्वय से सीमा क्षेत्र में निरंतर प्रभावी निगरानी एवं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम द्वारा थाना सिरसिया पुलिस एवं एसएसबी बल के साथ थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत सोन पथरी बॉर्डर पर विस्तृत पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति आवागमन मार्गों संवेदनशील स्थलों तथा सुरक्षा बिंदुओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया एवं मौके पर तैनात पुलिस व एसएसबी बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमा क्षेत्र में तैनात पुलिस एवं एसएसबी कर्मियों को अवैध आवागमन, तस्करी, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने, सतर्क रहकर ड्यूटी करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। पैदल गश्त का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, सीमा सुरक्षा को और अधिक प्रभावी करना तथा किसी भी संभावित सुरक्षा चुनौती को समय रहते निष्प्रभावी करना रहा। श्रावस्ती पुलिस एवं एसएसबी द्वारा सीमा क्षेत्र में सतर्कता, चौकसी एवं नियमित गश्त के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

## महिला हेल्प डेस्क के प्रयासों से 18 दंपतियों में सुलह, परिवार टूटने से बचे

पायनियर संवाददाता। उन्नाव



जनपद के विभिन्न थानों में संचालित महिला हेल्पडेस्क एवं परिवार परामर्श केंद्र के प्रयासों से पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों का सफल समाधान किया गया। काउंसलिंग के माध्यम से कुल 18 विवादित दंपतियों में सुलह कराई गई, जिसके बाद सभी जोड़ों को साथ-साथ शांतिपूर्ण जीवन बिताने के आश्वासन के साथ विदा किया गया।

महिला हेल्पडेस्क पर बुलाए गए दंपतियों की परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा काउंसलिंग की गई। बातचीत के दौरान आपसी मतभेदों को दूर कर समझौता कराया गया, जिससे कई परिवार टूटने से बच गए।थाना-वार समझौता किए गए दंपतियों में महिला थाना से 07, थाना बांगरमऊ, पुरवा एवं कोतवाली सदर से 02-02, जबकि थाना अचलगंज, आसीवन, बिहार, हसनगंज एवं गंगाघाट से 01-01 जोड़ा शामिल है।

इस कार्य में डॉ. आशीष श्रीवास्तव (प्रभारी परिवार परामर्श समिति), श्रीमती शिल्पा श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा सिंह (प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना) तथा श्रीमती संतोष कुमारी (प्रभारी महिला हेल्पडेस्क) का विशेष योगदान रहा।

## मकान का बीम गिरने से राजमिस्त्री की मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के तिलहर में एक मकान की बीम गिरने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। यह घटना सोमवार सुबह मोहल्ला निजकंजा में हुई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान मंसूर अहमद के रूप में हुई है जो अपने छोटे भाई मंजूर अहमद के मकान की दीवार बना रहे थे। काम के दौरान अचानक एक बीम उन पर गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के सदस्य तुरंत मंसूर अहमद को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने मंसूर अहमद को मृत घोषित कर दिया। मंसूर अहमद अपने सगे भाई के मकान की दीवार बना रहे थे।

## जंगल में अर्द्धनग्न शव मिलने से सनसनी

तीन दिन से लापता युवक की नृशंस हत्या, गले में मिला साड़ी का फंदा

पायनियर संवाददाता। उन्नाव

अचलगंज थाना क्षेत्र के बदरका गांव के पास जंगल में रविवार सुबह एक युवक का अर्द्धनग्न शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव तीन दिनों से लापता युवक का बताया जा रहा है। मृतक के गले में साड़ी फाड़कर बनाया गया फंदा कसा हुआ था, चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे और मुंह से खून निकल रहा था। मृतक की पहचान टिकरी गणेश मजरा बलियाखेड़ा निवासी 25 वर्षीय सुधीर पाल, पुत्र राम सजीवन के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार सुधीर 12 दिसंबर को घर से अपने दोस्त रंजीत के साथ बाइक से अचलगंज गया था। बदरका गांव पहुंचने पर उसने दोस्त को वहीं छोड़ दिया और कहीं चला गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसकी बाइक बदरका गांव के पीछे कच्चे रास्ते पर लावारिस हालत में मिली, जिससे अनहोनी की आशंका गहराने लगी थी। रविवार सुबह खेतों में काम करने जा रही महिलाओं ने मंगू के खाली खेत में घास-फूस से ढका शव देखा, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचीघटना की जानकारी मिलते ही सीओ मधुपनाथ मिश्र और इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शुक्ल फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे। शव के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में गला कसकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

# डीएम ने पल्स पोलियो महाअभियान का किया शुभारंभ

❖ शत-प्रतिशत टीकाकरण के दिए निर्देश

**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**



जिलाधिकारी कपिल सिंह ने रविवार को जिला चिकित्सालय महिला अकबरपुर में पल्स पोलियो महाअभियान का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं बच्चों को दो बूंद पोलियो की पिलाकर अभियान की शुरुआत की।जिलाधिकारी ने उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में शून्य से पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को शत-प्रतिशत पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाए, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि टीकाकरण के उपरांत बच्चों को उपलब्ध कराए गए कार्ड में टीकाकरण का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाए।उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को समय से पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं और पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने सभी सम्मानित जनता से अपील है कि दिनांक 14.12.2025 को पल्स पोलियो बूथ पर पहुंच कर अपने बच्चों को पोलिया खुराक अवश्य दिलायें।उन्होंने कहा किष्दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरारष। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह ने बताया कि जनपद में दिनांक 14.12.2025 से दिनांक 19.12.2025 तक पल्स पोलियो महाअभियान चलाया जाएगा, आज 891 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी।

दिनांक 15.12.2025 से 19.12.2025 तक 650 टीमों के द्वारा जनपद के 353500 घरों में घर-घर भ्रमण कर पोलियो खुराक से छूटे हुये 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को प्रतिरक्षित किया जायेगा। जनपद में कुल 284996 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य है। बी० टीम के माध्यम से दिनांक 22.12.2025 दिन सोमवार को छूटे हुये बच्चों को प्रतिरक्षित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एके सिंह, डिप्टी सीएम आशीष बाजपेई, महिला चिकित्सालय सीएमएस वंदना सिंह, सीएचसी अकबरपुर एमओआईसी डॉक्टर आईएच खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गुमशुदा महिला को ढूंढ कर परिजनों को लौटाई खुशियां

**कानपुर देहात।** एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जनपद में गुमशुदा बच्चों/महिलाओ को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, शनिवार को एक महिला, जिसका नाम उषा देवी पत्नी कृष्ण कुमार निवासिनी ग्राम नैनापुर, थाना सिकन्दरा, जनपद कानपुर देहात, को थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा खोजकर उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर घरवालों के चेहरो पर खुशियाँ लायी गयी।

परिजनों द्वारा इसकी सूचना थाना सिकन्दरा पर दर्ज करायी गई थी। थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गौतम के कुशल नेतृत्व मे त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त महिला को ग्राम निन्हौरा की सीमा में पीआरवी 5753 व उ0नि0 उमेश कुमार द्वारा खोजकर थाना स्थानीय पर लाकर म0का0 1190 लवली वैष्णव व म0का0 1192 हेमा सोनी को सुपुर्द कर निगरानी में बिठाया गया तथा घर वालों को सूचित कर थाना सिकन्दरा बुलाया गया।

# 31वें विष्णु महायज्ञ का भव्य व विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारम्भ

**पायनियर संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात**



रूरा कस्बे के थाना ग्राउण्ड में आयोजित की जाने वाली प्रसिद्ध श्री विष्णु महायज्ञ एवँ विशाल मानस सॅगीत सम्मेलन के 31 वें वार्षिकोत्सव का भव्य विशाल कलश यात्रा के साथ आज शुभारम्भ किया गया। कलश यात्रा रूरा के प्रमुख मार्गों, ओवर ब्रिज व भटौली होते हुये नहर पुल पहॅुची जहॉ महिलाओं ने अपने कलशों में जल भरा व उसके बाद वापस कलशों को यज्ञशाला में स्थापित किया गया।

रूरा के थाना ग्राउण्ड में विगत 30 वर्षों से विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 31 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर रविवार को भव्य कलश यात्रा यज्ञ परिसर से निकाली गयी, कलश यात्रा भटौली, रूरा मुख्य तिराहा, ओवरब्रिज होते हुये नहर पुल पहॅुची, जहॉ से श्रद्धालु महिलाये कलश में जल भरकर वापस यज्ञशाला के लिये प्रस्थान किया। वापसी के बाद कलशों को यज्ञशाला में स्थापित किया गया तथा सॅगीत की धुन पर आकर्षक झॉकियों के माध्यम से शानदार मॅचन किया गया। आयोजक अध्यक्ष केजी पाण्डेय, महामंत्र.ी अवधेश पाण्डेय,कार्यक्रम संयोजक राकेश शुक्ला, हरिकान्त पाण्डेय मिण्टू ने बताया कि 14 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में यज्ञाचार्य पं0 उमाशॅकर तिवारी, प्रसिद्ध भागवत व्यास शशिभूषण दास महाराज चित्रकूट, रामदेव दास अयोध्या, रेखा शर्मा, मनीष तिवारी, अयोध्या, साध्वी वैदेही, आगरा, रामबिहारी ब्रम्हचारी जालौन की उपस्थिति में यज्ञ, भागवत व मानस सॅगीत सम्मेलन के आयोजन होंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख संरक्षक रविशशि द्विवेदी, राजेश प्रजापति, अनूप सिंह गौर, छोटे तिवारी, उमेन्द्र शुक्ला एडवोकेट, प्रदीप यादव, आशीष पाण्डेय, बबलू कुशवाहा, महेश मुनीम, राजकुमार, राजबहादुर गुप्ता, अखिलेश गुप्ता लल्ला, शिवा पाण्डेय, पुत्तन द्विवेदी, अनिरूद्ध गुप्ता, संतोष बाजपेई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# खेत की मेड़ पर ही अदालत लगाकर किया निपटारा



**पायनियर संवाददाता। घाटमपुर**

स्थानीय तहसील अधिकारियों ने बीते शनिवार को अनूठी पहल के तहत खेत की मेड़ पर ही अदालत लगाकर निपटारा किया, पूर्व से ही निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बँटवारा वाद, अभिलेख दुरुस्ती वाद व विवादित वरासतों के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-32/38 के विभिन्न वादों का निस्तारण किया गया है। उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह ने आम आदमी को त्वरित,सुलभ,प्राकृतिक सिद्धांतों पर आधारित सहज न्याय देने के लिए विभिन्न ग्राम होते हुए क्षेत्र में लगभग 100 किमी का भ्रमण करते हुए 'आम आदमी को खेत की मेड़ पर न्याय' के तहत एक अनूठी पहल की। इसमें बँटवारा के ऐसे मुकदमों को चुना गया जिसमें पक्ष सहमत नहीं होते थे।पक्षों का कहना था कि एक बार उपजिलाधिकारी स्वयं मौका देख लें,और न्याय कर दें।इसके अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के 12 से अधिक विवादित बँटवारा वादों (उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा 116 व 117 के तहत पक्षों की उपस्थिति में सहमति आधारित निर्णय लिया गया।इसमें से कुछ वाद विगत 05 वर्ष से नहीं निपट रहे थे।इस तरह खेत-मेड़ पर न्याय की परम्परा विकसित कर राजस्व प्रशासन ने जटिल व कानूनी पेंच वाली न्याय की अवधारणा को मूल रूप से मिटा दिया।यह ग्रामीण स्तर सरल जीवन के अनुकूल एक व्यवस्था है।

## एसआईआर को हिन्दू-मुस्लिम में न बांटे अखिलेश यादव : शहाबुद्दीन

**बरेली।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इलैक्शन कमीशन आफ इंडिया ने भारत के नागरिकों की मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए एस आई आर कार्यक्रम शुरू किया, जिसके जरिए पूरे भारत में मतदाता सूची दुरुस्त की जा रही है, हजारों बी एल ओ और सरकारी कर्मचारियों को लगाया गया है।इलैक्शन कमीशन आफ इंडिया का मकसद कोई हिन्दू मुस्लिम सम्प्रदाय माहौल तैयार करना नहीं है, बल्कि ये सुनिश्चित करना है कि किस क्षेत्र में कितने मतदाता हैं, और कितने लोग एक जगह से दूसरी जगह चलें गए या कितने लोगो का देहांत हो चुका है। मगर समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव इलैक्शन कमीशन की इस मुहिम को हिन्दू और मुस्लमानो के दरमियान बांट रहे हैं, उनका कहना है कि इलैक्शन कमीशन मुसलमानो का वोट काट रहा है। जबकि हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं है।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने चलाया गया जागरूकता अभियान

**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**



रविवार को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में कानपुर देहात पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत जनपदीय थाना पुलिस द्वारा विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा योजनाओं, हेल्पलाइन नंबर्स, कानूनी अधिकारों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा साइबर अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना तथा अपराधों से बचाव के उपायों से अवगत कराना है, इस दौरान महिलाओं को 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (महिला शक्ति लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (इमरजेंसी हेल्पलाइन) एवं 1076 (पुलिस कंट्रोल रूम) जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई।

साथ ही, ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया पर साइबर अपराधों (जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग एवं फर्जी खातों से बचाव) से सावधान रहने के टिप्स साझा किए गए। कानूनी अधिकारों के अंतर्गत महिलाओं को पाक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम तथा साइबर क्राइम से संबंधित आईटी एक्ट की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोजेक्ट नई किरण कार्यक्रम का आयोजन



**पायनियर, औरैया।** रविवार 14 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक औरैया अभिषेक भारती के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। जिसमें महिला थाना ककोर मे 40 फाइलें दायर की गई। जिनमें 10 परिवार जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनों से अलग-अलग रह रहे थे एक दूसरे के साथ रहने को राजी नही थे, जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था। जिसे समझा बुझाकर पति-पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हसी खुशी बिदा किया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहें।

### ठंड के बढ़ते असर को देखते हुए प्रशासन अलर्ट



**पायनियर, घाटमपुर।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड व कोहरे के मद्देनज़र जनपद का प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ठंड से बचाव के लिए सभी तहसीलों में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं और प्रमुख बाजारों, चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी जरूरतमंद ठंड से प्रभावित न रहे और सभी व्यवस्थाएं निरंतर निगरानी के साथ संचालित की जाएं। घाटमपुर तहसील में कंबल वितरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। उपजिलाधिकारी अबिचल प्रताप सिंह ने बताया कि अज्योरी, सजेती और कुष्मांडा माता मंदिर परिसर में विधवा, निराश्रित, बुजुर्ग तथा यति-संन्यासी सहित लगभग 80 जरूरतमंद और पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। सीएचसी घाटमपुर, मां कुष्मांडा मंदिर परिसर सहित प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। तहसील क्षेत्र में कुल 20 अलाव स्थल सक्रिय हैं, जिनमें 7 नगर पालिका क्षेत्र और 13 ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार व चौराहों पर स्थापित हैं। उन्होंने बताया कि कुष्मांडा माता मंदिर परिसर और तहसील परिसर में स्थापित दोनों स्थायी रैन बसेरे पूरी तरह क्रियाशील हैं। बिल्हौर तहसील में उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने बताया कि घुमंतु समुदाय से जुड़े ऐसे परिवार जो बिना स्थायी आवास के जीवनयापन कर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरित किए गए हैं। ककवन टेंपो स्टैंड, चौबेपुर सहित विभिन्न बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि बिल्हौर और शिवराजपुर में स्थापित दोनों स्थायी रैन बसेरों में ठंड से बचाव की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। नरवल तहसील में उपजिलाधिकारी विवेक मिश्रा ने क्षेत्र भ्रमण कर अलाव स्थलों का निरीक्षण किया और बाजारों में आने वाले खरीदारों, कामगारों व श्रमिकों की सुविधा के अनुसार सुबह और शाम नियमित रूप से अलाव जलवाने के निर्देश दिए।

# जरूरतमंदों के लिए खुला निःशुल्क वस्त्र बैंक

❖ वृद्धाश्रम के संस्थापक ने किया वस्त्र बैंक का शुभारंभ

❖ जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्यः अभिषेक गुप्ता

**पायनियर संवाददाता। औरैया**



समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सर्द ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए रविवार को प्रातः 10 बजे अटल आश्रय गृह, औरैया में ₹नेकी की दीवार₹ नामक निःशुल्क वस्त्र बैंक का शुभारंभ₹ मुख्य अतिथि डॉ. राज्यवर्धन शुक्ला संस्थापक वृद्धाश्रम व ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी अभिषेक गुप्ता मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवकुमार पुरवार जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल राष्ट्रीय महासभा ने की।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाजसेवी संस्था विचित्र पहल पर्यावरण व जल संरक्षण के क्षेत्र व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की लड़कियों के विवाह में मदद आदि अनुकरणीय कार्य कर रही है जबकि विगत कई वर्षों से सर्द ऋतु में वास्तविक जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क वस्त्र व कंबल मुहैया कराए जाने की पहल बहुत ही सराहनीय है, उन्होंने लोगों से अपने अनुपयोगी वस्त्रों को समिति द्वारा संचालित वस्त्र बैंक में दान कर पुनीत कार्य में योगदान देने की अपील की, सर्द ऋतु की आहट को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम में मौजूद बुजुर्गों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने कंबल भेंट किये, महिला शाखा तुलसी ₹सखी ग्रुप₹ की सदस्यों ने जरूरतमंद बच्चों को उनके नाप के स्वेटर, कोट, कैप आदि गर्म वस्त्र भेंट किये। आयोजन के विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी अभिषेक गुप्ता ने बताया

## चित्रांश सभा का वार्षिक उत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**औरैया।** शहर के जालौन रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में चित्रांश सभा का वार्षिकोत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचाया। इस मौके पर मेधावियों एवं बुजुर्गों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.ज्ञानचंद्र सक्सेना, विशिष्ट अतिथि संतोष निगम, अरविंद श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता कर रहे शिवकुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती एवं भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके पश्चात विभिन्न वर्गों के बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां देते हुए आए हुए अतिथियों एवं समाज के लोगों का मनमोह लिया। आए हुए अतिथितियों ने संरक्षक मंडल का माल्यार्पण करते हुए उनका अभिनंदन किया। इसके अलावा समाज के वरिष्ठ जनों को शाल ओढ़ाकर भी सम्मानित किया गया।

# सात नवंबर से लापता बच्चा अब तक नहीं मिला, कैंट पुलिस पर उठे सवाल



**पायनियर संवाददाता। बरेली**

थाना कैंट क्षेत्र के चौबारी मेले से 7 नवंबर 2025 को लापता हुए 10 वर्षीय बच्चे का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजन पिछले कई दिनों से दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई से वे संतुष्ट नहीं हैं।

पीड़ित पिता नंद किशोर पुत्र तेजपाल, निवासी ग्राम चन्हेटी, थाना कैंट, बरेली ने बताया कि उनका बेटा शिवम उम्र लगभग 9 वर्ष 1 माह ,7 नवंबर को रामगंगा चौबारी मेले में पिता के साथ खिलौनों की दुकान पर बैठा था। दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच शिवम बिना बताए कहीं चला गया और तब से वापस नहीं लौटा।परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों में काफी तलाश की, लेकिन शिवम का कोई पता नहीं चल सका। पिता का आरोप है कि वह लगातार थाने और अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, थाना कैंट में गुमशुदगी भी लिखी हुई हैं लेकिन अब तक बच्चे की बरामदगी नहीं हो सकी है।बच्चे का हुलिया इस प्रकार हैं नाम शिवम , उम्र लगभग 9 वर्ष 1 माह , रंग सांवला , कद लगभग 4 फीट , पहनावा लाल रंग की पैंट, काले रंग का गर्म इनर, नंगे पैर है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि बच्चे को जल्द से जल्द तलाश किया जाए।

# पुलिस ने महिलाओं पर बरसाईं लाठियां, लगा आरोप



❖ विवाद की सूचना पर पहुंची थी डायल 112 टीम, वीडियो वायरल

**पायनियर संवाददाता। बरेली**

नवाबगंज क्षेत्र में दो पक्षों में विवाद की सूचना पर पहुंची डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों पर महिलाओं को लाठियों से मारने का आरोप लगा है।

घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। मामले की शिकायत सीओ से भी की गई है।थाना क्षेत्र क्योलड़िया के गांव भदपुरा की यशोदा देवी पत्नी रामगोपाल ने बताया कि पड़ोसियों से उनका जमीन को लेकर विवाद है। शुक्रवार को आरोपी मकान के सामने दीवार खड़ी करने लगे। विरोध करने पर पथराव कर दिया।सूचना पर पहुंची डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने भी हमारे ही पक्ष के लोगों को पीटा। लाठियां लगने से यशोदा देवी के साथ ही चमेली देवी घायल हो गईं। इसी दौरान किसी ने वीडियो बना लिया।थाना प्रभारी राजबली सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में दो आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया। एसडीएम कोर्ट ने दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया।वीडियो में लाठी मारते दिख रहे पुलिसकर्मी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे करीब 20 सेकंड के वीडियो में दो पुलिसकर्मी जमीन पर गिरी महिलाओं को लाठी मारते दिख रहे हैं। मौके पर जुटी भीड़ के साथ ही पुलिस की गाड़ी भी खड़ी दिख रही है।एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र ने बताया विवाद की सूचना पर टीम गांव पहुंची थी। पुलिस के सामने भी दोनों पक्ष झगड़ रहे थे। उन्हें एक-दूसरे से अलग किया गया। पुलिसकर्मियों के हाथों में लाठियां थीं जरूर मगर किसी महिला को पीटा नहीं गया है।

# प्रोजेक्ट किरण में 28 मामले, दो परिवार साथ रहने को हुए राजी



**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**

महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे अभियान 'मिशन शक्ति 5.0' के अंतर्गत रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन कानपुर देहात स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में की गई।

नई किरण में '28' मामले आये, जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद '02 परिवारों' में आपसी सहमति के आधार पर समझौता कराया गया। पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गये, शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी। प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस कार्यक्रम में थानाध्यक्ष श्रीमती सुषमा, म0हे0का0 जयमाला, म0का0 शालू देवी, म0का0 रीनू, म0का0 शिवम पाण्डेय व म0का0 रागिनी (महिला सहायता प्रकोष्ठ) तथा प्रोजेक्ट नई किरण के सदस्यगण डॉ0 पूनम गुप्ता, श्री राम प्रकाश व श्री जिआऊल हक आदि का विशेष सहयोग रहा।

# उत्तरायणी मेले में आएंगे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**पायनियर संवाददाता। बरेली**



उत्तरायणी जन कल्याण समिति (पंजीकृत), बरेली के पदाधिकारियों ने देहरादून दौरे के दौरान मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट कर आगामी उत्तरायणी मेले में पधारने का सादर निमंत्रण दिया, जिसे मुख्यमंत्री जी ने सहर्ष स्वीकार कर मेले में आने का वायदा किया।

समिति के महामंत्री मनोज पाण्डे के नेतृत्व में वरिष्ठ सचिव रामेश्वर पांडेय, मेला प्रभारी चंदन नेगी, सांस्कृतिक प्रभारी पूरन दानू, जगदीश सती एवं अजय बिष्ट ने दिनांक 12 दिसंबर की शाम देहरादून में मुख्यमंत्री से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि उत्तरायणी मेला आगामी 13, 14 एवं 15 जनवरी को बरेली में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने मेले में किसी एक दिन आने का आश्वासन देते हुए समिति को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने बताया कि इसी क्रम में उत्तरायणी टीम ने निदेशक संस्कृति विभाग श्रीमती बीना भट्ट, निदेशक सूचना विभाग, विधायक रानीखेत प्रमोद नैनवाल, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया सहित कई प्रबुद्ध जनों से भी भेंट कर मेले में आने का निमंत्रण दिया। सभी माननीयों ने किसी एक दिन मेले में उपस्थित होने का वायदा किया।उन्होंने यह भी बताया कि देहरादून स्थित संस्कृति विभाग एवं सूचना विभाग द्वारा इस वर्ष उत्तरायणी मेले के लिए अपनी श्रेष्ठ सांस्कृतिक टीमों को भेजने का आश्वासन दिया गया है। अंत में मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने मुख्यमंत्री सहित सभी माननीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के प्रति समिति की ओर से सादर आभार व्यक्त किया।

# एक ही परिवार के चार लोगों की दुर्घटना में मौत

- अस्थिया विसर्जन करने जा रहे थे सभी
- तीन घायलों को कानपुर किया रिफर

पायनियर संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

मां की अस्थियां विसर्जन करने जा रहे रविवार को दो सगे भाइयों समेत एक ही परिवार के चार लोगो की मौदहा क्षेत्र के इचौली गांव के पास सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। इसमे दो सगे भाई शामिल है, तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये इलाज के लिये कानपुर रिफर किया गया है. पुलिस के मुताबिक महोवा जनपद के ग्योडी गांव निवासी घनश्याम की मा की पिछले दिनों मौत हो गयी थी अंतिम संस्कार के बाद घनश्याम (58) अपने सगे छोटे भाई रामसहोदर(45) चचेरे भाई सिद्गोपाल(60) व सोनू(45) के अलावा तीन अन्य लोगो को बोलेरो में बैठाकर प्रयागराज अस्थियां विसर्जन करने जा रहे थे घने कोहरा होने के कारण जैसे ही बोलेरो मौदहा क्षेत्र के इचौली गांव के पास पहुची तभी पीछे से आ रहे टूरिस्ट बस ने पीछे से चौपहिया वाहन मे टक्कर मार दी जिससे चारो लोगो की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। आशाराम,राधेश्याम व विमल गंभीर रुप से घायल हो गये तीनो घायलो को 112 पुलिस ने इलाज के लिये कानपुर भिजवा दिया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेजा गया है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है और इस गंभीर हादसे की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इस क्षेत्र में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। हादसे के बाद यूपीडा की टीम ने गाडी के मलवे को हाइड्रा की मदद से खीचकर किनारे कर दिया है।



## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

राठ (हमीरपुर)। क्रिकेट टूर्नामेंट खेलकर लौट रहे बाइक सवार युवक की ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि बाइक के पीछे बैठा युवक बाल बाल बच गया। मृतक के पिता ने ट्रक के विरुद्ध चिकासी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। चिकासी थाने के बंगरा गांव निवासी कपिल राजपूत(22) शनिवार को देररात मंगरौठ लिंक रोड से क्रिकेट टूर्नामेंट खेलकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसके साथ अजय पुत्र राजेश राजपूत निवासी औड़ेरा राठ बाइक चला रहा था। तभी कपिल और अजय ने बाथरूम करने के लिए जिला परिषद मंगरौठ मोड़ पर बाइक रोकी। कपिल बाथरूम करके बाइक से आ रहा था। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने पुत्र कपिल को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। कपिल पुलिस की तैयारी कर रहा था। चिकासी थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि वह ट्रक को कब्जे में ले लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# डीएम ने बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

- जिला महिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता। उरई (जालौन)



रविवार को जिला महिला चिकित्सालय में स्थापित पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने नवजात शिशुओं को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को दिव्यांगता से बचाने के लिए पोलियो की दवा अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो रोग के प्रति 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए दवा पिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि पोलियो टीमों के आने पर पूर्ण सहयोग करते हुए अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से दवा पिलवाएं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय-अंतराल पर पल्स पोलियो अभियान, विटामिन-ए कार्यक्रम, मीजिल्स-रूबैला उन्मूलन सहित अन्य टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने जानकारी दी कि जनपद में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत कुल 1188 बूथ बनाए गए हैं।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

राठ (हमीरपुर)। जरिया क्षेत्र के मुसाई मंदिर के पास युवक का शव फांसी पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पिता ने भाई व भतीजों पर हत्या कर शव को लटका देने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के अमूंद गांव निवासी मूलचंद्र राजपूत ने बताया कि उसका 25 वर्षीय पुत्र शनिवार को जनपद जालौन के धरगवां गांव निवासी बहन उर्मिला के यहां से आया था। घर में ताला लगा होने पर शाम को वह अपनी ससुराल इटैलियाबाजा चला गया। रविवार की सुबह पुलिस के द्वारा सूचना मिली की उसका पुत्र फांसी ने फांसी लगा ली है। आरोप लगाया कि उसके पुत्र ने फांसी नहीं लगाई है। उसके भाई व भतीजों ने उसके पुत्र की हत्या कर उसे रस्सी से आम के पेड़ पर लटका दिया। मृतक घर का इकलौता चिराग था।

# नेत्र शिविर में सत्रह मरीज मोतियाबिंद के पाये गये



पायनियर संवाददाता। हमीरपुर

कुरारा व्लाक के कनौटा गांव के श्री दीनदयाल पाल इण्टर कालेज में निशुल्क विशाल नेत्र शिविर का आयोजन हुआ यह नेत्र शिविर श्री मती संध्या वर्मा एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा भाजपा हमीरपुर द्वारा आयोजित कराया गया जिसमें डा सुरेश कुमार कोरी व डा सीपी गुप्ता नेत्र सर्जन जिला अस्पताल हमीरपुर द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया मरीजो के चश्मे की जांच रीतेश चौरसिया नेत्र परीक्षण अधिकारी ने किया शिविर में 115 मरीजो की आखों की जांच की गई जिसमें 17 मरीज मोतिया विन्द से ग्रषित पाये गये 5 मरीज नाखूना के मिले 3 मरीज सबलबाई के मिले शेष मरींजों के चश्मे की जाँच की गई सभी मरीजो को दवा व चश्मा निःशुल्क दिया गया मोतिया विन्द के मरीजो को कल जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया मरीजो के आँख के पर्दे की जांच की जायेगी।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओं को किया गया जागरूक

रामपुरा (जालौन)। रामपुरा थाना क्षेत्र के रामपुरा नगर में में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध व आपात स्थिति में सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र, उप निरीक्षक शिवश्याम पांडेय, कांस्टेबल आकाश जैन व कांस्टेबल विपिन कुमार के साथ महिला कांस्टेबल लता यादव, शोभा पाल उपस्थित रहीं।

# पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाएं जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी

पायनियर संवाददाता। उरई (जालौन)



लंबे समय से भाजपा कार्यकर्ता नये प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने की प्रतीक्षा करते चले आ रहे थे। जैसे ही पंकज चौधरी ने पार्टी फोरम पर प्रदेशाध्यक्ष के लिये अपना नामांकन पत्र दाखिल किया वैसे ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हो गया था। रविवार को जैसे ही उनको पार्टी की ओर से अधिकृत रूप से प्रदेशाध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा हुई वैसे ही भाजपा के जिला कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान बांटकर खुशी का इजहार किया। इसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता पार्टी के जिला कार्यालय में पहुंचे जहां पर उन्होंने जिला कार्यालय पर पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष भाजपा बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से सुना एवं कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर व आतिशबाजी कर खुशियां जाहिर की कार्यकताओं में खुशी का माहौल दिखा सभी ने बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं दी। आपके नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा का संगठन असीम ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा निश्चय ही 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा प्रचंड विजय प्राप्त करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सिकंदराबाद चौकी पर नवागत इंचार्ज ने संभाली कमान

पायनियर, गोला गोकर्णनाथ-खीरी। थाना नीमगांव क्षेत्र की चौकी सिकंदराबाद में विगत दो वर्षो से तैनात चौकी इंचार्ज आशीष सहरावत का पिछले सप्ताह पुलिस अधीक्षक जिले ने तबादला कर दिया था। इसके बाद पुलिस लाइन से उप निरीक्षक मुकेश कुमार की पोस्टिंग चौकी सिकंदराबाद में कर दी गई है। सिकंदराबाद पोस्टिंग के पश्चात नवागत चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार ने चार्ज ग्रहण करने के पश्चात पत्रकारों से रूबरू होकर पुलिस का सहयोग बनाये रखने की अपील की है। हालांकि चौकी इंचार्ज मूल रूप से फर्रुखाबाद जिले के मूल निवासी हैं और वह 1998 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं। हालांकि शुरुआती दौर में बागपत,गौतम बुद्धनगर, सीतापुर जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस दौरान तमाम क्षेत्रीय पत्रकार मौजूद रहे।



### अलग-अलग मामलों में दो फरार वारंटी गिरफ्तार

पायनियर, मैगलगंज/औरंगाबाद खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे वांछित वारंटी मे क्षेत्रधिकारी मितौली यदुवेन्द्र सिंह नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज इंद्रजीत सिंह चौहान के कुशल मार्गदर्शन मे मैगलगंज पुलिस टीम द्वारा रविवार को दो नफ़र वारंटी अभियुक्त प्रमोद सिंह पुत्र देशराज (उम्र 47 वर्षीय) हरनहा निवासी , जंगली पुत्र बाबूराम (उम्र 35 वर्षीय) पिपरी अजीज निवासी उक्त आरोपी मैगलगंज कोतबाली क्षेत्र के रहने बाले है और इनके विरुद्ध अलग अलग मामलो मे मुकदमे दर्ज थे। पुलिस द्वारा दोनों को हिरासत मे लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायलय मे पेश करने हेतु भेजा गया। गिरफ़्तारी करने बाली पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक अवधेश कुमार, कालीचरन यादव,कांस्टेबल नितिन कुमार, कांस्टेबल विष्णु कुमार मौजूद रहे।

### एक लाख रुपये के चोरी हुए मोबाइल रिकवर

पायनियर, माधौगढ़ (जालौन)। कोतवाली माधौगढ पुलिस द्वारा 3 मोबाईल फोन जिनकी कीमत 1 लाख रुपये से ज्यादा की थी, रिकवर कर मोबाईल स्वामियो को सुपर्द किये गये तथा सीएआईआर पोर्टल रिकवरी को अपडेट किया गया। नीरज पुत्र राम सिंह बेनीपुरा निवासी माधौगढ़, मोबाइल कीमत 12000, जंगबहादुर पुत्र जय सिंह निवासी खितौली गोहन मोबाइल कीमत 70 हजार व सोनल सोनी पुत्र किशन मुरारीलाल निवासी माधौगढ़ मोबाइल कीमत 18 हजार रुपये को बरामद कर उनके स्वामियों को इंस्पेक्टर विकेश बाबू व सीसीटीएन इरशाद ने सौंपा।

### खनन निरीक्षक ने ओवरलोड दो ट्रकों को पकड़ा

पायनियर, जालौन (उरई)। खनन निरीक्षक ने निरीक्षण के दौरान मौरंग व डस्ट के ओवरलोड दो ट्रकों को पकड़ लिया है। पकड़े गए ट्रकों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर खान निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। खान निरीक्षक कुलदीप कुमार व खनिज मुहर्रिर उमेश कुमार ने निरीक्षण के दौरान देवनगर चौराहे के पास उरई मार्ग से निकल रहे दो ट्रकों को चेकिंग के दौरान रोका। जांच करने पर ट्रक में डस्ट और मौरंग भरी थी। निरीक्षण टीम ने बालू व डस्ट से भरे ट्रक के चालकों से आवश्यक कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा सके। आवश्यक प्रपत्र न दिखाने के बाद जब ट्रकों को कांटे पर ले जाकर वजन कराया गया तो एक ट्रक में 25 घन मीटर व दूसरे में 57 घन मीटर के बालू व डस्ट पाई गई। खान निरीक्षक की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दोनों ट्रक मालिकों के खिलाफ अवैध खनन व परिवहन की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जान जोखिम में डालकर बच्चों को पहुचाया जाता है स्कूल

पायनियर, कुरारा(हमीरपुर)। कस्बा कुरारा में संचालित निजी विद्यालयों में बच्चों को लाने व के जाने के लिए ई रिक्शा का प्रयोग किया जा रहा है। छोटे बच्चों को खुले रिक्शा में ले जाने से बच्चों को जोखिम बना रहता है। खुले रिक्शे में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाया जाता है। ऐसे में छोटे बच्चों के साथ जोखिम बना रहता है। जब कि बच्चों को विद्यालय वाहन से ले जाने के लिए अधिकृत वाहन का होना आवश्यक है। जिसमें विद्यालय का नाम अंकित होना चाहिए। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा इन विद्यालय वाहनों की चेकिंग भी नहीं की जाती है। जिससे विद्यालय संचालक किसी भी वाहन से बच्चो को ले जाने का कार्य कर रहे है। इन वाहनों से आवागमन में हमेशा खतरा बना रहता है। कस्बे में इस तरह के वाहन बच्चो को ले जाते दिख जाएंगे। अधिकांश विद्यालय में लगे वाहन परिवहन विभाग से अधिकृत भी नहीं है।



# सूखी पराली खाने से बीमार हो रहे है अन्ना जानवर

- बजट का हो रहा दुरुपयोग

पायनियर संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



मौदहा विकासखण्ड के मकरांव गांव के लोगों ने गौशाला में बंद जानवरों को बिना कटी हुई सूखी पराली खाते हुए फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर सरकार की मंशा पर सवालिया निशान खड़ा किया है। गौशाला में बंद अन्ना जानवर धान की सूखी पराली खाते दिखाई दे रहे हैं। बीते कई दिनों से निरंतर जानवरों को धान की बिना कटी पराली खिलाई जा रही है। बंद जानवरों के भरण पोषण हेतु 50 रूपये प्रति जानवर गोवंश पोषण हेतु आवंटित करती है जिसमें जानवरों के खाने के लिए भूसा दाना गुड़ चना इत्यादि शामिल है। इस संबंध में प्रभारी खंड विकास अधिकारी अनिल पाठक ने बताया कि गौशाला में बंद जानवरों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 प्रतिशत ही पराली छोटे छोटे हिस्सों में हरे चारा के मिश्रण में खिलाने के आदेश हैं न कि सूखी और बिना कटी हुई पराली खिलाने का।

# आवारा पशुओं से ग्रामीण परेशान

- सुरजनपुर गांव में किसानों ने जानवरों को प्राथमिक विद्यालय में किया कैद

पायनियर संवाददाता। बांकेगंज-खीरी

जिले में लगातार आवारा जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है जिस कारण किसानों की फसलें भी बर्बाद हो रही है परंतु ध्यान नहीं दिया जा रहा है जहां एक और सर्दियों का मौसम शुरू होते ही, स्टेट हाईवे पर भी लगातार आवारा जानवरों के कारण घटनाएं बढ़ती जा रही हैं स्टेट हाईवे पर गुजरने वाले वाहन चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है आवारा जानवरों के कारण हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मौत भी हो जा चुकी है। गोला तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सुरजनपुर गांव में नाराज किसानों द्वारा आवारा जानवरों को आज प्राथमिक विद्यालय में बंद कर दिया गया है किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी भी दी गई परंतु आवारा जानवरों को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया गया है जहां एक और किसान इस समय दिन हो या रात अपनी फसल को बचा रहा है।

मामले की जानकारी देते हुए किसानों ने बताया कि इस समय गेहूं और सरसों की फसल को लगातार आवारा जानवर बर्बाद कर रहे हैं ऐसे में कई बार ग्राम प्रधान से लेकर और जिम्मेदार अधिकारियों तक को अवगत कराया गया, परंतु आवारा जानवरों की समस्या से निदान नहीं मिल पाया जिस कारण आज ग्रामीणों द्वारा एकत्र होकर सभी गोवंशों को प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में बंद कर दिया गया है।

**क्या बोले तहसीलदार व खण्ड विकास अधिकारी...**

इस बाबत मे खण्ड विकास अधिकारी बांकेगंज ऋषिकांत ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है हमारे ब्लॉक क्षेत्र में 6 गौशाला बनवाए गए हैं आवारा पशुओं को रखा जाता है ऐसे में प्राथमिक विद्यालय में किसानों द्वारा आवारा जानवरों को बंद किया गया है उन्हें गौशाला भेजा जा रहा है मामले की जानकारी देते हुए तहसीलदार गोला भीमचंद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया हैं पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

## 117 बूथों पर 13,916 बच्चों को पिलायी गयी पोलियो की दवा

जालौन (उरई)। रविवार को आयोजित पल्स पोलियों प्रतिरक्षण अभियान के तहत नगर में 31 व ग्रामीण क्षेत्र में 86 बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इन बूथों पर नगर क्षेत्र में 8744 बच्चों में 5172 बच्चों को दवा पिलाई गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता व डॉ. सहन बिहारी गुप्ता के दिशा निर्देशन में बच्चों को दवा पिलाई गई। एसडीएम हेमंत पटेल ने दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत नगर के शून्य से पांच वर्ष तक के 8744 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए 31 बूथ बनाये गए थे और यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाने के लिए चार ट्रांजेट बूथ बनाए गए थे।

## मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

# सील होने के बावजूद संचालित हो रहा है अपैक्स हॉस्पिटल

- साहब के रहमो-करम पर पंजीयन रद्द होने के बाद भी धड़ल्ले से चल रहा दीप हेल्थ हॉस्पिटल

एस.पी.तिवारी। लखीमपुर-खीरी




नगर व कस्बों में कुकुरमुत्तों की तरह उगे दर्जनों मानक विहीन व अवैध अस्पतालों, क्लीनिक, अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटरों पर झोलाछाप डाक्टरों/संचालकों की अंधेरगर्दी चरम सीमा पर पहुंच रही शहर से जुड़े उदयपुर महेवा गोला रोड, एलआरपी रोड, महेवागंज कस्बा निघासन रोड समेत ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय भवनों में मानकों को ताक पर रखकर दर्जनों अवैध/गैर पंजीकृत/मानकविहीन अस्पताल, नर्सिंग होम, मैटरनिटी सेंटर, पैथोलॉजी/डायग्नोस्टिक लैब व झोलाझाप डॉक्टरों के क्लीनिक संचालित हैं। इन कथित अस्पतालों में ना तो कोई एमबीबीएस डॉक्टर मौजूद रहता है और ना ही जैव अपशिष्ट/प्रदूषण प्रबंधन की कोई ठोस व्यवस्था होती है।

इन फर्जी/अपंजीकृत अस्पतालों के संचालक मरीजों की गाढ़ी कमाई पर डाका डालते हुए उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूकते हैं। मोटी रकम वसूलने की चाहत में इन अवैध अस्पतालों के संचालक मानकों को ठेंगा दिखाकर सामान्य मरीजों को भी कई दिनों तक बेवजह एडमिट रखते हुए इलाज करते हैं जिससे क्षेत्र के कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अस्पताल संचालकों द्वारा मरीजों से मनमानी वसूली और विरोध करने पर गुंडागर्दी पर उतारू रहने वाले इन फर्जी अस्पताल प्रबंधन की शिकायत करने पर स्वास्थ्य विभाग भी सिर्फ खानापूर्ति के लिए कार्यवाही करता है और कुछ दिनों बाद इन अस्पतालों का फिर वही धंधा शुरू हो जाता है उदाहरण के लिए उदयपुर महेवा,निकट हरिकरन मैरिज लान गोला रोड पर अपैक्स हॉस्पिटल₹ हालांकि यह तो एक बानगी मात्र है अगर स्वास्थ्य विभाग द्वारा औचक निरीक्षण हो जाएं तो दर्जनों अवैध हॉस्पिटल कार्यवाही की जद में आएगे।

हालांकि मानकों को ठेंगा दिखाकर संचालित इन अवैध अस्पतालों के मकड़जाल में फंसकर आए दिन सैकड़ों मरीज आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं।

जानकारी मुताबिक शहर से जुड़े उदयपुर महेवा (हरिकरन मैरिज लान के पास) गोला रोड पर स्थित एक निजी हॉस्पिटल का है जहा विगत पांच माह पूर्व उक्त अस्पताल की अत्यधिक शिकायतों के चलते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग व स्थानीय सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने टीम सहित सघन निरीक्षण किया था जिसमें अस्पताल के मानकविहीन, योग्य व पंजीकृत चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टाफ के ना होने एवं काफी खामियां/ अव्यवस्थाएं मिलने की दशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्यवाई करते हुए अनाधिकृत रूप से संचालित अपैक्स हॉस्पिटल को सीज कर दिया था और अस्पताल संचालक को भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी थी लेकिन आज कई माह बीतने के बाद में उक्त फर्जी अस्पताल का संचालन धड़ल्ले से जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल को सील करने के बाद भी संचालक द्वारा धड़ल्ले से पूर्व की भांति अस्पताल को रोजाना खोलकर मरीजों की जिंदगी से जमकर खिलवाड़ किया जा रहा है हालांकि उदयपुर महेवा रोड पर कुछ बिल्डिंगो में गोपनीय तरीके से फर्जी अस्पताल का भी संचालन हो रहा है। जिसका ना तो कहीं पंजीकरण है और ना ही अन्य किसी प्रकार की प्राथमिकताएं पूरी हैं।

गौरतलब हो कि उसी रोड पर (पंडित दीनदयाल विधालय के आगे) दीप हेल्थ हॉस्पिटल₹ का पंजीकरण निरस्त होने के बाद भी बदस्तूर जारी अवैध संचालन के संदर्भ में जब सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेयी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पंजीकरण निरस्त होने के बाद हॉस्पिटल का संचालन होना पूर्ण रूप से अवैध व नियम विरुद्ध है यदि हॉस्पिटल का अवैध संचालन हो रहा है तो अस्पताल संचालक व स्टाफ पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## बिना रजिस्ट्रेशन संचालित नहीं होंगे हॉस्पिटल उल्लंघन पर होगी कार्रवाई : सीएमओ

निजी अस्पतालों और क्लिनिकों के संचालन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि जनपद में किसी भी चिकित्सा इकाई को बिना वैध पंजीकरण संचालित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजीकरण एवं नवीनीकरण की समूची प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी ऑनलाइन प्रणाली पर आधारित है। प्रत्येक आवेदन में चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की योग्यता, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, फायर और पॉल्यूशन एनओसी सहित आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की जाती है वही नोडल अधिकारी द्वारा दस्तावेज सत्यापन के साथ-साथ स्थलीय निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से किया जाता है इसी के बाद ही क्लिनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकरण या नवीनीकरण स्वीकृत किया जाता है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध रूप से संचालित चिकित्सीय इकाइयों पर औचक निरीक्षण निरंतर जारी है तथा नियम उल्लंघन की स्थिति में तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है उन्होंने दोहराया कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों की अवहेलना को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हजारों की नकदी व जेवरात लेकर चोर हुए फरार

पायनियर संवाददाता। बेलरायां-खीरी

ग्राम हरबख्शशाह पुरवा में चोरों ने बरामदे में सो रहे मां बेटे के मुंह मे कपड़ा ठूंसकर हजारों के सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी लेकर फरार हो गए है। इससे पीड़ित में अफरातफरी मची हुई है। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस चौकी बेलरायां में दिया है।

ग्राम हरबख्शपुरवा निवासी नीमा देवी उम्र 35 ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि करीब आठ बजे दरवाजा बंद कर चारपाई में पुत्र को लेकर लेट गई थी। इस दौरान रात्रि करीब 11 बजे चोरों ने दरवाजा में ठोकर देकर बरामदे में घुस आए।बाद में चोरों ने मां बेटा के मुंह मे कपड़ा ठूंस के चारपाई में बांध दिया है। इसके बाद चोरों ने कमरे में जाकर दो बक्सा में रखे एक जोड़ी सोने की टॉप्स, एक जोड़ी चांदी की पायल, नाक फूल,चार जोड़ी चांदी बिछिया सहित करीब पांच हजार की नगदी लेकर फरार हो गए हैं। इससे पीड़ित को हजारों का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठंडक में पुलिस गश्त का अभाव होने से चोरों के हौंसले बुलंद हो गए हैं इससे ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है।

इस संबन्ध में बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार यादव ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## करंट लगने से युवक की मौत

रामपुरा (जालौन)। रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरौल में करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम शेर सिंह पुत्र कालीचरण उम्र लगभग 55 वर्ष है। बताया गया कि शेर सिंह अपने घर पर पत्नी के साथ रहते थे, जबकि उनके तीन पुत्रकृराजा सिंह, सुन्दर और वीरे बाहर रहकर मजदूरी कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिजनों के अनुसार रविवार सुबह शेर सिंह की पत्नी ने उन्हें घर के नीचे पड़े हुए देखा। यह देख उन्होंने शोर मचाया, जिस पर मोहल्ले के लोग मौके पर एकत्र हो गए। अज्ञात कारणों से करंट लगने की आशंका जताई जा रही है। परिजन तत्काल उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने शेर सिंह को मृत घोषित कर दिया।

# डीएम ने प्रोसेसिंग प्लांट का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता। उरई (जालौन)

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत माधौगढ़ में स्थापित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर एवं वेट टू कम्पोस्ट वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट (क्षमता-03 टीपीडी) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा गीले एवं सूखे कचरे का नियमित रूप से संग्रह एवं प्रसंस्करण किया जाए। उन्होंने कहा कि एमआरएफ सेंटर में प्राप्त होने वाली पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का वैज्ञानिक ढंग से पृथक्करण कर उसे रीसाइक्लिग हेतु अधिकृत एजेंसियों को भेजा जाए। वेट टू कम्पोस्ट प्लांट के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि संयंत्र को पूर्ण क्षमता के साथ नियमित रूप से संचालित किया जाए तथा उत्पादित कम्पोस्ट की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।

## सर्दी में गोवंशों को बचाने के लिये तिरपाल व अलाव की करें व्यवस्था

माधौगढ़। सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत माधौगढ़ के ग्राम मींगनी स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंशों को शीतलहर से बचाने हेतु चारों ओर त्रिपाल लगाए जाने तथा अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित मिली। जिलाधिकारी ने गोवंशों को स्वयं गुड़-चना खिलाकर उनके प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना को दर्शाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंशों के लिए भुसाघर में पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध रखा जाए तथा हरे चारे की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे ठंड के मौसम में गोवंशों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि गोवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और सर्दी के दौरान उनकी सुरक्षा, पोषण एवं देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दक्षिण अफ्रीका में मंदिर ढहने की घटना में मारे गए चार लोग

# भारतीय मूल के व्यक्ति की भी मौत

**जोहानिसबर्ग। एजेंसी**



- मलबे के नीचे श्रमिक और मंदिर के अधिकारी दबे
- अभी मृतकों की सटीक संख्या का नहीं चला पता

दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत में निमार्णाधीन चार मंजिला मंदिर ढहने की घटना में मारे गए चार लोगों में भारतीय मूल का 52 वर्षीय व्यक्ति भी शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ईथेक्विनी (पूर्व में डरबन) के उत्तर में रेडक्लिफ की एक खड़ी पहाड़ी पर स्थित न्यू अहोबिलम टेंपल ऑफ प्रोटेक्शन का विस्तार किया जा रहा था तभी शुक्रवार को इमारत का एक हिस्सा ढह गया। माना जा रहा है कि मलबे के नीचे श्रमिक और मंदिर के अधिकारी दबे हैं लेकिन अभी उनकी सटीक संख्या का पता नहीं चल पाया है।

शुक्रवार को एक मजदूर और एक श्रद्धालु सहित दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। बचाव दल द्वारा और शव बरामद किए जाने के बाद शनिवार को मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि चार मृतकों में से एक की पहचान विक्की जयराज पांडे के रूप में हुई है जो मंदिर न्यास के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे।

खबरों के मुताबिक, पांडे लगभग दो साल पहले मंदिर की स्थापना के समय से ही इसके विकास कार्यों में शामिल थे। मंदिर से संबद्ध धर्मार्थ संस्था फूड फॉर लव के निदेशक सनवीर महाराज ने पुष्टि की कि मंदिर के ढहने की घटना में मारे गए लोगों में पांडे भी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका की प्रतिक्रिया इकाई के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बचाव अभियान दो दिन से जारी है और बचावकर्मियों को एक अन्य शव होने का पता चला है लेकिन उन्हें खराब मौसम के कारण शनिवार दोपहर अभियान रोकना पड़ा। उन्होंने कहा, इस समय यह पुष्टि नहीं की जा सकती कि मलबे के नीचे और भी लोग फंसे हुए हैं या नहीं। ईथेक्विनी (पूर्व में डरबन) की नगरपालिका ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि मंदिर के निर्माण के लिए कोई भवन योजना स्वीकृत नहीं की गई है यानी यह निर्माण कार्य अवैध था। अहोबिलम मंदिर के नाम से जाना जाने वाला यह मंदिर एक गुफा की तरह बनाया गया है जिसमें वहां मौजूद पत्थरों के अलावा भारत से लाए पत्थरों का उपयोग किया जा रहा था। मंदिर का निर्माण करा रहे परिवार ने बताया कि निर्माण कार्य लगभग दो साल पहले शुरू हुआ था और इसमें भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति स्थापित किए जाने का कार्यक्रम था।

### तटरक्षक बल ने लक्षद्वीप में निकासी अभियान को दिया अंजाम

**कोच्चि।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने लक्षद्वीप से कोच्चि तक आपातकालीन चिकित्सा निकासी अभियान चलाकर 75 वर्षीय व्यक्ति की जान बचाई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बल के एक बयान के अनुसार, अक्यूट सैबेक्यूट सबड्यूरल हेमाटोमा से पीड़ित और बा ऑक्सीजन आपूर्ति दिये जा रहे मरीज को लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप से हवाई मार्ग से निकालकर कोच्चि के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह अभियान शनिवार रात शुरू हुआ और देर रात पूरा हुआ। बयान में कहा गया है कि अगत्ती हवाई क्षेत्र में रनवे संचालन बंद होने के बाद मिली इस आपात सूचना के तुरंत बाद तटरक्षक बल की आपदा एवं मानवीय सहायता (एचएडीआर) प्रतिक्रिया प्रणाली सक्रिय की गई। बयान के अनुसार चिकित्सा निकासी के लिए भारतीय तटरक्षक बल ने रात 10 बजे कोच्चि हवाई अड्डे पर स्थित आईसीजी एयर एन्क्लेव से एक डोर्नियर विमान रवाना किया।

# गोवा में अवैध नाइटक्लबों के खिलाफ कार्रवाई जारी

- क्रिसमस और नववर्ष में बड़ी संख्या में आएंगे पर्यटक

**पणजी। एजेंसी**



गोवा के नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत होने की घटना के बाद सरकार ने क्रिसमस और नए साल से पहले उन क्लब को सील करने के लिए गहन अभियान शुरू किया है जो नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। समुद्रतटों की सुंदरता के लिए प्रसिद्ध गोवा में यह कार्रवाई ऐसे समय में की जा रही है जब क्रिसमस और नववर्ष में बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। राज्य सरकार की सख्त कार्रवाई के कारण कुछ नाइटक्लब पहले ही बंद हो चुके हैं और अन्य का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जिला प्रशासन, अग्निशमन एवं आपात सेवाओं तथा पुलिस कर्मियों की एक टीम उत्तर गोवा के पर्यटन क्षेत्र में स्थित सभी नाइटक्लब का निरीक्षण कर रही है। उत्तर गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में छह दिसंबर को आग लगने की घटना में 25 लोगों की मौत हो जाने के बाद यह अभियान शुरू किया गया।

निरीक्षण दल का नेतृत्व कर रहे सरकारी अधिकारी कबीर शिरगांवकर ने कहा, हम सभी नाइटक्लब का निरीक्षण कर रहे हैं और उनके लाइसेंस एवं अनुमतियों की जांच कर रहे हैं। जो भी क्लब नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उन्हें सील कर दिया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि टीम के पास नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी क्लब को तुरंत सील करने का अधिकार है। अब तक टीम ने वागाटोर में स्थित दो प्रमुख नाइटक्लब गोया क्लब और कैफे सीओ2 गोवा को सील किया है। शिरगांवकर ने कहा कि गोया क्लब कृषि भूमि पर बनाया गया था, जबकि कैफे सीओ2 गोवा के पास अग्निशमन एवं आपात सेवाएं विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं था एवं वह संरचनात्मक रूप से स्थिर भी नहीं है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग ने उत्तर गोवा के अंजुना स्थित डियाज पूल क्लब एंड बार को दिया गया अनापत्ति प्रमाणपत्र भी रद्द करने का आदेश दिया है। संभागीय अग्निशमन अधिकारी श्रीपद गवास द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शनिवार को परिसर में औचक निरीक्षण किया गया।

## केरल में जीत को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही भाजपा : वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम/ नयी दिल्ली। एजेंसी**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में भारी जीत का दावा करके एक झूठा विमर्श गढ़ने की कोशिश कर रही है। वेणुगोपाल ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि केरल के कुल 1,199 स्थानीय निकायों में से भाजपा ने केवल आठ में अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई है। उन्होंने कहा, कल प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी), राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और अन्य भाजपा नेताओं ने सुर में सुर मिलाते हुए दावा किया कि केरल में बड़ा बदलाव आया है। जी हां, उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम जीता है, और मैं इसे हल्के में नहीं ले रहा हूं। लेकिन उस नगर निगम के अलावा, तिरुवनंतपुरम जिला पंचायत में उनके पास एक भी सीट नहीं है।

वेणुगोपाल ने 2020 के स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों की तुलना करते हुए कहा कि भाजपा ने पलक्कड़ और पंडालम नगरपालिकाओं में बहुमत खो दिया है, हालांकि इस बार उसने दो नई नगरपालिकाओं में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा, वे यह झूठा विमर्श प्रसारित करने की कोशिश कर रहे हैं कि केरल में भाजपा का समर्थन बढ़ रहा है।

## केरल में निकाय चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कई जगहों पर हिंसा

- खतरनाक हथियार लेकर मार्च करते हुए कांग्रेस कार्यालय की ओर पहुंचे करीब 200 लोग

**कोझिकोड (केरल)। एजेंसी**



केरल में स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा के बाद विशेष रूप से उत्तरी जिलों समेत विभिन्न स्थानों पर शनिवार रात हिंसा भड़क गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोझिकोड जिले के एरमला में कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी भवन पर कथित तौर पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कार्यकर्ताओं के हमले के बाद पूरी रात तनाव बना रहा।

एडाचेरी थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, करीब 200 लोग खतरनाक हथियार लेकर मार्च करते हुए कांग्रेस कार्यालय की ओर पहुंचे और इमारत में तोड़फोड़ की। इस हमले में लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। पुलिस ने बताया कि हमले में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना के तुरंत बाद संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। हालांकि, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के बाद हालात पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने बताया कि मराड में भी एक हिंसक घटना सामने आई, जहां यूडीएफ की जीत के जुलूस पर कथित तौर पर पथराव किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। वायनाड जिले के सुल्तान बाथरी में पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है, जहां एक यूडीएफ कार्यकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों को ले जा रही कार पर कथित तौर पर माकपा के लगभग 40 कार्यकर्ताओं ने हमला किया। सुल्तान बाथरी पुलिस ने एक अलग घटना में यूडीएफ कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

### पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में घरेलू झगड़े के बाद पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मोखाडा तालुका के गोमघर गांव में रहने वाले इस दंपति के बीच अक्सर झगड़े होते थे। मोखाडा थाने के एक अधिकारी ने पीड़िता के पिता की शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि शनिवार तड़के दोनों के बीच फिर से झगड़ा हुआ जिसके बाद आरोपी बलवंत गड़े ने अपनी पत्नी लता बलवंत गड़े को कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया गया और इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## जयशंकर ने अन्य देशों के समकक्षों से की मुलाकात

**दुबई। एजेंसी**

यूएई शिखर सम्मेलन



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन से इतर यूरोप, ब्रिटेन और मिस्त्र के अपने समकक्षों से मुलाकात की। कई महत्वपूर्ण भूराजनीतिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों पर चर्चा के लिए विश्व के नेता और नीति निमार्ता यूएई में एकजुट हुए हैं।

जयशंकर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल, पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की और लातविया की विदेश मंत्री बैबा ब्रेज के साथ मिलकर बहुत अच्छा लगा। मंत्री संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में तीन दिवसीय सर बानी यास फोरम 2025 में भाग लेने पहुंचे थे। सम्मेलन रविवार को समाप्त हुआ। जयशंकर ने शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डेविड लैमी से भी मुलाकात की। उन्होंने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डेविड लैमी को सर बानी यास फोरम 2025 के दौरान देखकर अच्छा लगा। विदेश मंत्री ने एक अन्य बैठक को लेकर कहा कि मिस्त्र के विदेश मंत्री डॉ. बदर अब्देलट्टी से मुलाकात करके अच्छा लगा।

## फडणवीस और शिंदे ने हेडगेवार के स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को उसके गठन के 100 वर्ष पूरे होने पर दी बधाई

**नागपुर। एजेंसी**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं शिवसेना के अन्य विधायक रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक के बी हेडगेवार के स्मारक गए। हालांकि, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अन्य विधायक इस दौरान उनके साथ नहीं थे।

इस यात्रा के दौरान शिवसेना प्रमुख शिंदे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को उसके गठन के 100 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी, वर्तमान आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत को सच्चा देशभक्त बताया और कहा कि यह वर्ष देशभक्ति की शताब्दी का वर्ष है। महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र नागपुर में जारी है।

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रतिवर्ष भाजपा के मंत्री और विधायक रेशिमबाग स्थित स्मृति मंदिर में हेडगेवार और दूसरे संघचालक एम.एस. गोलवलकर के स्मारक पर जाते हैं। पिछले साल अजित पवार नीत राकांपा के प्रतिनिधियों के तौर पर विधायक राजू कारेमोरे और राजकुमार बडोले ही स्मृति मंदिर गए थे। रविवार सुबह फडणवीस, शिंदे, राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, विधान परिषद के सभापति राम शिंदे और भाजपा एवं शिवसेना के कई अन्य विधायकों ने हेडगेवार और गोलवलकर के स्मारक पर श्रद्धांजलि दी।

बाद में, शिंदे ने पत्रकारों से कहा कि वह जब भी शीतकालीन सत्र के लिए नागपुर आते हैं, तो डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर जरूर जाते हैं। उन्होंने कहा, यहां आने के बाद हम सभी को एक अलग अनुभूति होती है और देश की सेवा करने के लिए ताकत और प्रेरणा मिलती है। यह देशभक्ति की शताब्दी है।

## जोगदल हत्याकांड में एनएचआरसी से हस्तक्षेप का किया आग्रह

- दिमोरिया विकास मंच ने मानवाधिकार उल्लंघनों का लगाया आरोप

**गुवाहाटी। एजेंसी**

असम के कामरूप मेट्रोपोलिटन जिले के जोगदल गांव में एक ही परिवार के छह सदस्यों की उनके घर में बेरहमी से हत्या के 16 साल बाद, एक स्थानीय संगठन ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का रुख किया है।

संगठन ने एनएचआरसी से इस मामले में मानवाधिकार उल्लंघनों का संज्ञान लेने और निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। बारह दिसंबर 2009 की रात को अज्ञात हमलावरों ने जोगदल स्थित आवास पर हरकांत डोलोई, उनकी पत्नी स्वप्ना, उनके तीन बच्चों और एक भतीजे की हत्या कर दी थी। इन हत्याओं का संबंध उन नेताओं से माना जाता है, जिन्होंने इलाके में एक आलीशान होटल बनाने के लिए जमीन हासिल करने को लेकर अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया था। अपराधियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। दिमोरिया विकास मंच ने एनएचआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी आर रामा सुब्रमण्यन से इस मामले की जांच करने का आग्रह किया। शनिवार को याचिका सौंपने वाले मंच के मुख्य सलाहकार दिब्यज्योति मेधी ने कहा, हमने आयोग के एक सदस्य से मुलाकात की और उन्हें अपनी याचिका सौंपी। उन्होंने हमें मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, 16 साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला है। लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि एनएचआरसी पीड़ितों को न्याय दिलाने में सक्षम होगा। डोलोई सीमांत किसान थे और उनका परिवार आर्थिक रूप से गरीब था, और उनका किसी भी व्यक्ति या समूह से कोई ज्ञात शत्रुता नहीं थी।

## भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण की वजह से कांग्रेस का पतन हुआ : मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर। एजेंसी**



> यह जनता का पैसा है, जनता का पैसा लूटने के लिए नहीं होता, जनता का पैसा जनता के हित में लगे। ये पैसा आम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, किसान, जनता के हित में लगे, जिसका लाभ जनता को मिले। तुम तो उस पैसे को कहां-कहां ले जाते हो... इसलिए भुगत रहे हो।
>
> **भजनलाल शर्मा, राजस्थान के मुख्यमंत्री**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण की नीति के चलते ही उस पार्टी का पतन हुआ जो कभी संसद से लेकर पंचायतों तक राज करती थी। शर्मा यहां जलमहल की पाल पर आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिसने भ्रष्टाचार किया है, उसे किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, यह जनता का पैसा है, जनता का पैसा लूटने के लिए नहीं होता, जनता का पैसा जनता के हित में लगे। ये पैसा आम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, किसान, जनता के हित में लगे, जिसका लाभ जनता को मिले। तुम तो उस पैसे को कहां-कहां ले जाते हो... इसलिए भुगत रहे हो। शर्मा ने कहा, कभी कांग्रेस संसद से लेकर पंचायत तक राज करती थी। लेकिन इनके कर्मों, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की नीति और झूठ-लूट ने इनकी पार्टी को धरातल पर ला दिया। कांग्रेस वह बीमारी है, अगर किसी दूसरे के साथ भी चली जाती है तो उसको भी गड्ढे में ले जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा, जो काम कांग्रेस सरकार पांच साल में नहीं कर पाई, वह मेरी सरकार ने दो साल में कर दिया है। हमने घोषणापत्र में किए गए 70 प्रतिशत वादे पूरे किए हैं।

### महंगाई के आंकड़े, विदेशी निवेशकों का रुख, वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की दिशाः विश्लेषक

# रुपये की चाल और कच्चे तेल पर नजर

**नई दिल्ली। एजेंसी**



विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई के आंकड़े, विदेशी निवेशकों के रुख और वैश्विक संकेतों से तय होगी। इसके अलावा, निवेशकों की नजर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी। बाजारों में पिछले सप्ताह उतार-चढ़ाव रहा और वे नकारात्मक दायरे में बंद हुए।

बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 444.71 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह घरेलू स्तर पर कई आंकड़े आने हैं, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई और व्यापार संतुलन के आंकड़े प्रमुख हैं। भारत-अमेरिका व्यापार वाताओं से जुड़े घटनाक्रम पर भी नजर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन और वहां से आने वाले व्यापक आर्थिक संकेत निकट अवधि में निवेशकों की भावना को प्रभावित करेंगे। इस महीने के पहले दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 17,955 करोड़ रुपये निकाले हैं, जिससे 2025 में अब तक कुल निकासी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है। मिश्रा ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी और रुपये में तेज गिरावट ने निवेशकों के भरोसे पर भारी दबाव डाला है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, कुल मिलाकर हमें उम्मीद है कि बाजार सीमित दायरे में रहेंगे, हालांकि व्यापक सूचकांकों में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।

### बीएमडब्ल्यू मिनी ब्रांड को करेगी मजबूत

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लग्जरी कार विनिमार्ता बीएमडब्ल्यू अगले साल भारत में अपने मिनी पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है, ताकि मेट्रो शहरों से बाहर बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में फिलहाल मिनी कूपर, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू और मिनी कन्वर्टिबल शामिल हैं। ब्रांड को बड़े शहरों से आगे स्वीकृति मिलने के साथ कंपनी छोटे शहरों और कस्बों में अपने बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने पर भी ध्यान दे रही है।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2,600 करोड़ रुपये से अधिक के घर बेचे

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हैदराबाद में परिचालन के पहले वर्ष में 2,600 करोड़ रुपये की आवासीय संपत्तियां बेची हैं। रियल एस्टेट कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि कंपनी इस शहर में कारोबार का विस्तार करने की योजना बना रही है, जहां विकास के अपार अवसर हैं। इस साल जनवरी में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कोकापेट में अपनी पहली परियोजना शुरू करके हैदराबाद के आवास बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की। गोदरेज प्रॉपर्टीज की कार्यकारी अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कंपनी ने हैदराबाद के बाजार में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है। पिरोजशा ने कहा, हमने जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान हैदराबाद में अपनी पहली परियोजना शुरू की।

## भारत वैश्विक कर पारदर्शिता में अग्रणीः ओईसीडी अधिकारी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

- अभियान के चलते 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी संपत्तियों का खुलासा

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कर चोरी के खिलाफ पारदर्शिता के उपायों को लागू करने में भारत एक अग्रणी देश के रूप में उभरा है। अधिकारी ने बताया कि करदाताओं से उनकी अघोषित विदेशी संपत्तियों की सही जानकारी लेने के लिए हाल ही में चलाए गए अभियान के चलते 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी संपत्तियों का खुलासा हुआ है।

ओईसीडी सचिवालय की प्रमुख जायदा मनाटा ने बताया कि ये उल्लेखनीय परिणाम वैश्विक कर पारदर्शिता और सूचनाओं के स्वचालित आदान-प्रदान के मानकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। मनाटा हाल ही में दो से चार दिसंबर के बीच नयी दिल्ली में आयोजित कर पारदर्शिता और सूचना विनिमय पर वैश्विक मंच की वार्षिक पूर्ण बैठक में भाग लेने आई थीं। इस वैश्विक मंच से 172 देश जुड़े हुए हैं। ओईसीडी एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो आर्थिक और सामाजिक नीतियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा, भारत कर पारदर्शिता के क्षेत्र में अग्रणी है और वर्ष 2009 से वैश्विक मंच के कार्यों का समर्थन करता आ रहा है। वर्ष 2025 की वैश्विक मंच की पूर्ण बैठक की मेजबानी नयी दिल्ली में किया जाना इस बात का प्रमाण है कि भारत लगातार वैश्विक मंच के कार्यों और विदेश स्थित कर चोरी के विरुद्ध संघर्ष का समर्थन कर रहा है।

### नकली आभूषणों के जरिए 25 लाख की ठगी, पांच गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के व्यक्ति से एक गिरोह ने कथित तौर पर 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है, जिन्होंने व्यक्ति से खुदाई के दौरान सोने के आभूषण मिलने का झूठा दावा कर उसे नकली आभूषण बेच दिए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि उसने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है, ये सभी राजस्थान के जालोर जिले के रहने वाले हैं। मुंबई के मलाड इलाके के निवासी पीड़ित दिनेश मेहता (51) ने अपनी पुलिस शिकायत में कहा कि आरोपियों में से एक बाबूलाल भालाराम वाघेला ने राजस्थानी भाषा में बातचीत करके उनसे दोस्ती की थी। मलाड पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने दावा किया कि उसने नासिक में एक मंदिर के पीछे खुदाई के दौरान लगभग 900 ग्राम वजन के सोने के आभूषण पाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने पाक को 90 रन से हराया

**दुबई।** भारत ने ऑलराउंडर कनिष्क चौहान और तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत रविवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान को 90 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें आरोन जॉर्ज ने 85 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और चौहान (46) ने भी उपयोगी योगदान

**अंडर-19 एशिया कप**

दिया। इसके बाद 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई और 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत ने तेज शुरुआत की जिसमें कप्तान म्हात्रे ने 25 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। लेकिन मोहम्मद सैयाम ने पहले 10 ओवर के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद जॉर्ज ने पारी को संभाला। वह लगातार गैप ढूंढकर रन जुटाते रहे जिससे बीच के ओवरों में उन्होंने स्थिरता बनाए रखी। चौहान ने आखिरी ओवरों में तेज बल्लेबाजी जिसमें तीन छक्के शामिल थे और भारत को नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद 230 रन के पार पहुंचाने में मदद की। पाकिस्तान के लिए सैयाम ने 67 रन देकर और अब्दुल सुभान ने 42 रन देकर तीन तीन विकेट झटके जबकि निकाब शफीक ने दो विकेट लिए। पाकिस्तान की पारी की शुरुआत खराब रही। उसके 30 रन के स्कोर पर चार विकेट गिर गए जिसमें देवेंद्रन ने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट लिए। कप्तान फरहान यूसुफ (23) और हुजैफा अहसान ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन चौहान की धारदार ऑफ-स्पिन ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। अहसान पाकिस्तान के लिए 83 गेंद में 70 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई साथ नहीं मिला।

### लखनऊ के आनंद सक्सेना को मिला इंस्पायरिंग इंडियंस अवार्ड

**लखनऊ।** लखनऊ के खेल प्रशासक आनंद किशोर सक्सेना को राष्ट्रीय स्तर के इंस्पायरिंग इंडियंस अवार्ड



2025 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार देश के स्वदेशी और पुराने हो चुके खेलों को दोबारा पहचान दिलाने के लिए किए गए शानदार काम के लिए दिया गया है। आनंद किशोर सक्सेना अखिल भारतीय स्वदेशी खेल एसोसिएशन के महासचिव और यूपी नॉन ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारी हैं। नई दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस उपलब्धि पर कई खेल एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने सक्सेना को बधाई दी है।

### एलपीएस साउथ सिटी समेत छह टीमों ने दर्ज की शानदार जीत

**लखनऊ।** डीपीएस एल्डेको लखनऊ में खेली जा रही इंटर स्कूल फुटबॉल टूनार्मेंट के तहत रविवार को कई मुकाबले खेले गए। पहले मैच में एलपीएस साउथ सिटी ने डीपीएस एल्डेको ए को 1-0 से हराया। दूसरे मैच में पुलिस मॉडर्न स्कूल ने एलेन हाउस को 2-0 से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में श्री चैतन्य ने एएलएमजीएसटी को 2-0 से हराया। चौथे मैच में सीएमएस गोमतीनगर ने सीएमएस चौक को 4-3 से शिकस्त दी। पांचवें मैच में एलएमसी ने डीपीएस एल्डेको बी को 1-0 से हराया, जबकि छठे मुकाबले में चिरंजीव भारती ने पुलिस मॉडर्न स्कूल को 1-0 से पराजित किया। मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल कृष्ण शुक्ला, चीफ ऑर्डनरी ऑफिसर, अमेठी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि मनीष सचान (डिप्टी चीफ ऑफिसर), अमन राज सिंह, डॉ. राज नारायण तथा डीपीएस एल्डेको की प्रधानाचार्या मनीषा अंटवाल मौजूद रहीं।

### सैफुल के शतक से जीता केएससीसी

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच सैफुल (107) के आतिशी शतक से केएससीसी ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में क्रिकेट बड्डीज क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराया। एनईआर स्टेडियम पर क्रिकेट बड्डीज ने निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 182 रन का स्कोर बनाया। नूर ने 30 गेंदों पर 6 चौके से 43 रन जबकि सोनू स्वरुप ने 34, फखरुजमां ने 33 व जमाल काजिम ने 31 रन जोड़े।केएससीसी से एसपी यादव, सैफुल, सबीर व मो.शरीफ को 1-1 विकेट मिले। जवाब में केएससीसी ने 18.3 ओवर में 4 विकेट पर 185 रन बनाते हुए जीत अपने नाम की। सलामी बल्लेबाज सैफुल ने 47 गेंदों पर 9 चौके व 7 छक्के से 107 रन की तेज शतकीय पारी खेली। जीत में जीशान अजहर ने 37 व संदीप छाबड़ा ने 18 रन का योगदान दिया। क्रिकेट बड्डीज से इमरान खान, जयदेव बिष्ट, अविनाश श्रीवास्तव व अरविंद मिश्रा को 1-1 विकेट की सफलता मिली।

### यूपी टेबल टेनिसः विवेक कोहली अध्यक्ष, अरुण बनर्जी बने महासचिव



**लखनऊ।** यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन के चुनाव रविवार को लखनऊ में हुए। इसमें विवेक कोहली और अरुण बनर्जी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष और महासचिव चुना गया। यह चुनाव भारत सरकार के राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 (अधिनियम संख्या 25, वर्ष 2025) के प्रावधानों के अनुसार संपन्न हुआ। तनय हजारी ने चुनाव प्रक्रिया में रिटर्निंग ऑफिसर रहे। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से राजीव रतन सिंह संयुक्त सचिव (बिहार) और राज्य सरकार और खेल विभागसे क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ अतुल सिन्हा पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। भूतपूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव पाठक को संघ के चेयरमैन पद पर नामित किया गया। जारी कार्यकारिणी के अनुसार कुमार विनीत व राजेश त्यागी उपाध्यक्ष और राजेश सिंह कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। इसके अलावा सरिता वी गोकरन और सर्वेश कुमार को संयुक्त सचिव बनाया गया।

---

**तीसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया,मैन ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह**

# भारत ने सीरीज में बनाई 2-1 की बढ़त

**एजेंसी। धर्मशाला**

मैन ऑफ द मैच अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा (18 गेंद में 35 रन) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 25 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर 2-1 से बढ़त कायम कर ली। कप्तान एडेन मारक्रम की 46 गेंद में 61 रन की पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 117 रन पर आउट हो गयी।

भारत ने 15.5 ओवर में ही तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक शर्मा ने तीन छक्के और इतने ही चौके लगाने के अलावा और शुभमन गिल (28 रन) के साथे पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 60 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआती दिलाकर जीत की राह आसान कर दी। गिल ने पारी की शुरुआत में कुछ अच्छे शॉट लगाये लेकिन तेजी से रन बनाने के लिए जूझते दिखे। वह हालांकि क्रीज पर कुछ समय बिताने में सफल रहे। तिलक वर्मा (34 गेंद में नाबाद 26) भी तेजी से रन नहीं बना पाये तो वही कप्तान सूर्यकुमार यादव (11 गेंद में 12 रन) एक बार फिर निराश किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिये। दक्षिण अफ्रीका के लिऐ मारक्रम ने छह चौके और दो छक्के जड़े। उनके अलावा डोनोवन फरेरा (20) और एनरिक नोर्किया (12) ने ही दहाई के आंकड़े में रन बनाये।अर्शदीप ने चार ओवर में 13 रन देकर दो जबकि चक्रवर्ती ने इतने ही ओवर में 11 रन देकर दो सफलता हासिल की। राणा ने 34 रन पर दो जबकि कुलदीप ने दो ओवर में 12 रन पर दो विकेट लिये। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे भी एक-एक सफलता हासिल की। लक्ष्य के जवाब में अभिषेक ने पहली गेंद पर ही लुंगी एनगिडी के खिलाफ छक्का जड़ अपने तेवर दिखाए। गिल ने भी एनगिडी और यानसन के खिलाफ चौके लगाने के बाद ओटनील बार्टमैन के ओवर में दो चौके के साथ आत्मविश्वास हासिल किया। अभिषेक ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका जड़ा जिससे भारत ने पांच ओवर में 60 रन बना लिये। कोर्बिन बोश की गेंद पर मारक्रम ने शानदार कैच के साथ अभिषेक की आक्रामक पारी का अंत किया। तिलक वर्मा ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़ हाथ खोले।



## मेस्सी का मुंबई आना भारत के लिए एक सुनहरा पल हैः तेंदुलकर



**मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के मुंबई दौरे को शहर और देश के लिए एक सुनहरा पल बताया। तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 2011 क्रिकेट विश्व कप की जीत की तुलना मेस्सी के दौरे से की जो अपने इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ पहुंचे। तेंदुलकर ने मेस्सी को अपने हस्ताक्षर की हुई 10 नंबर की जर्सी भेंट की। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी ने बदले में एक फुटबॉल भेंट की। मेस्सी दोपहर विश्व कप स्तर की सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुंबई पहुंचे जो उनके चार शहरों के जीओएटी भारत दौरे 2025 का दूसरा दिन था।

तेंदुलकर ने भारत की वनडे विश्व कप जीत का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें उन्होंने बड़ी भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा, मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। जैसा कि हम कहते हैं, मुंबई सपनों का शहर है। और इस जगह पर कई सपने पूरे हुए हैं। और आपके समर्थन के बिना, हम 2011 में इस मैदान पर उन सुनहरे पलों को कभी नहीं देख पाते। उन्होंने कहा, और आज, इन तीन महान हस्तियों का यहां होना वाकई मुंबई, मुंबईवासियों और भारत के लिए एक सुनहरा पल है। जिस तरह से आपने खेल के इन तीनों महान खिलाड़ियों का स्वागत किया है, वह सच में कमाल का है। मेस्सी के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, जहां तक 'लियो' (मेस्सी) की बात है तो अगर मुझे उनके खेल के बारे में बात करनी है तो यह सही मंच नहीं होगा। और आप जानते हैं, उनके बारे में कोई क्या बात करे? उन्होंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हम सच में उनकी लगन, दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा, और सबसे बढ़कर उनकी विनम्रता की, वह जिस तरह के इंसान हैं। और मुंबईवासियों और भारतीयों की ओर से, मैं उन्हें और उनके परिवार को अच्छे स्वास्थ्य और आप सभी को खुशी की शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यहां आने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक बार फिर धन्यवाद। तेंदुलकर ने यह भी उम्मीद जताई कि 'भारत भी उस ऊंचाई तक पहुंचेगा जिसकी हम सभी (फुटबॉल में) ख्वाहिश रखते हैं।



लिवरपूल के मोहम्मद सलाह (बाएं) ब्राइटन के लुईस के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

## लीवरपूल ने ब्राइटन को हराया, आर्सेनल भी जीता

**लीवरपूल।** लीवरपूल ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से लीवरपूल ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने अजेय क्रम को पांच मैच तक पहुंचाया। गत चैंपियन टीम अब अंक तालिका में छठे स्थान पर है।इस मैच के साथ लीवरपूल के मोहम्मद सालाह ने रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी भी की।आर्सेनल ने अंतिम स्थान पर चल रहे वोल्वरहैम्पटन को दो आत्मघाती गोल की बदौलत 2-1 से हराया जबकि चेल्सी ने एवर्टन को 2-0 से शिकस्त दी।बर्नले को फुलहम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो टीम की लगातार सातवीं हार है।

## सासंद खेल महोत्सव : सीएमएस व स्टेला मेरिस फाइनल में

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में चल रही इंटर स्कूल एवं इंटर क्लब फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले रविवार को जय जगत पार्क ग्राउंड, एलडीए कॉलोनी (कानपुर रोड) में खेले गए। इंटर स्कूल टीम के मुकाबले चिरंजीवी भारती एवं सीएमएस कानपुर रोड तथा स्टेला मेरिस एवं एलपीएस वृन्दावन योजना के बीच खेले गए। इन दोनों मुकाबलों में सीएमएस और स्टेला मेरिस टीमों ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। इंटर क्लब टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले लखनऊ सिटी फुटबॉल क्लब एवं हॉकिन्स फुटबॉल क्लब तथा टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब व व्हाइट ईगल फुटबॉल क्लब टीम के बीच खेले गए।

इन मुकाबलों में हॉकिन्स फुटबॉल क्लब और टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब ने फाइनल में जगह पक्की की। इस मुकाबलों का आयोजन विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत किया जा रहा है। लीग के आठवें चरण में आयोजित इस बास्केटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के अंतर्गत इंटर स्कूल तथा इंटर क्लब फुटबॉल, क्रिकेट एवं बास्केटबॉल



चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में इंटर स्कूल श्रेणी की 20 टीमें और इंटर क्लब श्रेणी की 21 टीमें हिस्सा ले रही हैं। विजेता टीम को 50,000 तथा उपविजेता टीम को 25,000 की नगद पुरस्कार राशि दी जाएगी।

गौरतलब है की युवाओं को फिट, एक्टिव रखने उन्हें खेल संसाधन तथा प्लेटफॉर्म दिलाने के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गयी सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग की शुरूआत 4 दिसंबर 2022 को अंडर -19 गर्ल्स बास्केटबाल टूनामेंट के आयोजन के साथ की गयी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की करीब 200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। दूसरे चरण में इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें करीब 3,500 खिलाडियों ने हिस्सा लिया, तीसरे चरण में फुटबॉल टूनामेंट, चौथे चरण में वॉलीबॉल चैंपियनशिप, पांचवे चरण में इंटर मंडल क्रिकेट चैम्पियनशिप और छठे चरण में इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। लीग के सातवें चरण में इंटर स्कूल बॉयज एवं गर्ल्स बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था।

# उन्नति व किरण ने जीता एकल खिताब

**ओडिशा मास्टर्स**

**एजेंसी। कटक**







शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने रविवार को ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्नति ने संयम का परिचय देते हुए हमवतन खिलाड़ी इशारानी बरुआ को महज आधे घंटे में 21-17, 21-10 से हराया।

इस 18 साल की खिलाड़ी ने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और इशारानी को लय हासिल करने का मौका नहीं दिया। इस हार के बावजूद इशारानी ने रजत पदक हासिल कर इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने पुरुष एकल फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ को 65 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-16 से हराया। जॉर्ज ने पहला गेम जीता लेकिन यूसुफ ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया।

जॉर्ज ने इसके बाद जुझारूपन और रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए निर्णायक गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।इंडोनेशिया ने मारवान फाजा और ऐस्याह प्रानाता की जोड़ी ने हमवतन देजान फर्डिनेंस्याह और बर्नाडाइन वार्डाना को 21-15, 21-10 से हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। महिला युगल के खिताबी मुकाबले में बुल्गारिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा ने मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन टिंग को 21-19, 21-14 से मात दी। पुरुष युगल का खिताब इंडोनेशिया के अली फाथिर रेहान और डेविन अर्था वाहिदी ने जीता। इस जोड़ी ने मलेशिया के खंग खाई जिंग और आरोन ताई को 15-21, 21-12, 21-16 से मात दी।

## इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व एलएसजेए एकादश की दूसरी जीत, टाइम्स की जीत से शुरूआत

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

❖ एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल)

पिछली विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश और एलएसजेए एकादश ने एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) 2025 मे रविवार को लगातार दूसरी जीत दर्ज की।लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में आयोजित लीग के दूसरे दिन टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी जीत से अपना अभियान शुरू किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर पिछली उपविजेता टाइम्स ऑफ इंडिया ने मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश को नौ विकेट से शिकस्त दी। मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 109 रन बनाए। टाइम्स से ऋषि सिंह सेंगर ने तीन विकेट लिए। जवाब में टाइम्स ऑफ इंडिया ने 13 ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अब्बास रिजवी ने नाबाद 42 रन बनाए जबकि मैन ऑफ द मैच देवेश पाण्डेय ने नाबाद 53 रन बनाते हुए अर्धशतक ठोंका। मैन ऑफ द मैच देवेश पाण्डेय बने। दूसरे मैच में एलएसजेए एकादश ने विमल पाण्डेय (64) के अर्धशतक से कम्बाइंड मीडिया एकादश को 101 रन से हराया। एलएसजेए एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 163 रन बनाए। कम्बाइंड मीडिया से आशुतोष यादव, विश्वदेव राव व नितिन अवस्थी को 2-2 विकेट मिले। जवाब में कम्बाइंड मीडिया की टीम 13.3 ओवर में 62 रन ही बना सकी। एलएसजेए से नदीम खान को चार व दानिश अतीक को 2 विकेट लिए। विमल पाण्डेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौक स्टेडियम पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश ने दैनिक जागरण को आठ रन से हराया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 160 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच मयूर शुक्ला (56 रन) व मार्तण्ड (54 रन) ने टीम को मजबूत शुरूआत दी। जवाब में दैनिक जागरण निर्धारित ओवर में 4 विकेट पर 152 रन ही बना सका। सलामी बल्लेबाज श्यामू ने 84 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। फिर अंकुर दीक्षित ने 34 रन जोड़े।इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से गणेश को दो विकेट की सफलता मिली।

## राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स : चार स्वर्ण जीत तमिलनाडु शीर्ष पर,दिल्ली दूसरे स्थान पर

**पायनियर संवाददाता। लखनऊ**

माध्यमिक शिक्षा विभाग की देखरेख में आयोजित की जा रही 69वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता (अंडर-17, बालक एवं बालिका) में तमिलनाडु के खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार है। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन तमिलनाडु के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक जीते और अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचे। एक स्वर्ण के साथ दिल्ली दूसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश की पृच्छा पटेल ने रजत और मो. सैफ ने कांस्य पदक जीतकर मेजबान टीम का खाता खोला।

मुख्य अतिथि के विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा उमेश चन्द, अर्जुन पुरस्कार गुलाब चन्द और ओलम्पियन एवं पुलिस अधिकारी जटाशंकर मिश्र उपस्थित रहे। गुलाबचन्द ने कहा कि अभ्यास में किसी तरह की कोताही न करें। खिलाड़ी में हमेशा जोश, जब्जा और जुनून रहना चाहिए। ये पदक जीतने के लिए प्रेरित करते हैं। विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा उमेश चन्द ने सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि नाडा एवं वाडा की टीमें आज प्रतियोगिता स्थल पर पहुंच गई। टीम ने आज लगभग 200 खिलाड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। समारोह में उप शिक्षा निदेशक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ रेखा दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी एवं प्रचार्य गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्टस कालेज अतुल सिन्हा मौजूद रहे।

# यशस्वी व रेड्डी के शतक से मुंबई व आंध्र जीता

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

**एजेंसी । अम्बी (पुणे)**

टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की।जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी।

मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जायसवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपये का चैक लेने के लिए




अपने साथ सरफराज को भी बुलाया। इससे पहले हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार (42 गेंद में 89 रन) और प्रतिभावान ऑलराउंडर निशांत सिंधू (38 गेंद में 63 रन) ने सिर्फ 8.1 ओवर में 110 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में तीन विकेट पर 234 रन तक पहुंचाया।मुंबई के लिए अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने 10 गेंद में 21 रन बनाए।हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने 125 से 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की जिससे मुंबई के बल्लेबाजों के लिए सपाट पिच पर रन बनाना आसान हो गया। जायसवाल ने पुल और रैंप शॉट खेले। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके मारे। सरफराज ने भी सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक के साथ आईपीएल नीलामी के लिए अपना दावा मजबूत किया। राष्ट्रीय टीम में शामिल शुभमन गिल की शीर्ष क्रम में फॉर्म काफी प्रभावशाली नहीं है और ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजरें जायसवाल पर रहेंगी।अनुभवी तन्मय अग्रवाल और राहुल बुद्धि की अर्धशतकीय पारियों और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के दो विकेट से हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराकर सुपर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

### आंध्र ने पंजाब पर रोमांचक जीत दर्ज की

युवा बल्लेबाज हेमंत रेड्डी ने रविवार को यहां शानदार गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए नाबाद 109 रन की पारी खेली जिससे आंध्र ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ए मैच में पंजाब पर पांच विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। रेड्डी अपने करियर का सिर्फ दूसरा मुश्ताक अली ट्रॉफी का मैच खेल रहे थे। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र का पूरा शीर्ष क्रम और मध्य क्रम चरमरा गया जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 56 रन हो गया लेकिन 23 वर्षीय रेड्डी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 53 गेंद में 11 चौके और सात छक्के जड़ित शतकीय पारी खेली। इससे आंध्र ने पांच विकेट पर 211 रन बनाकर मैच की आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार (तीन विकेट) ने आंध्र के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं।




# OpenAI ने लॉन्च किया जीपीटी-5.2: स्मार्ट और ज्यादा पावरफुल एआई मॉडल

दुनिया की सबसे बड़ी एआई कंपनियों में से एक OpenAI ने अपने नेक्स्ट जेनरेशन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल GPT-5.2 को लॉन्च कर दिया है। यह अपग्रेड दिखाता है कि कंपनी अब सिर्फ बेहतर चैटिंग एक्सपीरियंस तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि अक को सीधे उन कामों का हिस्सा बनाना चाहती है जिनका सीधा असर बिजनेस, ऑफिस और प्रोफेशनल टास्क पर पड़ता है। यह नया मॉडल अपने पुराने वर्जन से ना सिर्फ ज्यादा तेज है, बल्कि मुश्किल टास्क आसानी से कर सकता है।

अपडेट की सबसे खास बात यह है कि जीपीटी-5.2 को रियल-वर्ल्ड और प्रैक्टिकल टास्क में ज्यादा बेहतर बनाया गया है। चाहे कोई कंपनी सेल्स डेक तैयार कर रही हो, अस्पताल शेड्यूल प्लान कर रहे हों या किसी ऑफिस में तैयारी की जरूरत वाले डॉक्युमेंट बनवाने हों, यह मॉडल इन सभी कामों को पहले की तुलना में ज्यादा भरोसेमंद तरीके से संभाल लेता है। कई इंटरनल टेस्ट में इसकी क्षमता ने कॉम्पिटीशन को पीछे छोड़ा है, जिससे साफ होता है कि OpenAI इस बार एआई रेस में अग्रेसिव स्ट्रेटजी अपनाए हुए है।

शुरूआत में जीपीटी-5.2 को कई फेज में रोलआउट किया जा रहा है और इसका पहला एक्सेस पेड यूजर्स को दिया जा रहा है। ChatGPT Go, Plus, Pro, Business और Enterprise सब्सक्राइबर्स को यह अपडेट पहले मिलेगा, जबकि फ्री और ईडू अकाउंट्स को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। खास बात यह भी है कि पेड यूजर्स को तीन महीनों तक जीपीटी-5.1 का एक्सेस भी मिलता रहेगा, इसके बाद उसे हटाया जाएगा। कंपनी के सीईओ ने मॉडल कार्ड जारी कर बताया कि जीपीटी-5.2 ने कई बेंचमार्क में गूगल के Gemini 3 Pro को पीछे छोड़ा है।

**इन नए फीचर्स के चलते खास है मॉडलः** नई क्षमताओं की बात करें तो जीपीटी-5.2 को लंबी चैट, बड़े डॉक्यूमेंट और मल्टी-स्टेप वर्कफ्लो को पहले की तुलना में कहीं ज्यादा स्मार्ट तरीके से समझने के लिए ऑप्टिमाइज किया गया है। पुराने मॉडल जहां बड़े टेक्स्ट में महत्वपूर्ण जानकारी मिस कर देते थे, वहीं नया वर्जन पूरे रिफरेंस को ध्यान में रखकर सही जवाब देता है। इसके जीरो-शॉट स्किल में भी सुधार किया गया है, यानी कम समझाने पर भी मॉडल सही दिशा में काम कर पाता है। खास बात यह है कि यह अब कैलेंडर, स्प्रेडशीट, कोड रनर जैसे बाहरी टूल खुद ही ऑपरेट कर पाता है, जिससे कई काम अपनेआप और तुरंत पूरे हो जाते हैं। विजन सेक्शन को भी इस बार मजबूत किया गया है। जीपीटी-5.2 अब प्रोडक्ट स्क्रीनशॉट, टेक्निकल डायग्राम, डैशबोर्ड और विजुअल रिपोर्ट्स को ज्यादा गहराई से समझ सकता है। इसके जवाब ना सिर्फ ज्यादा ऑर्गनाइज्ड लगते हैं, बल्कि बातचीत का टोन भी ज्यादा नैचुरल और यूजर-फ्रेंड्ली हो गया है। डिवलपर्स के लिए एक बड़ा फायदा यह है कि मॉडल अब एक API के रूप में भी उपलब्ध है, जिसका उपयोग करके कंपनियां अपने टूल्स और ऐप्लिकेशन्स में इसे इंटीग्रेट कर सकती हैं।

**इतनी रखी गई है प्लान की कीमतः** कीमत की बात करें तो जीपीटी-5.2 का बेस मॉडल 1.75 डॉलर प्रति मिलियन इनपुट टोकन और 14 डॉलर प्रति मिलियन आउटपुट टोकन में उपलब्ध है। वहीं प्रो मॉडल उन प्रोफेशनल यूजर्स के लिए है जिन्हें हाई-कैपेसिटी और प्रीमियम आउटपुट की जरूरत होती है। इसकी कीमत 15 डॉलर इनपुट और 168 डॉलर आउटपुट प्रति मिलियन टोकन तय की गई है।

# सावधान! यूपीआई से होते हैं ज्यादातर फ्रॉड

**डिजिटल भुगतान के जमाने में यूपीआई ने पैसों का लेन-देन को बेहद आसान बना दिया है। अब पैसे ट्रांसफर करना, बिल भरना या ऑनलाइन शॉपिंग करना सिर्फ कुछ टैप्स की दूरी पर है। लेकिन जितनी आसान ये सेवा है, उतना ही इसे फ्रॉड और धोखाधड़ी का शिकार बनना भी आसान है खासकर जब पूरा परिवार एक ही खाता या ऐप उपयोग करता हो। हालिया रिपोर्ट बताती है कि कई केस में साइबर ठग स्क्रीन-शेयरिंग ऐप्स, नकली रिफंड लिंक, हूबहू दिखने वाले कस्टमर-केयर नंबर और सबसे आम 'Collect Request' के बहाने फ्रॉड करते हैं। इसलिए अब सिर्फ ऐप डाउनलोड करना या पैसे भेजना ही नहीं, बल्कि स्मार्ट और सतर्क तरीके से यूपीआई का उपयोग करना जरूरी हो गया है। अगर आप, आपके माता-पिता, दादा-दादी या बच्चे यूपीआई इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ सरल लेकिन असरदार आदतें अपनाकर आपने अपने और अपने परिवार के पैसे को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए जानें वो कौन-कौन से उपाय हैं जो हर घर में होने चाहिये।**






## यूपीआई फ्रॉड के खतरे से कैसे बचें

धोखेबाज 'Collect' रिक्वेस्ट भेजकर पैसा खाली करवाते हैं। बहुत बार लोग बिना सोच-समझे मंजूर कर देते हैं। इसके साथ ही फेक दफ कोड लगाकर जिसे स्कैन करते ही पैसा पास हो जाता है।

नकली यूपीआई/बैंक ऐप्स या फर्जी वेबसाइट्स जो असली ऐप्स जैसा दिख कर आपके क्रेडेंशियल्स चुराते हैं। ओटीपी/यूपीआई/पिन शेयर करना कभी बैंक या ऐप असली जानकारी नहीं पूछते, लेकिन फ्रॉड्स ऐसा करके पैसे निकाल लेते हैं।

## यूपीआई इस्तेमाल करते समय इन बातों का ध्यान रखें

**1. परिवार में साफ-साफ नियम बनाएंः** घर के सभी सदस्यों (बच्चे, बुजुर्ग, कम-तकनीकी लोग) से तय करें कि कभी भी 'Collect' रिक्वेस्ट न मंजूर करें। ओटीपी, यूपीआई, पिन बैंक डिटेल्स किसी से साझा न करें भले आदमी ही क्यों न कह रहा हो। बड़े ट्रांजैक्शन के लिए पहले पूछताछ या फोन पर पुष्टि की आदत डालें।

**2. खाते व ऐप की सुरक्षा बढ़ाएंः** यूपीआई-लिंक खाता हमेशा कम बैलेंस वाला रखें, ताकि गलती से ज्यादा नुकसान न हो। बैंक या ऐप में उपलब्ध ट्रांजैक्शन लिमिट्स सेट करें। अपने फोन को बायोमेट्रिक लॉक दीजिए और यूपीआई ऐप में पिन / फिंगरप्रिंट लॉक चालू रखें।

**3. ट्रांजैक्शन करते समय सावधानी अपनाएंः** भले ही जल्दी हो नाम, यूपीआई, आईडी, क्यूआर कोड को ध्यान से चेक करें। स्पेलिंग, लोगो, डिजाइन सब मिलकर देख लें। सार्वजनिक वाई-फाई पर पेमेंट न करें। हमेशा सुरक्षित नेटवर्क या मोबाइल डेटा का इस्तेमाल करें। किसी भी ऑफर, कैशबैक या रिफंड लिंक पर क्लिक करते समय सावधान रहें। अगर ऑफर ज्यादा अच्छा लगे उसे दोबारा सोचें।

**4. ऐप्स और डिवाइस की सुरक्षाः** यूपीआई या बैंक ऐप केवल ऑफिशियल Google Play Store या ऐप स्टोर से डाउनलोड करें। फर्जी लिंक या रटर से बचें। फोन में एंटी-वायरस और सिक्योरिटी अपडेट्स हमेशा रखें। ट्रांजैक्शन अलर्ट, रटर / नोटिफिकेशन डठ रखें जिससे लेन-देन पर नजर बनी रहे।

**5. फ्रॉड हुआ तो तुरंत करें ये कामः** अगर आपको लगता है कि आपका खाता या यूपीआई ऐप से फ्रॉड हुआ हैः तुरंत बैंक या यूपीआई ऐप कस्टमर-केयर को कॉल करें व अकाउंट ब्लॉक करें। नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल (cybercrime.gov.in) या लोकल पुलिस में शिकायत दर्ज करें। सभी स्क्रीनशॉट, मैसेज, ट्रांजैक्शन क्ऊसुरक्षित रखें ये रिफंड या कानूनी कार्रवाई में मदद करेंगे।

# केवल दो मिनट में ऐसे बढ़ाए अपने स्मार्ट फोन की स्पीड



स्मार्ट फोन की धीमी गति के कारण यदि आप भी परेशान हैं तो आप ये आसान टिप्स अपनाकर उसकी गति तेज कर सकते हैं।

- फोन में अगर ढेरों एप्लीकेशन हैं तो पहला काम यह करें कि जिन एप्लीकेशंस का प्रयोग आप नहीं करते हैं उन्हें तुरंत हटा दें। इससे आपके स्मार्ट फोन की स्पीड तेज हो जाएगी।
- जिस भी ऐप का आप सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं उसके कैश को नियमित रूप से डिलीट करते रहें। कैश को हटाने के लिए सबसे पहले सेटिंग्स-एप्स में जाएं। यहां उस ऐप पर क्लिक करें जिसके कैश को क्लियर करना है। क्लिक करने के बाद आपको 'क्लियर कैश' विकल्प पर क्लिक करना है।
- कैश क्लीन करने के अतिरिक्त स्मार्टफोन में केवल उन्हीं ऐप्स को जगह दें जो आपके काम की हैं। यदि आपके फोन की भी इनबिल्ट स्टोरेज कम है तो सबसे अच्छा विकल्प है कि इंटरनल स्टोरेज में मौजूद तस्वीरें, म्यूजिक और वीडियो फाइल को माइक्रोएसडी कार्ड में मूव कर दें।
- आपको सेटिंग्स को देखना चाहिए कि कंपनी द्वारा आपके फोन को सॉफ्टवेयर अपडेट तो नहीं मिला है। जांच के लिए सेटिंग्स-सिस्टम-अबाउट-सॉफ्टवेर अपडेट में जाएं। यदि कोई सॉफ्टवेयर अपडेट मिलता है तो फोन को अपडेट करने से पहले बैकअप जरूर लें।

# ब्रह्मांड में मिली फूलों की माला

अमेरिका के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने ब्रह्मांड के शुरूआती दिनों की सबसे हैरान करने वाली तस्वीर भेजी है। वैज्ञानिकों ने इसे नाम दिया है कॉस्मिक वाइन (ब्रह्मांडीय लता)। यह एक चमकदार, धनुष जैसी आकृति वाली विशाल संरचना है जिसमें कम से कम 20 नई-नवेली गैलेक्सियां एक के बाद एक जुड़ी हुई हैं। पूरी चेन की लंबाई 130 लाख प्रकाश-वर्ष से भी ज्यादा है। यह तस्वीर उस समय की है जब बिग बैंग के सिर्फ 1.8 अरब साल ही बीते थे, यानी ब्रह्मांड तब बच्चा ही था। उस समय को लेकर वैज्ञानिकों की पुरानी थ्योरी के मुताबिक इतनी बड़ी और व्यवस्थित संरचना बन ही नहीं सकती थी।



**क्या खास है इस लता में?**

- हर गैलेक्सी में तेजी से नए तारे बन रहे हैं।
- कुछ गैलेक्सियां इतनी जल्दी बड़ी हो गईं कि उनकी गैस खत्म हो गई और वे शांत हो गईं।
- यह ब्रह्मांड का सबसे पुराना और सबसे लंबा हाईवे है जिस पर पदार्थ बहकर बड़े ढांचे बनाता था।
- ये सारी गैलेक्सियां एक पतली कॉस्मिक फिलामेंट (ब्रह्मांडीय धागे) पर जुड़ी हैं। आज हम जो विशाल गैलेक्सी क्लस्टर देखते हैं, वे इन्हीं धागों पर बने हैं।

वैज्ञानिकों की मौजूदा थ्योरी कहती है कि इतने कम समय में इतनी बड़ी संरचना नहीं बन सकती। इसका मतलब... गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) ने सोच से कहीं तेजी से पदार्थ इकट्ठा किया। हमें ब्रह्मांड के जन्म और बढ़ने की पूरी कहानी फिर से लिखनी पड़ेगी। डार्क मैटर का जाल (जो ब्रह्मांड की हड्डी की तरह काम करता है) बहुत जल्दी बन गया था। यह इन्फ्रारेड किरणों में ली गई तस्वीर है जो 1100 करोड़ साल से ज्यादा यात्रा करके हमारे पास पहुंची है। जेम्स वेब टेलीस्कोप ही इन्फ्रारेड में इतनी दूर और साफ तस्वीर ले सकता है।

एक शोधकर्ता ने कहा कि यह तस्वीर ब्रह्मांड की सबसे खूबसूरत और सबसे चुनौतीपूर्ण खोजों में से एक है। जेम्स वेब बार-बार साबित कर रहा है कि ब्रह्मांड हमारी कल्पना से कहीं बड़ा, तेज और हैरान करने वाला है। कॉस्मिक वाइन ने साबित कर दिया कि ब्रह्मांड अपनी जवानी में ही बहुत तेजी से बड़ा और समझदार हो गया था।

# विक्रम-1 से अंतरिक्ष में भारत का दबदबा

स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के निजी अंतरिक्ष उड़ान इतिहास में एक ऐतिहासिक पल के लिए तैयार है क्योंकि उनका विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुका है। हैदराबाद की यह नई कंपनी पहली भारतीय निजी कंपनी बनने जा रही है जो खुद के बनाए रॉकेट को कक्षा में स्थापित करेगी। यह देश के नए नीजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। कंपनी के सह-संस्थापक भरत डाका ने बताया कि विक्रम-1 रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंचा दिया गया है। वहां अभी उसे जोड़ने और एकीकरण का काम चल रहा है।

**जारी हैं लॉन्च की तैयारियांः** विक्रम-1 एक चार-चरणों वाला रॉकेट है जिसे खास तौर पर छोटे सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के बढ़ते बाजार की जरूरतें पूरी करने के लिए बनाया गया है। इस रॉकेट में ठोस ईंधन वाले चरण हैं जिन्हें एडवांस्ड मार्गदर्शन और कंट्रोल सिस्टम के साथ जोड़ा गया है। अब जब लॉन्च पैड पर रॉकेट का सारा हार्डवेयर तैयार है तो स्काईरूट की कंट्रोल टीम भी पूरी तरह से काम कर रही है।



**तैयारी में जुटे हैं इंजीनियर्सः** कंट्रोल टीम रॉकेट के सॉफ्टवेयर, संचार लिंक और उड़ान के दौरान असली समय की निगरानी करने वाले उपकरणों की जांच में लगे हुए हैं क्योंकि अब तेजी से उलटी गिनती शुरू होने वाली है। साथ ही इंजीनियर सिमुलेशन और रिहर्सल कर रहे हैं कि जमीन पर लगी मशीनें रॉकेट के प्रदर्शन को लॉन्च होने से लेकर उसके स्टेज अलग होने तक ठीक से ट्रैक कर सकें। स्काईरूट का लक्ष्य है कि अगले 2 महीनों के अंदर वह विक्रम-कको उसकी पहली अंतरिक्ष उड़ान पर भेजें। यह लॉन्च श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के लॉन्च पैड का इस्तेमाल करके किया जाएगा। स्काईरूट कंपनी जिसने हाल ही में 2,00,000 वर्ग फुट में बने इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया है और पहली कोशिश में ही रॉकेट को कक्षा में पहुंचाना चाहती है।

# लैपटॉप की लाइफ बढ़ाने के लिए 10 आसान टिप्स

अगर आपने नया लैपटॉप खरीदा है और आप चाहते हैं कि वह लंबे समय तक अच्छे से काम करता रहे, तो आपको उसकी देख-रेख ठीक ढंग से करनी होगी। यह ठीक है कि शुरू के 1 या 2 साल तक लैपटॉप पर कंपनी वारंटी देती है और इस दौरान यदि उसमें कोई मैनुफैक्चरिंग डिफेक्ट आ जाए, तो कंपनी उसे ठीक भी कर देती है, पर उसके बाद भी आपका डिवाइस ठीक काम करता रहे, साफ सुधरा रहे, टूट-फूट से बचा रहे, यह सिर्फ आपके हाथ में है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं 10 ऐसी आसान टिप्स, जिनसे आप अपने लैपटॉप की लाइफ को बढ़ा सकते हैं।

**● टैग लगाकर रखें**

गुम होने से बचाने के लिए लैपटॉप पर मार्कर से नाम और कॉन्टैक्ट नंबर लिख दें। ये जानकारी आप लैपटॉप के पीछे, डीवीडी ड्राइव के अंदर, पावर कॉर्ड, कीबोर्ड पर लिख सकते हैं। अपनी कॉन्टैक्ट डिटेल्स के साथ लैपटॉप बैग पर लगेज टैग लगाकर रखें, ताकि गुम होने पर आपको संपर्क किया जा सके। इससे एक फायदा और है कि किसी मीटिंग में एक जैसे कई लैपटॉप होने पर भी आप अपने लैपटॉप की पहचान आसानी से कर सकते है।

**● लैपटॉप की केयर करें**

लैपटॉप पर खाने-पीने के गंदे हाथ न लगाएं। चाय, कॉफी या पानी जैसी चीजें गिरने से सर्किट शॉर्ट हो सकता है। हमेशा ध्यान रखें लैपटॉप के पास कोई भी इलैक्ट्रिक डिवाइस न रखें, क्योंकि उसमें से मैग्नेटिक फील्ड जनरेट होती है जो आपके लैपटॉप को नुकसान पहुंचाती है।

**● स्क्रीन का रखें ख्याल**

कई बार काम करते वक्त पेन की-बोर्ड पर रखकर भूल जाने से लैपटॉप के स्क्रीन को नुकसान पहुंचता है। क्योंकि अगर ऐसे में की-बोर्ड बंद कर दिया जाए तो स्क्रीन खराब हो जाएगी। की-बोर्ड बंद करने से पहले हमेशा ध्यान दें कि इसके ऊपर कुछ न रखा हो।

**● लैपटॉप बैग करता है टूट-फूट से सुरक्षा**

किसी भी सफर के दौरान लैपटॉप को एक अच्छी क्वालिटी के बैग में रखें। लैपटॉप जरा-सी ठोकर से भी टूट-फूट सकता है और लापटॉप की डेटा केबल, चार्जर और अन्य चीजें हमेशा बैग की अलग पॉकेट में रखें।



**● लैपटॉप को रखें साफ-सुथरा**

लैपटॉप के स्क्रीन को हमेशा सॉफ्ट कपड़े से साफ करें। इसके लिए कभी भी विंडो क्लीनर का इस्तेमाल न करें। सफाई के लिए ड्रायर का इस्तेमाल किया जा सकता है। साफ करते वक्त सिर्फ उन कवर को हटाएं, जो आसानी से हटाएं जा सकते हैं।

**● यूएसबी और चार्जर केबल को सीधा रखें**

कई बार लोग लैपटॉप इस्तेमाल करने के बाद वायर्स को सीधा नहीं करते। उन्हें उलझा ही रहने देते है। ऐसे में वायर गर्म होती रहती है जिससे शॉर्ट होने के चांसेस बढ़ जाते हैं। लैपटॉप में पावर केबल लगाने के बाद ही पावर स्विच ऑन करें। कभी भी बिना स्विच को ऑफ किए प्लग न निकालें।

**● डीवीडी ड्राइव**

लैपटॉप का डीवीडी ड्राइवर ध्यान से इस्तेमाल करें। एक जैसी डिस्क में कई बार लोग कंफ्यूज हो जाते है और उल्टी डिस्क लगा देते हैं। इसके कारण डीवीडी ड्राइव का लैंस खराब हो जाता है। ड्राइव में कभी भी टूटी या ज्यादा स्क्रैच वाली डिस्क का इस्तेमाल न करें।

**● बैट्री की लाइफ बढ़ाएं**

बैट्री की लाइफ बढ़ाने के लिए लैपटॉप चार्ज करने के बाद बैट्री को अलग रख दें अगर काम न करना हो तो। इसमें ऑटोलॉक सिस्टम होता है। जब भी काम करना हो उसे लगा लें।

**● सॉफ्टवेयर्स**

लैपटॉप में हमेशा जरूरत अनुसार सॉफ्टवेटर्स रखें। सारे सॉफ्टवेयर्स ट्रस्टेड होने चाहिए और सिस्टम में हमेशा एक अच्छा एंटीवायरस होनी चाहिए ताकि पेन-ड्राइव या दूसरे सोर्स से आने वाले वायरस से प्रोटेक्ट किया जा सके। अपने डेटा को बचाने के लिए बैकअप जरूर रखें।

**● मैंटेनेंस**

लैपटॉप का लगातार इस्तेमाल करते रहने पर इसमें जंक फाइल और रजिस्ट्री में छोटी-मोटी फाइलें आ जाती हैं, जिसके कारण स्पीड स्लो हो जाती है। इससे निपटने के लिए महीने में एक बार डिस्क क्लीनअप और क्मतिंहउमदज जैसे टूल्स का इस्तेमाल जरूर करें। ये दोनों टूल्स विंडोज में मौजूद होते हैं। इन्हें स्टार्ट-प्रोग्राम-एक्सेसरीज पर जाकर ओपन किया जा सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्टियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन : 0522-4036600) से प्रकाशित। **प्रधान सम्पादकः डॉ. देवेन्द्र सिंह।** पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।